डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 02 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-254, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com






सेंसेक्स
79,476.19 +443.46

डॉलर
83.434 +0.069

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,570
01 किलो 89,470


## लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा

# राहुल के भगवान शिव का चित्र दिखाने और हिंदुओं को हिंसक बताने पर बवाल

- जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे लोग चौबीसों घंटे हिंसा करते हैं
- पीएम ने हस्तक्षेप करते हुए कहा पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गंभीर मुद्दा
- राहुल अपनी बातों को सत्यापित करें, अध्यक्ष ने कहा वे बयान सत्यापित करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संसद के पहले सत्र के छठे दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर अपना पहला भाषण दिया। पौने दो घंटे लंबे भाषण में उन्होंने आक्रामक ढंग से सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। उन्होंने अग्निवीर, किसान और नीट का मुद्दा उठाया। हालांकि सत्तापक्ष की ओर से उनके बयानों की सत्यता पर आपत्तियां जताई गईं और कहा गया कि राहुल को अपनी बातों को सत्यापित करना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वे उनके बयानों का सत्यापन करेंगे। सदन की कार्यवाही तब अधिक आक्रामक हो गई जब राहुल गांधी ने भगवान शिव की तस्वीर सदन में दिखाई। उन्होंने भगवान शिव की अभयमुद्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वह संदेश देते हैं कि डरो और डराओ मत। वह ऐसा संदेश देते हैं, जबकि खुद को हिंदू कहने वाले लोग पूरे दिन हिंसा-हिंसा करते हैं। इसके बाद उन्होंने विभिन्न धर्मगुरुओं की भी तस्वीर दिखाई। साथ ही उन्होंने सिख, ईसाई, इस्लाम और बुद्ध जैसे विभिन्न धर्मों का हवाला देते हुए कहा कि, सभी धर्मों से हमें यह सीख मिलती है कि डरो मत, डराओ मत। राहुल ने कहा कि खुद को हिन्दू कहने वाले असल में हिन्दू नहीं हैं। खुद को हिन्दू कहने वाले सत्य और अहिंसा का पालन नहीं करते हैं। जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए खड़े होकर इसका विरोध किया और कहा पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना बड़ा गंभीर मुद्दा है। इसपर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शोर-शराबा करके शेष पृष्ठ 11 पर



### टकराव के अन्य बिंदु

- राहुल गांधी ने कहा कि, भगवान शिव की तस्वीर के जरिए मैं कुछ बताना चाहता हूं। राहुल गांधी ने कहा कि, शिवजी से हमें कभी न डरने की शक्ति मिलती है, शिवजी से हमें सत्य से कभी पीछे न हटने की प्रेरणा मिलती है। इसपर स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि, यह नियमों के अनुकूल नहीं है।
- राहुल गांधी ने लोकसभा में स्पीच के दौरान भगवान शिव, गुरु नानक, स्वास्तिक, दुआ मांगते हाथ और जीसस क्राइस्ट की फोटो दिखाईं। कहा, भगवान शिव की तरह कांग्रेस पार्टी भी अभय मुद्रा में है। मुस्लिम, सिख धर्म में भी अभय मुद्रा दिखाई देती है।
- राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदीजी अयोध्या के लोगों को छोड़ो, बीजेपी वालों को डराते हैं। राजनाथ और गडकरी इनके सामने नमस्ते तक नहीं करते। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने राहुल से कहा, आप नीतियों पर बोलिए। किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप करना उचित है क्या।

### राहुल के भाषण के विवादित बिंदू और सत्ता पक्ष का जवाब

**सवाल :** राहुल ने अग्निवीर का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार शहीद अग्निवीरों को मुआवजा नहीं दे रही।

**जवाब :** इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सेवा के दौरान अग्निवीर की मौत होने पर उसके परिजनों को एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं।

**सवाल :** राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना प्रधानमंत्री की सोच से बनी योजना है।

**जवाब :** राजनाथ ने इसका भी खंडन किया और कहा कि अग्निवीर योजना विभिन्न संस्थानों से बातचीत के बाद लायी गई है और दुनिया के कई देशों में चल रही है।

**सवाल :** राहुल गांधी ने मणिपुर का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री अब तक मणिपुर नहीं गए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। किसानों को आतंकवादी कहा गया, उनका कर्जा माफ नहीं किया जाता और उन्हें एमएसपी नहीं दी जाती।

**जवाब :** इस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सरकार लगातार एमएसपी दे रही है और पिछली कांग्रेस सरकारों से ज्यादा दे रही है।

**सवाल :** राहुल गांधी ने परीक्षा पत्रों के लीक होने के मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार ने प्रोफेशनल एग्जाम को कमर्शियल एग्जाम में बदल दिया है। सात साल में सत्तर बार परीक्षापत्र लीक हुआ है। हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं ताकि देश के युवाओं को संदेश जाए, लेकिन सरकार चर्चा नहीं कराना चाहती।

**जवाब :** लोकसभा अध्यक्ष ने पहले ही कह दिया था राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कोई और विषय नहीं उठाया जा सकता। ऐसा संविधान की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने दूसरी बार हस्तक्षेप किया और तंज कसते हुए कहा कि संविधान उन्हें कहता है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### प्रो. राम कुमार सिंह होंगे बीबीएमकेयू के नए कुलपति



**रांची।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर साइंस के प्रोफेसर डॉ. राम कुमार सिंह को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) का कुलपति नियुक्त किया गया है। इसकी घोषणा राजभवन ने कर दी है। मालूम हो कि राज भवन ने सुखदेव भाई को बीबीएमकेयू की कुलपति पद से बर्खास्त कर दिया था। जिसके बाद प्रति कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार को कुलपति का चार्ज दिया गया था, अब विश्वविद्यालय को पूर्ण कालिक कुलपति मिल गया।

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चयन समिति गठित

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

## आज | कल




# संवैधानिक संस्थानों में रिक्त पदों के मामले में कछुए की चाल से क्यों चल रही राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक कहा कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था। इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें। राजकुमार की अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि वर्ष 2020 में हाई कोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी।

### नीट का नया रिजल्ट जारी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट (यूजी) 2024 का नया रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी एनटीए की वेबसाइट पर दिये गये लिंक (https://exams.nta.ac.in/NEET/) पर रिजल्ट देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों की सुनवाई के दौरान एनटीए ने 13 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि वह नीट (यूजी) में 1,563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर देगी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि जिन छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द किये गये हैं उनके पास दोबारा परीक्षा देने या अपने मूल प्राप्तांक से संतोष करने का विकल्प होगा। कुल 813 छात्रों ने 23 जून को दोबारा परीक्षा दी थी। एनटीए ने बताया कि 28 जून को उनके आंसर जारी किये गये और उन पर चुनौतियां आमंत्रित की गईं। इसके बाद विशेषज्ञों ने अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया है जिसे अब जारी कर दिया गया है। नीट (यूजी) में शामिल सभी छात्रों के परीक्षा परिणाम दोबारा जारी किये गये हैं। परिणामों में गड़बड़ी के अलावा नीट (यूजी) 2024 के पेपर लीक होने के भी आरोप हैं। विभिन्न राज्यों की पुलिस के अलावा सीबीआई भी इसकी जांच कर रही है।

# लातेहार में चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी बीतन लोहरा, गुड्डू लोहरा, लखन लोहरा और बरवाडीह थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। इनके पास से पुलिस ने दो देसी बंदूक और आठ गोली समेत अन्य सामग्री बरामद किया है। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रविवार की रात लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर की ओर आ रहे हैं। एसपी के निर्देश पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम बनाकर छिपादोहर थाना क्षेत्र के बाघटोला के पास नाका लगाकर छापेमारी आरंभ की। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर पांच लोग संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। उनके पास से दो देसी बंदूक और आठ गोली बरामद हुई। इसके बाद सभी नक्सलियों शेष पृष्ठ 11 पर

## इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है : हेमंत सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने अपने ट्वीट पर लिखा है। इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है, तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है, मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे,चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे।

## इंडिया

# नए भारतीय कानूनों की सराहना भी आलोचना भी


सुनील बादल

**भारतीय** न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन नए आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। कानून के क्षेत्र में ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता के बारे में एक बहस छिड़ गई है। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री और कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने एक इंटरव्यू में कहा, 'जिस तरह से सरकार ने इन कानूनों को संसद में लाने के लिए जल्दबाजी की और जिस तरह से इसे लागू किया, वह लोकतंत्र में वांछनीय नहीं है। 'फिडेलीगल एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर के एडवोकेट सुमित गहलोत ने कहा, 'नए आपराधिक कानूनों में, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को बिना किसी जांच और संतुलन के असीमित अधिकार दिए गए हैं। सुरक्षा उपायों और सुरक्षा प्रावधानों को नजरअंदाज किया गया है, जिसका दुरुपयोग होने की संभावना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, नागरिक स्वतंत्रता का उल्लंघन हो सकता है।''बीएनएस की धारा 150 के तहत राजद्रोह कानून की तरह, इस अपराध को भी कठोर बना दिया गया है। धारा 150 को निश्चित रूप से चुनौती दी जाएगी, साथ ही अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप संवैधानिक न्यायालयों द्वारा इसे खारिज कर दिया जाएगा। राजद्रोह कानून को ऐसे शामिल करने का उद्देश्य राजनीतिक कारण प्रतीत होता है। आतंकवाद को सामान्य दंडात्मक कानून अपराध के रूप में क्यों शामिल किया गया है, जबकि यह पहले से ही विशेष कानून के तहत दंडनीय है? पुलिस हिरासत को 15 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन क्यों किया गया है?' इस संबंध में, ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता और अध्यक्ष तथा सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. आदिश सी अग्रवाल ने कहा, 'स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी औपनिवेशिक काल के कई कानून बोझ की तरह बने हुए हैं। अब, भारत की आत्मा और भावना को प्रमुख आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता में शामिल कर दिया गया है, जो पुराने और अप्रचलित भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह ले रहे हैं।''इन प्रमुख आपराधिक कानूनों में बदलाव की बहुत पहले से ही जरूरत थी, क्योंकि उनके कई प्रावधान अपने उद्देश्यों से परे हो गए थे। वास्तव में वो कानून उस समय के लिए सही थे। मगर अब नए भारत की आत्मा और भावना के साथ नए कानून हमारी आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली में एक बड़ा बदलाव लाएंगे।' इस मुद्दे पर पूर्व केंद्रीय कानून सचिव पीके मल्होत्रा ने कहा, 'ब्रिटिश काल के कानूनों की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाएं अदालतों में दायर की गई हैं और कुछ राज्य सरकारें नए कानूनों को लागू करने में अनिच्छुक हैं। इस बात पर ज्यादा जोर देने की जरूरत नहीं है कि इन तीन कानूनों यानी आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की समीक्षा बदलते सामाजिक परिदृश्य और तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए।'उन्होंने कहा, 'यह विषय संविधान की समवर्ती सूची में आता है, इसलिए संसद इन कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। यदि कोई राज्य इनमें से किसी भी कानून में संशोधन चाहता है, तो राज्य का विधानमंडल संशोधन कानून पारित कर सकता है। हालांकि, यदि राज्य विधानमंडल द्वारा किए गए परिवर्तनों को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो इसे लागू किया जा सकता है।'उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा कहा जाता है कि तीनों कानूनों के प्रावधान पीड़ित-केंद्रित हैं और इससे मुकदमे में तेजी आएगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जांच, सुनवाई, फैसला सुनाने की समयसीमा, समन की तामील में प्रौद्योगिकी का उपयोग, अपराध की सुनवाई, वर्चुअल सुनवाई, जीरो एफआईआर का प्रावधान और छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा के प्रावधान जैसे प्रावधान स्वागत योग्य कदम हैं। समाज के एक वर्ग को लगता है कि आतंकवाद से संबंधित अपराध, दुर्घटना के मामले, वैवाहिक अपराध और आईपीसी की धारा 377 जैसे कुछ अपराधों के लिए सजा बढ़ाने जैसे कुछ प्रावधानों पर अधिक परामर्श और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।'पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद ने कहा, 'हमारे सिस्टम में बाधा डालने वाली बड़ी संख्या को देखते हुए, मुझे यकीन है कि इन अधिनियमों के प्रारूपकारों ने अपने काम खुद ही किए होंगे। इन संख्याओं के कारण बदलाव की आवश्यकता थी। ''यह हमारे आपराधिक कानून को लोकतांत्रिक वैधता का जोर देने का एक अभ्यास है। 'सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता एन.एस. नप्पिनाई ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय दी। कहा, 'नए आपराधिक कानून बने रहेंगे और जितनी जल्दी हम इसे अपना लेंगे, उतना ही बेहतर होगा।'अधिवक्ता ऐश्वर्या कौशिक ने कहा,'भारत के मुख्य न्यायाधीश ने हाल ही में बताया कि जिला अदालतें अक्सर मामूली अपराधों के लिए भी जमानत देने में हिचकिचाती हैं। इससे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में अधिक मामले आते हैं, जिससे समय बर्बाद होता है।



# झारखंड में दो और तीन जुलाई को भारी बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मानसून का असर देखा जा रहा है। इसके साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, जून में मानूसन देर से आने पर राज्य में बारिश कम ही हुई है। फिर भी लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, दो और तीन जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश की संभावना है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ शामिल हैं। इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। केंद्र ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। चार और पांच जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विभाग के अनुसार, अबतक सिर्फ 73.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है जबकि पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में अब तक 189.5 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी। राजधानी में 197.6 मिमी की जगह 90.8 मिमी वर्षा हुई है, जो कि सामान्य से भी कम है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया है। राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज हुआ है। आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की कमी दर्ज की जायेगी।

## एक नजर

### सेविका के चयन में अनियमितता का आरोप

**पाटन।** पाटन के सिरमा पंचायत के कोरियाडीह गांव में आंगनबाड़ी सेविका का चयन फर्जी डॉक्यूमेंट पर किया गया। इस संबंध में गुंजा कुमारी व ग्रामीणों द्वारा पलामू डीसी को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अनीमा कुमारी का इंटर व बीए का प्रमाण पत्र फर्जी लगाया गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सीडीपीओ व सुपरवाइजर योग्य उम्मीदवारों का चयन नहीं कर रही हैं।

### कांग्रेस ने पंचायत यात्रा शुरू की

**पाटन।** छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के मुरुम दाग पंचायत में पंचायत यात्रा कार्यक्रम अशोक पासवान के नेतृत्व में शुरू किया गया। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ की राजनीति करने में लगी हुई है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को झूठ की राजनीति के तहत फंसाया गया, लेकिन झूठ को दरकिनार कर झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को इंसाफ दिया। मौके परअनिल सिंह, संजय पासवान,सुनील राम, अमलेश शर्मा अवधेश, छोटू यादव, अशोक यादव मनोज यादव, अरुण यादव, शहाबुद्दीन अंसारी, छतरपुर मंडल अध्यक्ष विष्णु देव राव उपस्थित थे।

### भोजपुरी ब्यास कैलाश दुबे का निधन, शोक व्यक्त

**विश्रामपुर।** प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास सह सेवानिवृत रेलकर्मी कैलाश दुबे का निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हे गढ़वा परमेश्वरी हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके नाती मृत्युंजय दुबे ने दी। दाह संस्कार में युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, दिनेश दुबे, पूर्व उप मुखिया गोपाल सिंह, संजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नेता अजय दुबे सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# नर्स ने की झोलाछाप डाक्टर की हत्या, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा में सोमवार को एक झोलाछाप चिकित्सक की हत्या नर्स ने कर दी। पुलिस ने डॉक्टर का शव फर्श पर पड़ा पाया। उसके गले में गमछा लपेटा हुआ था। पुलिस ने आरोपी नर्स को मेदिनीनगर से गिरफ्तार कर लिया है। छत्तरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी नर्स सोनी कुमारी को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। नर्स सोनी ने ही झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव की हत्या की है। मृतक के परिजन ने कहा कि नर्स का अफेयर अनुज के चचेरे भाई से भी था। इसमें नर्स के साथ हत्या में उसकी भी संलिप्तता हो सकती है। प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव और नर्स सोनी कुमारी शादीशुदा थे। दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। अनुज व सोनी की दोस्ती लगभग पांच वर्ष पूर्व से थी। दोनों एक जगह किसी नर्सिंग होम में प्रैक्टिस करते थे। वहीं से दोनों में प्रेम प्रसंग हुआ। प्रैक्टिस के बाद बिहार के डुमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया कोठी में 2019 में नर्सिंग होम शुरू किया। इसके बाद पलामू के नौडीहा बाजार में 2021 में संध्या नर्सिंग होम की शुरूआत की। झोलाछाप डॉक्टर व आरोपी नर्स छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बारा में विनोद प्रजापती के किराए के मकान में पति-पत्नी बताकर रहा करते थे। नर्स पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के कुई गांव की रहने वाली है। अनुज का घर नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कवलभितिहरवा में है।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : संग्राम सिंह

### शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है खेल : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन प्लस टू हाई स्कूल पाटन के खेल मैदान में किया गया। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी, 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने पिता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। किशुनपुर हाई स्कूल, पाटन हाई स्कूल के बीच टूर्नामेंट खेला गया। किशनपुर हाई स्कूल के टीम विजयी रही। मौके पर संग्राम सिंह ने खेल के बारे में बच्चों को प्रेरित किया। खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाया। बताया कि हमारे क्षेत्र पाटन से निखरकर जिला, राज्य लेवल तक खेल सके। पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि खेल से अपना स्कूल गांव, जिला का नाम रौशन करते हैं। खेल से शारीरिक फिटनेस बनी रहती है। खिलाड़ियों को खेल हमेशा खेलना चाहिए। खेल से खिलाड़ियों में निखार आता है। जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी के लापरवाही से नौडीहा हाई स्कूल के बच्चों को फुटबॉल खेलने के लिए बूट नहीं दिया गया। सरकार द्वारा 20000 की राशि पहले ही मुहैया कराया गया है। इस पर जांच कर कार्रवाई करने का पलामू उपायुक्त से मांग करूंगा।

# दलित चेतना के प्रतीक ओमप्रकाश वाल्मीकि पर विचार गोष्ठी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में सोमवार को हिंदी विभाग द्वारा एक दिवसीय विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय हिंदी साहित्य में दलित चेतना के प्रतीक ओमप्रकाश वाल्मीकि रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम, सचिव डॉक्टर बिंदेश्वर सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। अतिथियों को अंगवस्त्र और मूवमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने प्रस्तुत किया। बंशीधर सिंह ने विषय प्रवेश कराया। प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने अतिथियों, शिक्षक, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने तक सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इतिहास विभाग के डॉक्टर प्रेमचंद महतो ने इस विषय पर अपने विचार रखा। महाविद्यालय के छात्र अभिमन्यु कुमार ने ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य पर अपना विचार रखा। महाविद्यालय के सचिव डॉक्टर बिंदेश्वर सिंह ने छात्रों से अपेक्षा करते हुए कहा कि यह मंच छात्रों के लिए है। छात्र यहां जो प्राप्त करते हैं, जो चेतना उनमें जागती है, उसका उपयोग बेहतर समाज निर्माण में हो। इस तरह के कार्यक्रम का निरंतर किए जाने का सदैव समर्थन व्यक्त करता हूं। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि वास्तव में ओमप्रकाश वाल्मीकि ने दलितों वंचितों में चेतना भरने का कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आलोक रंजन ने कहा कि आंदोलन पर आंदोलन होते रहे, फिर भी गांव में ठाकुर का कुआं होना, सभ्य समाज के लिए शर्मनाक बात है। मुख्य अतिथि डॉक्टर मंजू सिंह, प्रध्यापक, गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय ने हिंदी विभाग के इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित छात्र -छात्राओं की उपस्थिति व महाविद्यालय के सभी विभागों के परस्पर सहयोग, उपस्थित की सराहना की। उन्होंने कहा कि विमर्श होते रहे तभी हम सभ्य समाज की कल्पना कर पाएंगे। महाविद्यालय की छात्रा कोमल कुमारी, आरती कुमारी सहित अनेकों छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने अपने-अपने विचारों को रखा।

### सीएस ने की वनांचल हॉस्पीटल के ऊपर कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद छतरपुर स्थित वनांचल हॉस्पीटल के ऊपर कार्रवाई की गई है। बताते चलें कि 30 जून को एक वायरल वीडियो द्वारा स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि उक्त अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मृत्यु हो गई थी। उक्त अस्पताल में डॉक्टर की जगह कंपाउंडर के देखरेख में इलाज किया जाता है। जिससे कई लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। सिविल सर्जन ने बताया कि उक्त अस्पताल का लाइसेंस 2019 में ही खत्म हो चुका था। फिर भी हॉस्पीटल अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था। वहां देखरेख के लिए केवल कंपाउंड हैं, जो बड़ा-बड़ा इलाज करने का दावा करता हैं। कार्रवाई के दौरान दस्तावेज नहीं पाए जाने के कारण अग्रेतर कार्रवाई के लिए जांच कर रिपोर्ट एसडीओ को सौंप दिया गया।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं,अभिभावकों ने सोमवार को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली शिक्षिका रानी पूनम पर कार्रवाई को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी को आवेदन दे कार्रवाई की मांग की। आवेदन में कहा कि राजकीय कृत मध्य विद्यालय मेला टांड़ स्थित की शिक्षिका रानी पूनम बच्चों को पढ़ाने के बजाय धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ मानसिक रूप से परेशान करती है। बच्चों को धर्म के विरुद्ध गलत संदेश देकर धर्म विशेष लोगों के आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। मेला टांड़ स्थित काली मंदिर को तोड़कर शौचालय बनाने की बात एवं विद्यालय में बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर नहीं आने की बात कर धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। साथ ही कहती हैं कि भगवान में अगर शक्ति है तो हमको ट्रांसफर करके दिखाओ। उन्होंने बताया कि यह मामला कुछ दिन पहले ही अखबार के माध्यम से प्रकाश में आया था। पर अभी तक इस शिक्षिका पर कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की जरूरत है। मौके पर मनीष कुमार, अरुण कुमार, मुकेश कुमार सोनी,करण कुमार मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, निर्दोष कुमार, टिंकू कुमार, नीरज कुमार, अरुण कुमार ,धर्मेश गुप्ता, गणेश सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, प्रिंस कुमार, निहाल कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### अवैध बालू कारोबारियों का नायाब तरीका

# ट्रैक्टर में लोड बालू के ऊपर स्टोन डस्ट से ढक कर हो रहा था ढुलाई

- एक बालू लोड ट्रैक्टर जब्त
- सीओ व पुलिस के संयुक्त प्रयास से पर्दाफाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में प्रशासन ने अवैध खनन को लेकर लगातार अभियान चला रही है। वहीं अवैध बालू कारोबारी प्रशासन से बचकर कारोबार करने के प्रयास में लगे हुए रहते है। एनजीटी के रोक के बाद भी बालू कारोबारी प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर ले जाने के लिए नया तरीका अपनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ही मामला हुसैनाबाद में सामने आयी है। रविवार को हुसैनाबाद के सीओ पंकज कुमार और देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त प्रयास से अवैध बालू कारोबारियों का नायाब तरीका का पर्दाफाश किया गया है। जिसमें बालू के ऊपर में स्टोन डस्ट की परत डालकर एक बालू लोड ट्रैक्टर को जपला- देवरी मुख्य सड़क के महुराम के समीप से जब्त किया गया है। जब्त ट्रैक्टर को देवरी ओपी थाना में पार्क कर रखा गया है। सीओ द्वारा जब्त ट्रैक्टर के खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है। इस मामले में सीओ ने बताया कि कुछ दिनों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही थी कि बालू कारोबारी ट्रैक्टर टाली में लोड बालू के ऊपर स्टोन डस्ट की पतली परत डाल कर ढुलाई किया जा रहा है। जिसके धर पकड़ को लेकर हमलोगों का लगातार क्षेत्र में अभियान जारी था। देवरी ओपी के पुलिस गश्ती के दौरान एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। लोड ट्रैक्टर के बालू के ऊपर स्टोन डस्ट की पतली परत से ढका हुआ पाया गया है। उन्होंने उक्त ट्रैक्टर के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर देने की बात कही है।

## न्यूज बॉक्स

### वीरेंद्र सिंह बने एनसीपी के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष

**हैदरनगर।** झारखंड एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने वीरेंद्र सिंह को एनसीपी प्रखंड हैदरनगर का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया है। विधायक ने वीरेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए पत्र दिया। इस अवसर पर विधायक सिंह ने कहा कि वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एनसीपी पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वीरेंद्र सिंह संगठन का विस्तार करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। वीरेंद्र सिंह के मनोनयन पर स्थानीय कार्यकताओं में उत्साह है। कार्यकताओं का मानना है कि वीरेंद्र सिंह की संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व से एनसीपी पार्टी को हैदरनगर प्रखंड में नई दिशा मिलेगी। वीरेंद्र सिंह ने नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने पार्टी के सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। वीरेंद्र सिंह को बधाई देने वालों में बिमलेश सिंह,अनिल सिंह, अकबर खान, रविरंजन सिंह, विनोद सिंह, उमेश कुमार, साबित अली, सज्जू खान, ओमप्रकाश राजवंशी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### धूमधाम के साथ मनाया गया भावनी आर सेंटर का वार्षिकोत्सव

**हरिहरगंज।** शहर के केनरा बैंक डाक बंगला रोड स्थित लॉजिकल पॉइंट भावनी आर कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर सह कोचिंग क्लासेस व इंग्लिश स्पोकेन क्लासेस में सोमवार को दूसरा वर्षगांठ सह विदाई सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक अंकित पाठक ने केक काटकर किया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत, डांस की प्रस्तुति देकर बच्चों ने मन मोह लिया। वहीं कंप्यूटर के छात्रों को कई उपहार प्रदान कर विदाई दी गयी। संस्थान के चीफ डायरेक्टर टी सिंह चौहान व डायरेक्टर वीके आर ने कहा कि संस्थान द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए काम कर रही है। इस मौके पर शिक्षिका शीला कुमारी के अलावे रिया, शक्ति, सलोनी, सजना, तनु, कनिष्क, कृष्णा, अनुराग, कुंदन, प्रिंस, अर्पित, सनी, रिया, मुस्कान, गुड़िया, रागनी, छोटी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### वेतनमान को लेकर सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस



**हुसैनाबाद।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद प्रखंड इकाई द्वारा प्रदेश कमेटी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर रविवार की शाम अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल व आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के संयुक्त अध्यक्षता में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व प्रखंड सचिव बैद्यनाथ पासवान, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम तथा महामंत्री संतोष पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रांगण की गई। मशाल जुलूस के माध्यम से वेतनमान पाने के लिए आंदोलन का आगाज किया गया। मशाल जुलूस शहर के अंबेडकर चौक होते हुए जयप्रकाश चौक पर पहुंच कर मशाल जुलूस का समापन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा व अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि जेएमएम की सरकार बनते ही सहायक अध्यापक को तीन माह के अंदर वेतनमान दिया जायेगा। लेकिन आज भी वह वादा पूरा नहीं हो पाया है। सरकार अगर हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती है, तो 8 जुलाई को पलामू उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम संघर्ष मोर्चा अपना मांग पत्र सौंपेगी। इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव 20 जुलाई से किया जायेगा। मौके पर काफी संख्या में सहायक अध्यापक मौजूद थे।

### मानसिक रूप से बीमार को पुलिस ने सीडब्ल्यूसी भेजा

**मोहम्मदगंज।** मानसिक रूप से बीमार किशोरी को मोहम्मदगंज पुलिस ने सोमवार को सीडब्ल्यूसी भेज दिया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार की शाम कादलकुर्मी गांव के ग्रामीणों को रेलवे लाइन और सड़क के इधर-उधर भटकती हुई एक 8 वर्षीय किशोरी दिखी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच किशोरी को थाना ले आई। किशोरी से नाम व पता जानने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ बता नहीं पा रही थी। उसके फोटो को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पता लगाने का भी प्रयास किया गया। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जिसके बाद सोमवार को सीडब्ल्यूसी भेज दिया गया।

### केकरगढ़ पंचायत के चार गांव के ग्रामीणों ने की बैठक

# ताल पंचायत में शामिल होने की विधायक से की मांग

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के जांजू, पोरसम, ठेकही एवं जोतांग गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर पांकी बालूमाथ मुख्य पथ के झुमेला महुआ में बैठक कर उक्त चारों गांव को केकरगढ़ पंचायत से हटाकर ताल पंचायत में जोड़ने की मांग क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डा. शशी भूषण मेहता समेत प्रखंड एवं जिले के अधिकारियों से की है। सोमवार की दोपहर बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि चार गांव के लोगों को मुख्य सड़क से होकर केकरगढ़ पंचायत सचिवालय जाने में लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। विकास कार्य को लेकर पंचायत सचिवालय जाने में उन्हें कई घंटे का समय तो बर्बाद होता है। साथ ही उन्हें दुर्गम रास्ते से जाने में बेहद परेशानी होती है। पंचायत सचिवालय से अधिक दूरी पर होने के कारण पंचायती राज का उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा। इस कारण उन्होंने केकरगढ़ पंचायत की जगह अपने निकटवर्ती पंचायत ताल में जाने की इच्छा जताई है। सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक कर अपनी मांग की जानकारी क्षेत्रीय विधायक को दी। इसके बाद तत्काल विधायक कुशवाहा डा. शशी भूषण मेहता बैठक स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए उन्हें यथाशीघ्र मदद करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि यदि मांगे पूरी नहीं होगी तो वह सदन में इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि निकटवर्ती पंचायत में उक्त चारों गांव को जोड़े जाने से उन्हें बेहद सहूलियत होगी। बता दें कि उक्त चारों गांव में वोटरों की संख्या लगभग 1000 के आसपास है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगे शीघ्र पूरी नहीं होगी तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। राजेंद्र यादव, उपेंद्र भुइयां, ब्यास यादव, गोवर्धन यादव, करमजीत सिंह, विनय सिंह, अरविंद यादव, करमजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य दसु सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### तैयारी

### पूर्व सैनिक संघ ने की बैठक


# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने का निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक कार्यकर्ताओं की हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से कारगिल विजय दिवस मनाने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से 26 जुलाई को विजय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को तैयारी में लगने के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें प्रशासन से कार्यक्रम मनाने के लिए स्वीकृती लेना आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि कारगिल लड़ाई को 17 हजार फीट माइनस 20 डिग्री टेंपरेचर में सभी सैनिकों ने युद्ध लड़कर विजय प्राप्त की है। जिसमें कितने साथी सैनिकों ने अपनी सर्वोच्च बलिदान भी दिया है। उन सभी को नमन करना हम सभी सैनिकों का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत वासियों का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि हम सैनिक अभी तक देश की सेवा किए हैं। अब रिटायरमेंट के बाद समाज के असहाय वृद्ध पेंशनरों को सहयोग, नवजवान बच्चों को देश भक्ति का गुर सिखाने का काम कर रहें हैं और आगे भी करते रहेंगें। विजय दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी वीर नारियां आमंत्रित होंगे। साथ ही सभी को सम्मानित भी किया जाएगा। बक्सी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट दूसरे सभी स्कूलों के बच्चे बच्चियां भी देश भक्ति कार्यक्रम में भाग लेंगे। अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में पूर्व सैनिक सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, दिलीप मेहता, प्रसाद सिंह, राम टहल मेहता,बिगन चौधरी, हवलदार सतेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# नाली के गंदे पानी से आम नागरिकों को परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय सह बाजार क्षेत्र के कई मुहल्लों में नालियों के रखरखाव व सफाई नहीं होने से हल्की बारिश में भी इसके गंदें पानी का बहना मुख्य पथों पर शुरू हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रखंड मुख्यालय का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में इस बरसात के मौसम में क्या होगा। स्थानीय प्रबुद्ध लोगों में अनील लाल अग्रवाल, प्रतिक कुमार, अंकित कुमार, गुरुप्रताप साहिदेव, नंदलाल प्रसाद, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में इस स्थिति के आने पर उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी अवगत कराया जाता रहा है। किन्तु इस दुर्दशा से स्थानीय लोगों को स्थायी रुप में निकालने का काम आज तक नहीं हो सका। बस स्टैंड से मुख्य बाजार प्रवेश करते ही यह नजारा सामने आता है। सड़कों पर जमे गंदे जलजमाव को आसपास की नालियों या नाला में डायर्वट कराने की व्यवस्था मात्र तक पंचायत प्रतिनिधियों के स्तर तक नहीं कराये जाने से उनमें घोर निराशा है। इसके अलावा जवाहर पथ, एसबीआई के पीछे गली, शुक्रबाजार, भट्ठी मुहल्ला, कोईरियाडीह आदि मुहल्लों की स्थिति ऐसी ही रहने से बरसात की बूंदे टपकना शुरू होते ही संबंधित मुहल्लों के लोग नाली की सफाई करने व पथों पर लगे जलजमाव को हटाने के लिये स्वयं कुदाल व फावड़ा लेकर सड़क पर आ जाते हैं। सर्वाधिक चिंता की बात तो यह है कि इस गंदे जल जमाव से आम पैदल राहगीरों के अलावे आस पास के निजी घरों के लोगों में कई प्रकार की बीमारियों के पनपने से भयभीत रहते हैं।




## एक नजर

### आदेशपाल को सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त कार्यालय के आदेशपाल नंदलाल प्रसाद गुप्ता को उनके सेवानिवृत्ति पर सोमवार को विदाई दी गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने नंदलाल प्रसाद गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की। उनकी सेवानिवृत्ति पर कहा कि श्री गुप्ता ने 16 साल से अधिक ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों व दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान करीब एक वर्ष श्री गुप्ता उनके साथ कार्य किये। हंसी-खुशी सफर को पूरा किया। लगन व उत्साह के साथ कार्यों को पूरा किया।

### प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका, घटना स्थल से खून लगा चाकू बरामद

# युवक की चाकू से गला रेत कर हत्या



**‘एमएमसीएच में मृतक के चाचा ने बताया कि रविवार देर शाम घटना के बाद अगल-बगल के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। मौके पर मौजूद पांच-छह लोग भाग निकले। मृतक के परिजनों के मुताबिक बिगन राम का नाती गज्जू राम रविवार दोपहर उन लोगों को बताया कि सागर की दोस्ती बढ़ गई है। कुछ लोग उसकी हत्या करने की तैयारी में है।’**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता डोमटोली स्थित शौचालय के पास रविवार की देर रात 18 वर्षीय सागर कुमार डोम की चाकू से गला रेत कर व पत्थर से सर को कूचकर अपराधी मौके से फरार हो गए। जिस स्थान पर सागर की हत्या की गई है उससे महज कुछ ही दूरी पर उसका घर है। आस पास के लोगों ने खून से लथपथ सागर को देख कर उसके परिजनों की जानकारी दी। परिजन उसे उठा कर एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराएं, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने घटना स्थल का निरीक्षण कर एमएमसीएच में पहुंच कर मृतक के परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया है। परिजनों ने पुलिस को राजकुमार डोम, सूरज डोम सहित पांच लोगों का नाम बताया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी तेज कर दी है। सोमवार को मृतक सागर का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव पुलिस को सौंप दिया गया। देर शाम गज्जू का ही फोन आया और उसके साथ सागर घर से निकला था। बाद में उसकी हत्या की खबर मिली। मृतक के चाचा ने कहा कि गज्जू घटना के बाद से फरार है। गज्जू समेत तीन लोगों के नाम पुलिस को बताया गया है। मृतक की बहन मुस्कान कुमारी ने शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतक के पिता संजय राम नगर निगम में स्वीपर का काम करते हैं। इस घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड के कुछ युवकों की भी संलिप्तता सामने आई है। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले सेमरटाड़ में सागर की बाइक से किसी लड़की को टच कर गया था। इसी कारण उसकी हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द खुलासा हो जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को एसजीएफआई ने मान्यता दी : डॉ. जीएन खान

**मेदिनीनगर।** डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई से संबंधित डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डा. जीएन खान की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में सत्र 2024-25 के लिए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को कलस्टर स्तर पर संपन्न कराने के लिए योजना की रूपरेखा तैयार की गई, जो 21 से 31 जुलाई के बीच संपन्न होगी। बता दे कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता तीन स्तरों पर हर वर्ष आयोजित होती है। संभाग (कलस्टर स्तर), क्षेत्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर। बैठक में डीएवी पब्लिक स्कूल क्षेत्र आई के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डा. आरके साहू, लोहरदगा से जीपी झा, लातेहार जीके सहाय, भवनाथपुर से राजेंद्र सचदेवा, गढ़वा से अजय कुमार चौबे, सिमडेगा से सुजय कुमार मिश्रा उपस्थित थे। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में कुल 30 खेल खेले जाएंगे। उनमें 25 खेल कलस्टर स्तर पर खेले जाएंगे व पांच खेल सीधे क्षेत्रीय स्तर पर खेले जाएंगे। इनमें से एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में जूडो, बुशो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे, रेसलिंग,वेटलिफ्टिंग, शूटिंग,रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस। भवनाथपुर में वॉलीबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल। लातेहार में क्रिकेट, एथलेटिक्स। लोहरदगा में कबड्डी, योगा । सिमडेगा में हॉकी, बास्केटबॉल व गुमला में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्किपिंग रोप्स होना तय हुआ है। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज डा. जीएन खान ने बताया कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को एसजीएफआई ने मान्यता प्रदान किया है,जो छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। एमकेडीएवीपब्लिक स्कूल डालटनगंज से आरके मिश्रा, विक्रम रॉय, मयंक सिंह, ओमकार मिश्रा, अपर्णा पांडेय, डीएवी लातेहार से कुणाल कुमार, गुमला से वाल्मीकि सिंह, लोहरदगा से एस पटनायक, सिमडेगा से के बारीक, गढ़वा से एके मुखर्जी व भवनाथपुर से एके सिंह उपस्थित थे।

### नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरूआत की गई है : अर्पित श्रीवास्तव

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सोमवार को जेल आईजी के निर्देश पर एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बन्दियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने लीगल एड डिफेंस काऊंसिल के अधिवक्ताओं के साथ कानून की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्याय को सुलभ बनाने व जल्द से जल्द न्याय लोगों को मिले, इसलिए पुराने कानून को बदलकर नए कानून लागू किये गए हैं। देश में अंग्रेजों के जमाने का कानून था। इसमें काफी बदलाव की जरूरत थी, क्योंकि अब नई टेक्नोलॉजी आ गई है। उन्होंने कहा कि अब जीरो एफआईआर का प्रावधान किया गया है। साथ ही एफआईआर ऑनलाइन दर्ज करने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कम्प्लेन केस में पहले शिकायतकर्ता कोर्ट में आता था। दो तीन गवाह लाता था। अभियुक्त को बिना सुने न्यायालय द्वारा मुदालय पर सम्मन निर्गत हो जाता था, लेकिन नए कानून में अब मुदालय का भी पक्ष सुना जाएगा व अदालत को लगेगा कि यह केस में आगे बढ़ाना है तभी बढ़ाया जाएगा। अन्यथा केस वही समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत एक व्यक्ति सशरीर पुलिस स्टेशन में उपस्थित हुए बगैर भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटना की रिपोर्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरूआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना में अपनी एफआईआर दर्ज करा सकता है। पीड़ित को एफआईआर की निःशुल्क कॉपी भी मिलेगी। मौके पर एलएडीसी के चीफ अमिताभ चंद सिंह एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सुब्रतो मुखर्जी कप का प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल मैदान में 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप के लिए मेदिनीनगर प्रखंड स्तर का फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। उद्घाटन मेदिनीनगर प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष तेजु साव, बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर, बीपीओ नीरज सिन्हा, बीआरपी सत्येन्द्र पाठक व सोनाली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। रेफरी की भूमिका संजय त्रिपाठी,भरत कुमार रजक, सुनील कुमार यादव व श्रीकांत ने निभाई। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय ने केजीवीभी सदर को 2-1 से पराजित किया। प्रखंड प्रमुख ने विजेता व उप विजेता टीम को कप व खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। बालक अंडर 15 में जिला स्कूल ने गिरिवर स्कूल को 6-0 से पराजित किया, बालक अंडर-17 में महात्मा गांधी सरजा हाईस्कूल ने जिला स्कूल को 2-0 से हराया। इन्हें सदर बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर ने कप व मेडल देकर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रीतम बाली शुक्ला, पूजा सिन्हा,संजय कुमार,पुष्पा कुमारी,विष्णु टोप्पो,संजीत व सैफ का सराहनीय योगदान रहा।

## सांसद ने सोलर पार्क निर्माण नहीं होने का मामला संसद में उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होने चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि इस कारण केन्द्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दोनों जिला पलामू, गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित महत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है। परन्तु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी फारेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू, गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी व उसके लिए 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी, परंतु जिला प्रशासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है। उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह एडवाईजरी निर्गत किया जाय कि वही फारेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ पलामू जिला एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें ताकि वहां पर सोलर पार्क स्थापित हो सके।

## शासी निकाय गठन के लिए भेजे गए पत्र पर जीसीपीए कॉलेज प्रबंधन मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर में संचालित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज कई वर्षों से नियमित शासी निकाय के बदले प्रबंध समिति से काम चल रहा है। इस संबंध में एनपीयू द्वारा शासी निकाय गठन करने के लिए दो से तीन बार पत्र भेजा गया है, लेकिन कॉलेज के प्रबंधन समिति के द्वारा उक्त पत्र को दरकिनार करते हुए कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही शासी निकाय का गठन करने के लिए अग्रसर हो रहा है। जिससे प्रतीत होता है कि प्रबंध समिति के लोग अपना मनमानी तरीके से कॉलेज चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उक्त कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य एवं सचिव द्वारा कॉलेज को मनमानी तरीके से चला रहे हैं। नियमानुसार बिना शासी निकाय के कोई भी कदम नहीं उठाना चाहिए, लेकिन जीसीपीए कॉलेज मनमानी तरीके से बिल्डिंग कार्य एवं अन्य कार्य कर रहे हैं। जिससे कॉलेज कर्मचारियों को काफी नुकसान सहना पड़ रहा है। प्रबंधन समिति द्वारा मनमानी तरीके से पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को मासिक मानदेय भुगतान करने में भी बिलम्ब होता है। अब देखना है कि शासी निकाय के गठन करने के लिए एपीयू क्या कार्रवाई करता है।

## एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को बनवारी साहू डिग्री कॉलेज लातेहार का यूजी परीक्षा सेंटर जिला मुख्यालय में करने की मांग को लेकर एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डा. मृत्युंजय दीपक का घेराव किया गया। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लातेहार बनवारी साहू कॉलेज के छात्रों ने 25 जून को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम से ज्ञापन सौंप कर बीएस कॉलेज के छात्रों का जो सेंटर मनिका कॉलेज में दिया गया था उसे रद्द कर जिला मुख्यालय लातेहार करने की मांग की थी। छात्रों की समस्याओं पर परीक्षा नियंत्रक गंभीर नहीं थे। छात्रों के समस्याओं को देखते हुए एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। एनएसयूआई नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि छात्रों की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो परीक्षा विभाग में तालाबंदी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने एनएसयूआई के घेराव के बाद जिला मुख्यालय में ही सेंटर देने का आश्वासन दिया है। मौके पर निखिल सिंह, प्रभात कुमार, प्रतिमा कुमारी, रोशन कुमार, श्रीराम कुमार, श्वेता भगत, कोमल कुमारी, कुहू कुमारी, सरस्वती कुमारी, सुमन कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, अल्फा कुजूर, इसबेल कुजूर आदि मौजूद थे।

## देश के वास्तविक नायक करतें है मनुष्यता की हिफाजत : शैलेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के वास्तविक नायक सिनेमा जगत के अभिनेता नहीं हैं। देश के वास्तविक नायक खेत, खलिहान में पैदा होते हैं, जो अपने आत्मोत्सर्ग, त्याग, बलिदान के जरिए मनुष्यता की हिफाजत करते हैं और उसके लिए रास्ता बनाते हैं। देश के वास्तविक नायक का नाम सिद्धू कानू है। फूलो-झानो, चांद-भैरव है। हुल दिवस के दिन हम इन्हीं नायकों को याद करते हैं। ये बातें इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 45 वीं कड़ी में हुल दिवस एवं जन कवि नागार्जुन जयंती के अवसर पर संघर्ष और साहित्य विषय पर परिचर्चा के दौरान इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि साहित्य में दो धाराएं प्रचलित है। एक शासक वर्ग का गुणगान करता है। दूसरा संघर्ष के नायकों की कथा कहता है। इसी प्रकार जन कवि नागार्जुन की कविताएं जीवन में आशा का संचार करते हुए संघर्ष की एकजुटता का संदेश देती है।

### सड़क दुर्घटना में किशोरी घायल

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड की बैरिया गांव निवासी श्यामदेव भारती के 14 वर्षीय पुत्री जयंती कुमारी को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धक्का मार कर गंभीर रूप से घयाल कर दिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया है। जयंती अपने साईकल से ट्यूशन पढ़ने लेस्लीगंज जा रही थी। अचानक मेदिनीनगर की ओर से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने उसे अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना स्थल पर भीड़ के कारण आधा घंटा तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही।

## मौजजम आलम बने सदर व शाहबाज बने खलिफा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय कुंड मोहल्ला शहादत हुसैन कमेटी के कार्यालय में पलामू सदर मुस्तफा कमाल एवं जनरल जीशान खान के नेतृत्व में रविवार को शहीदे हुसैन कमेटी सदर का चुनाव किया गया। जिसमें सभी की सहमति से मौजजम आलम को सदर व शाहबाज आलम को खलीफा बनाया गया। पलामू सदर मुस्तफा कमल, जीशान खान ने पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया। कुंड मोहल्ला में शहादत हुसैन कमेटी मे,जीशान खान ने कहा कि मोहर्रम की एक तारीख को शहर में लाइट की सुविधा पूरा कर लिया जाएगा। जिन्हें किसी तरह की दिक्कत, परेशानी हो वह अपनी समस्याओं का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

## ओवर ऑल चैंपियन बना पलामू

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में तीन दिवसीय पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को संपन्न हो गया। खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता, उप विजेता टीम को डीआईजी नरेंद्र सिंह ने शील्ड व मोमेंट देकर समानित किया। प्रतियोगिता में पलामू, गढ़वा, लातेहार की टीम शामिल हुई थी। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम पलामू, द्वितीय लातेहार, तृतीय गढ़वा पुलिस बल की टीम रही। डीआईजी नरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ शारीरिक गतिविधि को बल मिलता है, बल्कि टीम भावना भी प्रदर्शित होती है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि हम सभी के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। दैनिक गतिविधि में हमें खेल को शामिल करना चाहिए, जिससे हम चुस्त दुरुस्त रह सकें। मौके पर लातेहार एसपी अंजनी अंजन, गढ़वा एसपी, सदर एसडीपीओ, विश्रामपुर एसडीपीओ, सार्जेंट मेजर मुख्य रूप से मौजूद थे।



## आस्था

### सिंगरा में यज्ञ को लेकर कथा का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# अनीति से कमाया धन सुख, शांति नहीं देता : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सिंगरा के अमानत नदी तट पर चातुर्मास यज्ञ स्थल पर लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने कथा में कहा कहा कि अनीति व गलत रास्ते से कमाया गया धन मनुष्य का नैतिक पतन कर देता है। ऐसे अर्जित धन मन को अशांत और बेचैन रखने के साथ परिवार में गलत संस्कार लाता है। अनीति से अर्जित पैसा से सुंदर महल बना सकते है, महल में एसो आराम के संसाधन लगा सकते है। लक्जरी गाड़ी, घोड़ा, खरीद सकते हैं लेकिन फिर भी शांति नही मिलेगा। जब सुख भोगने का समय आएगा तब पता चलेगा किडनी फेल हो गया। लीवर फेल हो गया। कई गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जायेंगे। अर्जित धन का आप भोग ही नही कर पाएंगे। इसीलिए हमेशा सही रास्ते और सदाचार के रास्ते ही पैसा और धन अर्जित करना चाहिए। समधी की चर्चा करते हुए कहा की जब दोनो का सम बुद्धि हो वही समधी। जिसमें दोनो का अचार, व्यवहार एक समान हो वही समधी है। वर्तमान दौर में लोग दहेज के चक्कर में किसी को भी समधी बना ले रहे हैं। जात, संस्कार, धर्म संस्कृति कुछ नही देख रहे। शादी से पूर्व वर व वधू पक्ष को संस्कार, सभ्यता, संस्कृति, मर्यादा देख कर ही शादी करना चाहिए। काम करते हुए नारायण का नाम जपना भी समाधि है। ब्रह्मचर्य की चर्चा करते हुए बताया कि परमात्मा के लिए परमात्मा से जुड़े रहना ही ब्रह्चर्य। दूसरा वेद की आज्ञा के अनुसार चलना वेद का अनुपालन इसे स्वीकार करना भी ब्रह्मचर्य है। जन्म से मरण तक आजीवन अविवाहित रहकर सदाचार से जीवन जीना भी ब्रह्मचर्य है। सत्य, दया, परोपकार, दुनिया में जितने भी अच्छे कर्म है, उसे आचरण में उतारना भी ब्रम्चर्य है।

**मन को परमात्मा व सत्य में लगाना कर्म समाधि है**

दहेज रूपी पैसा पैर की धुली के समान होता है, जो पैर धोते ही चला जाता है वैसे ही दहेज चला जायेगा। समाधि के ऊपर कथा में कहा की जहां जाने से जिसे करने के बाद बुद्धि, चित, विचार शांत हो जाए वही समाधि है। भजन भाव करना उसमें परमात्मा का छवि का दर्शन करना भक्ति समाधि है। कर्म करते हुए मन को परमात्मा व सत्य में लगाना कर्म समाधि है।

### सड़क दुर्घटना में किशोरी घायल



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड की बैरिया गांव निवासी श्यामदेव भारती के 14 वर्षीय पुत्री जयंती कुमारी को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धक्का मार कर गंभीर रूप से घयाल कर दिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया है। जयंती अपने साईकल से ट्यूशन पढ़ने लेस्लीगंज जा रही थी। अचानक मेदिनीनगर की ओर से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने उसे अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना स्थल पर भीड़ के कारण आधा घंटा तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **‘दैनिक राष्ट्रीय मेल’** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **‘राष्ट्रीय नवीन मेल’** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

# हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से लूना सवार बुजुर्ग की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी** प्रखण्ड मुख्यालय के गेट के समीप अंबाखोरेया भाया धुरकी होते हुए नगर उंटारी तक निमार्णाधीन सड़क में कार्य कर रहे हाइड्रा मशीन ने एक लूना सवार बुजुर्ग को सोमवार की दोपहर में कुचल दिया, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, मृतक का पहचान महेश साव उर्फ चटपटी साव उम्र (65 वर्ष) ग्राम टाटीदीरी गांव के निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की मृतक चावल गेहूं खरीदने के कार्य करता था और दिनचर्या की तरह वह गांव के आस पास सहित दूसरे गांव में घूम- घूम कर खरीदारी करता था और मृतक खरीदारी करके धुरकी से अपने गांव दो पहिया वाहन लूना से चावल गेहूं लेकर लौट रहा था। इसी क्रम में सड़क में कार्य कर रहे हैडरा मशीन के चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली, थाना प्रभारी ने घटना स्थल से मृतक का शव उठाने की कोशिश की लेकिन स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधि ने शव को नही उठाने दिया, बल्कि घटना स्थल पर ठेकेदार को बुलाने की बात कही और मृतक के परिजन को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे, इधर ग्रामीणों ने बताया की सड़क के संवेदक की घोर लापरवाही है, सड़क निर्माण में अनियमिता बरती जा रही है और संवेदक के द्वारा धीमी गति से सड़क निर्माण में कार्य होने से इस सड़क में ऐसे छोटी बड़ी घटना लगातार घटते रहती है।

## डैम में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक की मौत



**गढ़वा।** मझिआंव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव के स्थानीय निवासी शेषनाथ यादव के 12 वर्षीय पुत्र रितेश यादव अपने गांव के पास के ही डैम में नहाने गया हुआ था। इस दौरान नहाने के क्रम में गहरे पानी में डूब जाने से 12 वर्षीय रितेश यादव को मृत्यु हो गई। सूचना के आलोक में स्थानीय थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा पंचनामा करनी हेतु पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया। पंचनामा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात अंतर परीक्षण हेतु कड़वा सदर भेज दिया गया। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आग की तरह फैल गई।

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के झोटी गांव निवासी रामप्रीत मेहता पेड़ से गिरकर घायल हो गया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में रामप्रीत मेहता के परिजनों ने बताया कि रविवार को बकरी को लेकर चराने के लिए निकला था इसी दौरान घर के पास पेड़ पर चढ़कर बकरी को खिलाने के लिए पत्ता कट रहा था इसी क्रम में पेड़ से गिरकर घायल हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### अबुआ आवास की सूची चिपकाने का निर्देश

**मेराल।** बीडीओ जागो महतो ने सोमवार को पंचायत सचिव के साथ बैठक कर अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता लाने के लिए सभी पंचायत भवन में अबुआ आवास के सूची को चिपकाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में वीडियो जागो महतो ने बताया कि झारखंड सरकार के महत्त्वकांक्षी योजना अबुआ आवास के लाभूको का पंचायत भवन पर सूची लगाने के लिए सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी राधा कृष्ण महतो बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में राधा कृष्ण महतो ने बताया कि वह अपने घर से भवनाथपुर टाउनशिप बच्चों का फीस भरने के लिए स्कूल में गये थे। वापस घर लौट के दौरान उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर चपरी गांव में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**केतार।** थाना क्षेत्र के केतार गांव से पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पंडा नदी से ट्रैक्टर बालू का उठाव कर ढुलाई कर रहा था।इसी बीच पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा की ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्रचार किया गया है। विगत एक सप्ताह में जब्त होने वाला पांचवां ट्रैक्टर है। वावजूद बालू कारोबारी अवैध बालू उठाव से बाज नहीं आ रहे हैं।

## नहर विभाग के पुराने सर्वे पर उठाएंगे विधानसभा में आवाज



**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय में पार्क उदघाटन के अवसर पर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने नहर विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्र में ब्यवसायिक भूमि को सिंचित करने के लिए बनाये जा रहे बांध एवं कलवर्ट पर विधायक से शिकायत की और कहा कि तीस चालीस साल पहले जब नहर परियोजना द्वारा सर्वे कराया जा रहा था उस समय मझिआंव नगर पालिका नही बना था। इसके बाद बारह वर्ष पहले जब नगर पालिका बना और बाजार क्षेत्र की भूमि ब्यवसायिक हो गई, और आस पास घर बनने लगे। लोगों ने कहा कि नहर विभाग द्वारा पुनः सर्वे नही कर ब्यवसायिक भूमि पर बांध एवं कलवर्ट बनाकर परेशान किया जा रहा है जिसे ब्यवसाई वर्ग कभी नही होने देगा।

## 82 हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन, जगमग हुआ शहर

# गढ़वा के गांव भी होंगे आधुनिक : ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्र भी अब हाई मास्ट लाइट से जगमग हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवम स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 82 हाई मास्ट लाइट का पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव स्थित ओलायत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विधायक निधि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां व रमकंडा के विभिन्न गांवों में लगे हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी गांव भी अब मूलभूत सुविधाओं सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सभी गांव में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 82 हाई मास्ट लाइट लगाया गया है। शेष बचे गांवों में भी यथाशीघ्र आवश्यकतानुसार हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा।

# हल्की बारिश में ही जल जमाव कार्यालय का मुख्य गेट जलमग्न



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड कार्यालय जाने का मुख्य गेट हल्की बारिश में ही जल जमाव होने से नरकीय स्थिति हो गई है। लोगों को पैदल और दुपहिया से आने जाने में हो रही है कठिनाई।अभी खास कर आठवीं कक्षा के स्कूली छात्र छात्राओं को प्रखंड कार्यालय में साइकिल वितरण किया जा रहा है। जिसमे छात्र को पैदल पार होने में काफी कठिनाई हो रही है।जबकि उक्त गेट से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंचल कार्यालय, प्रखंडकार्यालय, अनाज गोदाम, सहित अन्य कार्यों के लिए लोगों का पैदल और दुपहिया से आना जाना होता है। बरसात में यूं जलजमाव कोई पहली बार नहीं हुआ है विगत तो चार वर्षो से उक्त मुख्य गेट का यही हाल हो जाता है। जिसमे हर वर्ष पदेन बीडीओ के द्वारा मिट्टी मोरम डाल कर छोड़ दिया जाता है। जिससे समस्या बरकरार रह रहा है। अभी जबकि प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ों रु की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियो के लिए भवन और प्रखंड कर्मियो के लिए भवन का निर्माण हो रहा है।

# चिनिया प्रखंड के सभी सात पंचायत हाईमास्ट लाइट से रोशन



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** चिनिया प्रखंड के सभी सात पंचायतों में विधायक मद की राशि से लगाई गई हाय मास्ट लाइट का अधिष्ठापन रविवार की देर शाम प्रखंड मुख्यालय के चपकली मोड पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने विधिवत रूप से पूजा पाठ व नारियल फोड़ कर किया है। इस दौरान उक्त समय में ही सभी साथ पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा विधायक मत की राशि से लगाई गई सभी हाई मास्ट लाइट का भी अधिष्ठापन नारियल फोड़ व विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। जहां सैकड़ो कार्यकताओं के द्वारा पूर्व से निर्धारित समय से कुछ देर पहले हाई मास्ट लाइट वाली जगह पर ढोल ताशे बजाकर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जिंदाबाद, मंत्री मिथिलेश ठाकुर जिंदाबाद इत्यादि के नारे भी लगाए तथा मिठाई भी लोगों के बीच बांटे गए।

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में घोर अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता। रमना** एन.एच.-75 गुलरही बांध से बाबुडीह, विरकुंवर, सिलिदाग पंचायत सचिवालय होते हुए रविन्द्र सिंह के घर तक करीब 3 किमी सड़क का विशेष मरम्मती कार्य 2 करोड़ 55 लाख 3 सौ 45 की लागत से हो रहा हैं। इस विशेष सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास लोक सभा चुनाव से पूर्व 16/01/2024 को माननीय सांसद और क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया था, जिसका कार्य लोक सभा चुनाव से पूर्व ही प्रारम्भ हो गया था। कार्य प्रारम्भ के पांच माह वित गया परन्तु इस करोड़ों की लागत से हो रही विशेष सड़क मरम्मती कार्य का संवेदक द्वारा कही पर भी योजना विवरणी पट अभी तक नही लगाया गया हैं,जो योजना क्रियान्वयन के विरुद्ध है, कोई भी सरकारी योजना प्रारम्भ करने से पहले योजना कार्य विवरणी लगाना अनिवार्य है। लेकिन इस करोड़ों की लागत से बन रही सड़क में कार्य विवरणी पट संवेदक द्वारा नही लगाया गया है जो सरकारी कार्य योजना के विरुद्ध है, इस प्रकार हो रहे कार्य का अभी तक कोई अधिकारी को खबर कैसे नही हुआ या इनकी मिलीभगत से ही संवेदक द्वारा नियमों का खुलेआम धज्जिया उड़ाया जा रहा है। संवेदक द्वारा योजना विवरणी पट इसलिए नही लगाया गया की ग्रामीणों को इस विशेष सड़क निर्माण कार्य की कोई जानकारी नही हो सके और जैसे-तैसे सड़क मरम्मती का कार्य कर अपनी जेब भर लिया जाय।

# अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने किया एनएच 75 को जाम



**नवीन मेल संवाददाता। श्रीबंशीधर नगर** अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओ ने सोमवार को विद्यालय के शिक्षक प्रकाशचंद सोनी के प्रतिनियुक्ति किए जाने के विरुद्ध में विद्यालय मुख्य गेट के सामने एनएच 75 को जाम कर दिया। भारी बारिश के बीच दर्जनों छात्राएं दो घंटा तक सड़क को 75 को जाम रखा। इस दौरान छात्राएं हाथ में प्रकाश सोनी के समर्थन में लिखा हुआ तख्ती ली थी। एनएच 75 को छात्राओं ने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जाम किया। सूचना के बाद जाम स्थल पर पहुंचे बीडीओ आदिति गुप्ता और सीओ बिकास कुमार सिंह द्वारा विद्यालय के अंदर वातार्लाप करने के बात पर जाम समाप्त हुआ। जाम कर रही छात्राओं ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद सोनी पर जिस आरोप लगाकर विद्यालय से हटाया गया है वह पूरी तरह गलत है। छात्राओं ने बताया की शिक्षक प्रकाश चंद सोनी विद्यालय में अच्छा शिक्षा देते थे साथ ही उनका व्यवहार भी अच्छा था लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका द्वारा उन पर गलत आरोप लगाया गया है। बीडीओ और सीओ ने छात्राओं से बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए बताया की सभी मामलों का जांच किया जाएगा। जांच के बाद जो दोषी होंगे उनपर कारवाई किया जाएगा। जाम करने वालो छात्राओं में पीहू पांडे, वसा कुमारी, महिमा कुमारी, मुनि कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

# एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध बालू का खनन



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** एनजीटी के रोक के बावजूद बालू माफियाओं द्वारा कनहर और सोन नदी के खोखा घाट से सहित अन्य नदियों से अवैध बालू का खनन कर हाईवा और टिपर द्वारा परिवहन का धड़ल्ले से किया जा रहा है। बालू माफिया एनजीटी के आदेश को धता बतलाते हुए खुलेआम रात्रि और दिन के उजाले में भी परिवहन कर भवनाथपुर में संचालित हो रहे सरकारी से लेकर निजी कार्यों के लिए खुलेआम हाईवा से 28 से 32 हजार तथा टिपर से 17 से 20 हजार रुपये में प्रति गाड़ी बालू बेंच रहें हैं। हैरानी इस बात की है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे बालू के कारोबार की जानकारी अंचल कार्यालय सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन को होने के बाउजूद भी जवाबदेह पदाधिकारी इस पर नकेल कसने के लिए आगे नहीं आ रहें हैं। आपको बता दें कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी के टिकर टोला में दिन दहाड़े एक निजी कार्य के लिए टिपर द्वारा बालू अनलोड करवा रहे एजेंट ने बताया कि उक्त कारोबार हमलोग पुलिस प्रशासन को मिलाकर करते हैं।

## टूर्नामेंट

## वासिक बने मैन ऑफ द सीरीज, उमड़ी दर्शकों की भीड़

# कॉस्को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना लोहरगड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मैच रविवार कि रात खेले गए। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्रीबंशीधर नगर डीएपी सत्येंद्र नारायण सिंह, दीपक देव ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच डिजनी11 भवनाथपुर क्रिकेट क्लब और लोहरगड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डिजनी11 भवनाथपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10ओवर मे 5 विकेट खोकर50 रन बनाई। वही लोहरगड़ा टीम 5ओवर मे 2 विकेट खोकर 54 रन बना कर मैच जीत ली। लोहरगड़ा टीम 8विकेट से जीतकर फाइनल मैच के विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लोहरगड़ा टीम के वासिक को दिया गया। टूनामेंट के विजेता लोहरगड़ा टीम 41हजार रुपया एवं ट्रॉफी हीरो शो रूम के मालिक मनीष कुमार द्वारा कप्तान को दिया। उपविजेता डिजनी 11भवनाथपुर टीम 21 हजार रुपया एवं ट्रॉफी क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कैप्टन को दिया। मैच के अंपायर चंचल कुमार एवं प्रदीप विश्वकर्मा, स्कोरर नीतीश कुमार, कमेंटेटर सिद्धार्थ सिंह, रमेश कुमार, निशांक मिश्रा ने निभाई। इस मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, क्लब सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव, प्रेम यादव, ओम नारायण यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अनूप गुप्ता, अर्पित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में महिला सहित 11 घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के ओखरगड़ा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के महिला सहित 11 लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के सत्येंद्र चंद्रवंशी, उसकी पत्नी रेणु देवी उसका पुत्र अभिषेक कुमार छोटू कुमार तथा दूसरे पक्ष के जोगेंद्र कुमार चंद्रवंशी उसकी पत्नी सरिता देवी उसका पुत्र अभिमन्यु कुमार उसकी पुत्री नीतू कुमारी प्रियांशु कुमारी अंशु कुमारी एवं उसकी मां पार्वती कुंवर के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष के आशीष कुमार ने बताया कि उसके घर के पास उसने स्कूल खोला है, इस बात को लेकर उसके चाचा योगेंद्र कुमार चंद्रवंशी को जलन होता है।

## न्यूज | बॉक्स

### बच्चों की प्रगति में आदर्श जीवन की आवश्यकता है : धर्मेंद्र देव



**मेराल।** एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में सोमवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक उपस्थित हो कर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल किया। शिक्षकों ने बच्चों की प्रगति के लिए अभिभावकों को सुझाव दिए। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों की प्रगति में आदर्श जीवन की अत्यंत आवश्यकता है। बच्चों के लिए दिनचर्या का समुचित पालन करना उतना ही जरूरी है जितना विद्यालय जाना। बच्चों के लिए माता पिता, शिक्षक एवं समाज मार्गदर्शक होते हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से निवास सिंह, अमरनाथ पांडे, करण कुमार कौशल, अख्तर, माया देवी, आबिद अंसारी, अखिलेश्वर मिश्र सहित अनेकों अभिभावक उपस्थित थे।

### चुनाव पूर्व किए गए सभी वादों से राज्य सरकार मुकर गई : श्रवन गुप्ता



**गढ़वा।** आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति के निर्देश अनुसार गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड कमिटी द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सरवन गुप्ता ने किया। जबकि संचालन जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने किया। हल्ला बोल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार का 5 साल पूरा होने वाला है। अपने चुनाव पूर्व किए गए सभी वादे से सरकार मुकर गई। राज्य सरकार जनता को छलने का काम किया है। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू प्रसाद केंद्रीय सदस्य सह रमकंडा प्रभारी अजय केसरी, सह प्रभारी प्रहलाद गुप्ता, जिला सचिव शंभू ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष सरवन गुप्ता, अनुराग गुप्ता, देव प्रताप वीरेंद्र भैया, सीताराम गुप्ता दिलीप सिंह, मधु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जुलूस के दौरान मवेशी पर धारदार हथियार से हमला, लोगों ने किया विरोध



**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के अशोक टाकीज के समीप एक विशेष समुदाय जुलुस के दौरान एक मवेशी पर धारेदार हथियार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। साथ ही हमले के बाद मवेशी का इलाज करने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता करण चंद्रवंशी के साथ मारपीट भी किया गया है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में करण ने बताया कि रात के करीब 11 बजे एक विशेष समुदाय के द्वारा जुलूस निकाला गया था। जुलूस में शामिल कुछ मनचले बगल में खड़े मवेशी के पिछले हिस्से को तलवार से काट दिया और उसमें बोतल डाल दिया। मवेशी को तड़पता देख उसके इलाज के लिए कुछ लोग आगे बढ़े तो विशेष समुदाय के लोगों ने मारपीट किया। उस दौरान विशेष समुदाय के भीड़ ने कई घरों में भी घुसने का प्रयास किया। उक्त मामले में करण के आवेदन के आधार पर गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### बिना पीसीसी सड़क का कार्य कराए एक लाख रुपये की फर्जी निकासी



**गढवा।** विशुनपुरा पंचायत में 15 वीं वित्त योजना में मुखिया की मनमानी चल रही है. बिना पीसीसी सड़क कार्य कराए 1लाख रु की फर्जी निकासी कर लेने का मामला सामने आया है. विशुनपुरा के सुनेश्वर शर्मा के घर से दशरथ शर्मा के घर तक पीसीसी सड़क का निर्माण 15 वे वित्त की राशि से करनी है. हालांकि इस योजना में टुकड़ा इट लगा दिया गया है. लेकिन पीसीसी का कार्य पूर्ण किए बिना ही मुखिया पति डॉ प्रवीण यादव के द्वारा भेंडर से 1 लाख रु की भुगतान ले लिया गया है. इस बात को खुद भेंडर ने बताया है. इस पीसीसी पथ निर्माण योजना डाटा के अनुसार 18 जनवरी 2024 को एक लाख रुपए की निकासी कर ली गयी है. वही मिली जानकारी के अनुसार पीसीसी सड़क में घटिया कार्य को लेकर ग्रामीणों ने 7 माह पूर्व कार्य को बंद करा दिया गया था. लेकिन ग्रामीणों के सड़क कार्य मे अनियमितता को लेकर विरोध करने के बाद भी मुखिया द्वारा 1 लाख रु का भुगतान ले लिया है।

### विधायक ने किया कोयल नदी के तट पर पम्पू कल पार्क का उद्घाटन



**मझिआंव।** स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी द्वारा सोमवार को मझिआंव नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के तट पर 19लाख रुपये की लागत राशि से बने पम्पू कल पार्क का फीता काटकर उदघाटन किया गया.इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हैं. कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह उनके द्वारा बनाया गया नगर पंचायत है जहां प्रत्येक वर्ष पांच करोड़ रुपये का विकास कार्य हो रहा है, जबकि पहले जब यह केवल पंचायत था तब विकास के लिए मुश्किल से एक करोड़ ही मिल पाता था. विधायक ने कहा कि मझिआंव अनुमंडल बनने के अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि बकोइया आमर के मध्य में कोयल नदी पर वे एक और पुल बनवाने जा रहे हैं, स्थल का चयन किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेयाज अहमद का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे उत्कृष्ट उच्च विद्यालय के नोडल पदाधिकारी कैसर रजा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेयाज अहमद एक कुशल प्रशासक के साथ साथ अच्छे नेतृत्व कर्ता थे जो हमेशा विद्यालय के कार्य के लिए कृत संकल्पित थे। कार्यक्रम की शुरूवात विद्यालय की संगीत शिक्षिका सीमा कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा स्वागत गान से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण विद्यालय के वरीय शिक्षक उमेश राम के द्वारा किया गया। पूर्व प्रधानाध्यापक बलराम तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि रेयाज अहमद का कार्यकाल अविस्मरणीय और अलौकिक है। ये विद्यालय के लिए हमेशा साकारात्मक सोच के साथ इस विद्यालय को ऊंची मुकाम तक पहुंचने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

## एक नजर

### गणेशपुर पंचायत भवन में हुआ शिविर का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवन में वीडियो सोमा उरांव के नेतृत्व में नए राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 24 जून से 1 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पंचायत के ग्रामीणों ने सैकड़ो राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड आदि के आवेदन किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत भवन में मुखिया परमेश्वर उरांव के उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों मैं राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड से नाम हटाना जुड़वाना सहित दर्जनों आवेदन किया इस दौरान सुमित सिन्हा प्रखंड कर्मी के अलावे लक्ष्मण कुमार यादव राजेंद्र सिंह पवन कुमार सिंह डीलर रामानुज कुमार सुशीला देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस

**कुंदा(चतरा)।** रविवार देर शाम सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कुंदा की प्रखण्ड इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सहायक अध्यापक संघ ने काहा की झारखंड सरकार ने सहायक अध्यापकों को तीन माह के अंदर वेतनमान सहित सभी मांगों को पूरा करने का वादा किया था। परंतु सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा समाप्त होने वाला है, उसके बावजूद मांग अब तक पूरा नहीं हुई। मांग पूरा नहीं होने के विरोध में सहायक अध्यापकों ने मसाल जुलूस निकालकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से एक बार पुनः अनुरोध किया।

### पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा करे गठबंधन सरकार : संघ

**चंदवा।** राज्य स्तरीय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पारा शिक्षकों ने रविवार की शाम मशाल जुलुस निकाल कर आंदोलन की शुरूआत की। राज्य सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने कहा की पारा शिक्षक सरकार को याद दिलाना चाहती है कि सरकार बनने से पूर्व पारा शिक्षकों के साथ वादा किया गया था की उनकी सरकार बनते ही तीन महीने के अंदर राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को बेतनमान दिया जाएगा लेकिन सरकार का कार्यकाल चार वर्ष पूरा होने के बाद भी राज्य के पारा शिक्षक अभी भी आस में हैं कि सरकार अपना वादा पुरा करेगी।

### मोहर्रम कमिटी के जेनरल खलिफा नायब का हुआ चयन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ जामा मस्जिद के सदर इमरान खान के अध्यक्षता में मोहर्रम कमिटि के चुनाव को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहर्रम का त्यौहार जोर शोर से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद मोहर्रम कैसे मनाना है इसे लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।सदर इमरान खान एवं सिक्रेट्री मजहर खान ने कहा इस बैठक में ही मोहर्रम कमिटी के जेनरल खलिफा व नायब जेनरल खलिफा का चयन किया जाना है। इस ओहदे पर जिसका भी चयन किया जाएगा उसकी बातों को सभी लोग मानेंगे और चयनित लोगों के अगुवाई में ही मोहर्रम से संबंधित सारे कार्य किए जाएंगे।

# विस आवास समिति ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



झारखंड विधानसभा की आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को लातेहार परिसदन के सभागार में बैठक कर कई निर्देश दिए। झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने लंबित पड़े आवास योजनाओं व विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी ली गई।

इस दौरान अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। सभापति ग्लेन जोसफ गॉलस्टेन ने समीक्षा के क्रम में कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी।

बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री कविता खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं सुधार करने का निर्देश

**बालूमाथ।** लोकसभा चुनाव 2024 के समर्पण के चंद दिनों बाद ही प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ सोमा उराँव ने प्रखंड सभागार में प्रखंड बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक कर होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों को घर-घर में जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं सुधार करने की दिशा निर्देश दिए मौके पर वीडियो ने बतलाया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है कहा जो भी मतदाता अपना नाम जुड़वाना, सुधरवाना या नए मतदाता जुड़ना चाहते हैं तो बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान बीडियो के अलावा कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे,अखिलेश ओझा,पंचायती राज समन्वयक वकील उरांव, महेश मुंडा, संगीता देवी, सुचित्रा देवी सहित दर्जनों बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दल करें सहयोग : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बैठक किया। झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपीलकरते हुए कहा एक जुलाई 2024 को अहर्ता मानते हुए 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं को सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। जबकि मृत मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है। इस कार्य में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों का सहयोग महत्वपूर्ण है। बीडीओ ने बताया कि मतदाता सूची में नाम के त्रुटि होने पर शुद्धिकरण भी की जा रही है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी ने एक ही परिवार के सदस्यों का अलग-अलग मतदान केंद्र पर नाम रहने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीपीआरओ को इसमें सुधार करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, झामुमो के मनोज कुमार वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार, राजद के रामदेव यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक चतरा लोकसभा के तीन विधानसभा लातेहार, मनिका व पांकी की होटल सेलिब्रेशन इन में समिति के अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चतरा संसदीय सीट पर हुई है हार की समीक्षा की गई।

समीक्षा में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बेहतर होने के बावजुद हार का कारण प्रत्याशी व उनके द्वारा बनाए गये बाहरी प्रभारी का कांग्रेसियों के साथ समन्वय नहीं होना, कांग्रेस संगठन के नेताओं को सिस्टम में शामिल करने व उनके साथ चलने की जगह उन्हें निर्देशित करना को कारण बताया गया।वही कांग्रेसजनों को दरकिनार कर बूथ मैनेजमेंट में घोर कुब्यवस्था दूसरे लोगों से बूथ प्रबंधन कई जगहों पर बूथ एजेंट नहीं होने से इसका सीधा नुकसान मतदान पर हुआ। स्थानीय उम्मीदवारों का नहीं होना, गठबंधन में राजद का साथ राँची के मारपीट की घटना के कारण राजद का साथ नहीं होना प्रत्याशी घोषणा के बाद प्रत्याशी के ब्यवहार में बदलाव, चुनावी दौर में एक बार भी बैठक काँग्रेसजनों के साथ नहीं वहीँ चुनाव में पार्टी को जिला कांग्रेस द्वारा दिए गएसंभावित उम्मीदवार के नामों को दरकिनार करना, बैठक में समिति के भीम कुमार, सुलतान अहमद, मनिका कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह,चतरा लोकसभा प्रत्याशी रहे के एन त्रिपाठी ,प्रदेश कांग्रेस सचिव विजेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पासवान, लातेहार जिला कांग्रेस प्रभारी विजय चौबे, लातेहार जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह,लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, इस्तेखार अहमद, कामेश्वर यादव ,रविंद्र राम, लातेहार जिला कांग्रेस के सुरेंद्र भारती आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 19 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**चतरा।** एनटीपीसी के कॉन्ट्रेक्ट्रों के साथ झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन संबंधी समीक्षा बैठक अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया के निर्देशानुसार जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा की गई। उक्त जानकारी नियोजन पदाधिकारी देते हुए बताया कि बैठक में कांट्रेक्टर को इस अधिनियम के अनुपालन हेतु झार नियोजन पोर्टल पर रिक्तियों, त्रैमासिक रिपोर्ट एवं कार्यरत मानव बल के विवरण अपलोड करने, जनवरी 2024 से अब तक बहाल किए गए कर्मियों की विवरणी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड में 12 सितम्बर 2022 से झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 प्रभावी हो गया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद से 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले सभी तरह के नियोजकों की 40,000 से कम मासिक वेतन/पारिश्रमिक वाले पदों की 75 प्रतिशित रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवारों को बहाल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है।

राज्य के श्रम एवं उद्योग मंत्री ने करोड़ों की परिसंपत्ति का किया वितरण, कहा

# 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को भी मिलेगा एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन

**नवीन मेल संवाददाता। कुन्दा (चतरा)**




सोमवार को राज्य के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कुंदा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान कुंदा प्रखंड कार्यलय सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री श्री भेक्ता ने क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी लेने के साथ पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिया। वहीं अबुवा आवास, अंबेडकर आवास, पेंशन समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र के साथ स्कूली छात्रों के बीच साइकिल, जेएसएलपीएस के माध्यम से करोड़ो रुपए की परीसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य में निवास करने वाले सभी 21 से 50 वर्ष के महिलाओं को भी राज्य सरकार पेंशन के रूप में एक हजार रुपये की राशी देगी। प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत मंत्री प्रखंड क्षेत्र के सुदरवर्ती गेन्द्रा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, बीडीओ विवेक कुमार, अंचलधिकारी शम्भू राम, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मंत्री प्रतिनिधि विनोद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्राह्मदेव भोगता, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### द विजन पब्लिक स्कूल ने प्रारंभ की पर्यावरण बचाने की मुहिम

**चतरा/इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पिपराही में स्थित द विजन पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण बचाने के लिए एक अनोखी मुहिम की शुरूआत की है। इस मुहिम का नाम जितने बच्चे उतने पौधे दिया गया है। इस मुहिम की शुरूआत सोमवार को विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हा के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया गया। श्री सिन्हा ने कहा इस वर्ष गर्मी ने हम सब को इतना तड़पाया है कि मेरे जहन में यह ख्याल आया कि क्यों ना हम अपने-अपने स्तर से प्रकृति को बचाने की कोई नेक पहल करें और इसी कोशिश में एक मुहिम छेड़ी जिसका नाम दिया जितने बच्चे उतने पौधे।

# 14 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे भारत में 14500 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चिन्हित करने के क्रम में चतरा जिले से चिन्हित 14 स्कूलों के 70 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोक्तमा, मध्य विद्यालय दिवानखाना, मवि गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेतरिया, मध्य विद्यालय इटखोरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोनाटांड, उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजपुर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय साहपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग, उमवि हुसिया, उमवि नोंगांव, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगियारा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खद्धैया के प्रधानाध्यापक और शिक्षक शामिल हैं। पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा के द्वारा जिला परिषद के उत्सव पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

### अफीम के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गड़गोमा ग्राम निवासी संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा को पुलिस ने 690 ग्राम 34500 मूल्य के अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी की बारियातू फूलसु रोड बारियातू बाजार मे महेश यादव के घर मे किरायेदार के रूप मे रह रहे संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा ग्राम गड़गोमा निवासी द्वारा अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री का धंधा किया जाता है.तत्वरित कार्रवाई करने पर किराये मे रह रहे घर से भारी मात्रा मे अवैध अफीम पोस्ते की बरामदगी हो सकती है.पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे छापामारी टीम गठन किया गया जिसमे पुअनि राजा दिलावर थाना प्रभारी बारियातू,सअनि नीरज दुबे एवं शस्त्र बल शामिल थे।

# हल्की बारिश में सड़क हुआ तालाब में तब्दील, ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



प्रतिनिधि।महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित पीपल चौक से भंडार मोहल्ला जाने वाली सड़क सिर्फ एक दिन की ही बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। जो की आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। विशेष कर आसपास रहने वाले बच्चों के लिए सड़क के गड्ढो में भरा हुआ पानी जानलेवा साबित हो सकता है।

इस संबंध में स्थानीय लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा पानी के निकासी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास किया जा चुके हैं। लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा यह कह कर कि हमारे रैयती जमीन में पानी आ रहा है रोक दिया गया। लेकिन हाल के मापी में यह स्पष्ट हो चुका है कि पानी निकासी के लिए जगह बनाने में किसी भी रैयत की भूमि अधिग्रहित नहीं होगी। स्थानीय पूर्व वार्ड सदस्य अशोक प्रसाद बताते हैं कि पूर्व में भी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध में आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई सुधार नहीं हुआ।

इस सड़क पर सिर्फ एक सरकारी चापानल है। जो की पूरी तरह सड़क में भरे किचड़ व पानी में डूब गया है। जिससे यहां पानी के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी निरंजन जायसवाल बताते हैं की बाजार आने-जाने के लिए इसी सड़क का प्रयोग होता है। कई बार लोगों के मोबाइल एवं बाजार से लाई जाने वाली चीजें इस सड़क में बर्बाद हो चुकी है। जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। लोगों ने उपायुक्त लातेहार से सड़क की मरम्मती समेत नाले के निर्माण की मांग की है।

## मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का न्यू बस स्टैंड में हुआ उदघाटन



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बस स्टैंड के पास शिखा महिला समूह द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र प्रारंभ हुआ। जिसका उद्धघाटन बालूमाथ पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर के द्वारा फीता काटकर शुरूआत की गई। मौके पर मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित 5 में दाल भात खाना यह मजदूर गरीब लोगों के लिए वरदान जैसी योजना है सरकार इस तरह की योजना चला कर गरीबों को बहुत राहत मिली है। इस दौरान समूह की महिलाओं के अलावे कई ग्रामीण जनता मौजूद रहे।


कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 02/2024-25 (2nd Call)

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत खराब चापाकल की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। चापाकल सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 08.07.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु India Mark-II का सामग्री निम्नवत् है :-

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अदद | क्रमांक | सामग्री का नाम | अदद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाईप + सॉकेट $1\frac{1}{4}$ TATA | 500 | 5 | चैन (ब्रांडेड कम्पनी) | 200 |
| 2 | रड सॉकेट 12MM (ब्रांडेड कम्पनी) | 400 | 6 | हैन्डिल (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 |
| 3 | हेड (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 | 7 | क्रुम वासर (ब्रांडेड कम्पनी) | 500 |
| 4 | बैरिंग (ब्रांडेड कम्पनी) | 500 | 8 | पलेंजर (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 |

ह0/-
नगर आयुक्त -सह- प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 328275 District(24-25)D


**पदभार**

वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना पहली प्राथमिकता : सीएफ

# अरविंद कुमार बने चतरा के वन संरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा के पद पर सोमवार को भारतीय वन सेवा अधिकारी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के दौरान चतरा दक्षिणी प्रमंडल के डीएफओ मुकेश कुमार व उतरी प्रमंडल के डीएफओ राहुल मीणा मौजूद थे। इस दौरान विभाग के सारे कर्मचारियों ने नए सीएफ अरविंद कुमार का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर वन संरक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना पहली प्राथमिकता होगी. किस तरह वन्यजीवनों की सुरक्षा करना है, इसके लिए अधिकारियों के साथ रणनीति बनायेंगे, जबकि आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। चतरा वन क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य जोर शोर से कराया जाएगा। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम और कर्मचारियों की समस्याओं पर भी काम करने की बात कही। वन विभाग की कोशिश होगी कि लोगों की सोच को बदला जाए। कहा कि जंगल की रक्षा करना केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नही है बल्कि सभी की सहभागिता इसमे जरूरी है। गौरतलब है कि श्री कुमार इससे पहले लोहरदगा सम्प्रति वन प्रमंडल पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इनका कार्यकाल लोहरदगा में बहुत ही अच्छा रहा है।

## एक नजर

### हरमू पंचायत भवन में कैम्प लगाकर लोगों को किया गया जागरूक

**लोहरदगा।** श्रम अधीक्षक दीप्ती लॉरी तिर्की के निदेशानुसार हरमू पंचायत भवन में सोमवार को कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया गया एवं झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने हेतु जानकारी दी गयी। बताया गया कि झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबन्धित प्रबंधन के बाद पर्यवेक्षक को विभिन्न यथा; निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रावृति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, पेंशन योजना पारिवारिक पेंशन योजना के अंतर्गत उपलब्ध योजनाओं की जानकारी दी गई।

### तीन साल बाद आया दोहरे हत्याकांड का फैसला

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित महदनीया केला बगान में 23 अगस्त 2021 की देर रात कर्नाटक राज्य से आकर उक्त इलाके में लोकल किसानों के बीच केले की खेती का अलख जगाने वाले , लोकेश पुत्तास्वामी व उसके साथी एम देवा दासु की निर्मम हत्या के मामले में करीब तीन साल बाद अदालत का फैसला सामने आया है। इस चर्चित मामले में एडीजे फॉर संजीव भाटिया ने घटना में शामिल रहने वाले तीन नामजद आरोपियों यथा आनंद उरांव उर्फ आनंद तिग्गा,अर्पण उरांव व बसंत उरांव को अलग अलग धाराओं के तहत अलग अलग सजा सुनाई है।अदालत ने तीनों आरोपी को आइपीसी की धारा 302 व 34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।साथ ही तीनो को पांच पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है।जुमार्ना की राशि नही देने पर तीन तीन साल अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है।इसी प्रकार अदालत ने धारा 394/34 के तहत तीनो को आजीवन कारावास व एक एक लाख रुपया जुमार्ना लगाया है।

### योग कक्षा एवं प्राकृतिक चिकित्सा का आयोजन

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के भक्सों नदी के तट पर योग कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें योगिंग जॉगिंग सूर्य नमस्कार आसन प्राणायाम किया गया। प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा मिट्टी स्नान किया गया। हाथों का एक्यूप्रेशर करने के लिए तालिया बजाते हुए भजन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महादेव मंदिर में सभी योग साधकों द्वारा पूजा अर्चना की गई। उसके बाद चूड़ा दही और गुड़ के साथ-साथ मौसमी फल आम का जलपान का आयोजन किया गया। योग कक्षा एवं प्राकृतिक चिकित्सा का आयोजन पतंजलि स्वदेशी वितरक एवं आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड़ लोहरदगा के द्वारा किया गया।

### सदर हॉस्पिटल गुमला में डॉक्टर्स डे समारोह में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गुमला।** गुमला सदर हॉस्पिटल गुमला ने आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर अपने डॉक्टरों को सम्मानित किया। इस समारोह का उद्देश्य डॉक्टरों की अथक सेवा और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करना था। गुमला सदर हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में नर्सों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम शामिल था। हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्यों ने एक साथ डॉक्टरों के योगदान को स्वीकार किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस डॉक्टर्स डे पर, हम अपने डॉक्टरों की अथक सेवा और समर्पण को स्वीकार करते हैं, सदर हॉस्पिटल के प्रशासक ने कहा। उनकी विशेषज्ञता और सेवा हमारे रोगियों और समुदाय के लिए अनमोल है। यह समारोह हॉस्पिटल स्टाफ के लिए डॉक्टरों के महत्व को स्वीकार करने और उनकी सेवा को सुविधाजनक बनाने के लिए संसाधनों, बुनियादी ढांचे और काम की स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालने का एक अवसर था।

**लोहरदगा में तीन बेटियों के साथ आमरण अनशन पर बैठी निर्मला देवी**

# सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा सिर्फ दीवाल लेखन तक सिमटा : निर्मला

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत सेरेंगहातु गांव निवासी महिला निर्मला देवी अपनी तीन बेटियों के साथ लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गई है। उनसे पूछने पर उन्होंने बताया की विगत वर्ष से उसुर्लाइन विद्यालय प्रबंधन मुझे परेशान कर रहा है और मेरी बेटियों का नामांकन नहीं लेकर भविष्य बर्बाद कर रहा है। इस मामले को लेकर मैने उपायुक्त, डीएसई डीईओ के पास आवेदन देकर थक गई बावजूद कोई सकारात्मक कार्रवाई नही किया गया है। उपायुक्त ने समुचित कार्रवाई के लिए डीईओ को पत्र प्रेषित किया था लेकिन डीईओ ने इसपर कोई कार्रवाई नही किया बल्कि उसुर्लाइन विद्यालय प्रबंधन का पक्ष ली।

डीईओ का यह रवैया सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को घात पहुचाता है। उन्होंने बताया कि मेरी गलती इतनी है की मैंने मेरी बड़ी बेटी का फीस के एवज में उसकी रसीद मैने विद्यालय प्रबंधन से मांगा था।

यह रसीद मांगना मेरी अन्य दो बेटियों को उसुर्लाइन विद्यालय से नामांकन से वंचित करा दिया है। इसके बाद मैंने सुचना के अधिकार के तहत जरूरी मांग की। जिसकी सजा मेरी बेटियों को दिया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ दीवाल लेखन तक ही सीमित है, यह मात्र एक दिखावा है। उसुर्लाइन विद्यालय पर सरकार की कोई अंकुश नहीं है। राज्यपाल के पास गई और शिक्षा सचिव के पास भी गई।

उनके आदेशो का भी पालन विद्यालय प्रबंधन नही किया । मामले में विद्यालय की प्रिंसिपल से पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी भी फोन नहीं उठाई। जिसके कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।



**मै उपायुक्त के समक्ष टेस्ट देने के लिए तैयार हूं : नैंसी प्रजापति**

वही आमरण अनशन पर बैठी बेटी नैंसी प्रजापति का सपना है एक डॉक्टर बनने का और कहती है की मै उसी स्कूल मे पढ़ना चाहती हूँ। मेरा टेस्ट डीसी सर अपने सामने लें यदि मै फेल करती हूं तो नामांकन नहीं ले लेकिन मेरे टैलेंट को चैलेन्ज किया गया और मुझे टेस्ट मे फेल घोषित कर नामांकन नहीं लेने से मै काफी मानसिक पीड़ा मे हुँ। आमरण अनशन मे निर्मला देवी के साथ उनकी बेटियां खुशी प्रजापति जो इसी विद्यालय से ही मैट्रिक पास की है। वर्तमान मे इंटर भी प्रथम श्रेणी 75% अंकों से पास की है। वही शैली प्रजापति का नामांकन लिया ही नहीं गया है फॉर्म भी नहीं दिया गया।

**विद्यालय की मनमानी से बेटियों का भविष्य बचायें : अभय कुमार महतो**

मामले में जदयू के प्रदेश महासचिव अभय कुमार महतो ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार मे लिप्त है। सरकार को आम आदमी की परेशानियों से कुछ लेना देना नहीं है। यह दुर्भाग्य की बात है कि आज बेटियां आमरण अनशन पर जमीन पर बैठी है। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या होंगी सरकार के लिए। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि मामले में त्वरित संज्ञान लेकर विद्यालय की मनमानी पर रोक लगाए और बेटियों को बचाने, बेटी को पढ़ाने की व्यवस्था कराये और शोषण से मुक्ति दिलाये।

**लोहरदगा में डॉक्टर्स डे पर हुए कई कार्यक्रम**

## सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण व ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजित




**लोहरदगा।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत पचास से अधिक मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। साथ हीं नियमित इलाज कराकर डॉक्टर के नुस्खे का पालन कर शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की गई। वहीं ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, देशराज गोयल, पंकज साहू, धनराज साहू, निखिल बर्मन सहित आठ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि डॉक्टर का पेशा सेवा करना होता है और समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होता है। सेवा भाव से किए गए कार्य में संतुष्टि मिलती है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य समाज के लिए एक संदेश है। रक्तवीर देशराज गोयल ने बेरासीवां रक्तदान कर लोहरदगा जिला में कीर्तिमान स्थापित किया है जो प्रेरणादायक है। इस अवसर पर एसोशिएशन के उपाध्यक्ष डॉ शम्भूनाथ चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने सम्बोधित किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर एसोसिएशन के गतिविधियों पर चर्चा किया और आगे की रणनीति बनाया। जिसके तहत एम एल ए कॉलेज में संध्या आठ बजे बैठक रखी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ एस एन चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ सनल शानू बरवार, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, विकास कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### रविंद्र गंझू टीम के सदस्य के घर ने पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की कार्रवाई चंदवा थाना क्षेत्र मंडआ गांव स्थित धर्मेंद्र गंझू उर्फ सुलेदर गंझू आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी के घर एसआई कामू पासवान के द्वारा न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार चिपका कर निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की बात कही गई है।

## लोहरदगा में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज

**लोहरदगा।** लोहरदगा में नए कानून के तहत एक एफआईआर दर्ज किया गया है। यह एफआईआर सदर थाना में दर्ज किया गया है। जिसमे सदर थाना कांड संख्या 137/24 दिनांक 01.07.2024, यू/एस 317(5) ऑफ बीएनएस और 4/54 झारखंड खनिज रियायत नियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के द्वारा दर्ज कराया गया है। जिसमे अवैध बालू लदे हुए जप्त वाहनों के मालिकों एवं चालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का जिक्र किया गया है। बताया गया कि मिशन चौक के पास बरवाटोली से कृषि बजार जाने वाले रास्ते में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। जिसमे ब्लू रंग का ट्रैक्टर स्वराज कंपनी का मॉडल 735 T जिसका रजि० नं० JH08F 6726 है. जिसके टेलर में नम्बर अंकित नहीं



है एवं उसमें लगभग 90 घनफीट बालू लदा हुआ था तथा लाल रंग का महिन्द्रा कंपनी ट्रैक्टर मॉडल 415 DI DL जिसका रजि० नं० अंकित नहीं है, है. जिसके टेलर में नम्बर अंकित नहीं है एवं उसमें लगभग 80 घनफीट बालू लदा हुआ था। डीएमओ ने बताया कि वर्तमान में जिलान्तर्गत बालू खनन हेतु किसी व्यक्ति/संस्था को खनन पट्टा स्वीकृत नहीं है। यह बालू अवैध रूप से नदी से खनन कर ट्रैक्टर में लोड कर परिवहन किया जा रहा था, जो झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित 2017) के नियम 4 का उल्लंघन एवं नियम 54 के तहत दण्डनीय अपराध है।

# बरसात में सड़क और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना स्थित मोकरा ग्राम से करमटोली ग्राम तक में इस भरे बरसात के मौसम में लगातार हो रहे बारिश में सड़क और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने से आसपास के क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों को भारी कष्ट उठाना पड़ रहा हैं। फलस्वरूप सैकड़ों ग्रामीण गोलबंद होकर उक्त निर्माण स्थल पर पहुंचकर संबंधित ठेकेदार से अभिलंब सड़क और पुल निर्माण करने की मांग की गई और जब तक उक्त सड़क और पुल का निर्माण कार्य नहीं पूर्ण नहीं हो जाता है । तब तक उक्त पुल निर्माण स्थल के बगल में आने जाने के लिए एक ड्राइवर्सन बनाने की मांग की गई। जिस पर उक्त संबंधित ठेकेदार ने ग्रामीणों की उक्त सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का और अभिलंब ड्राइवर्सन बनाने का आश्वासन दिया । उक्त घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों का कहना था की हम सभी ग्रामीण विकास कार्यों का स्वागत करते हैं। पर गलत समय पर उक्त सड़क और पुल निर्माण का कार्य शुरू किया गया हैं। उक्त कार्य बरसात प्रारंभ होने से पहले उक्त



सड़क और पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया जा रहा हैं। इस भरें बरसात में सड़क और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कराई जा रही हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा हैं। उक्त रास्ते में वाहन, एंबुलेंस, बाइक और तो और साईकिल भी नहीं चलाया जा सकता हैं, फलस्वरूप आवश्यक कार्यों और गंभीर रूप से आश्वस्त रोगियों को अस्पताल भी नहीं ले जाया जा सकता हैं।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का किया गया आयोजन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया -रेफरल अस्पताल बसिया के तत्वधान में प्रखण्ड के 16 राजस्व गांव मे आयुष्मान गोल्डन कॉर्ड निर्माण के लिये शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बी टी एम संदीप कुमार साहू ने कहा प्रखण्ड के बहुत ऐसे गांव हैं जहां गोल्डन कार्ड बहुत कम संख्या में बनाई गई है वैसे गाँवो को चिन्हित कर सोमवार को 16 राजस्व गांवो में शिविर का आयोजन कर 118 लोगो का गोल्डन कार्ड बनाया गया है जिसमे सहिया साथी एवं प्रज्ञा केंद्रों को लगाया गया था। प्रखण्ड में लगातार बिजली की समस्या के कारण काम मे तेजी नही लाया जा सका है।

# झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन पहुंचे लोहरदगा



**जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति व विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में सोमवार को लोहरदगा परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना में प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवास व प्रथम किश्त के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा की गई। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त शौचालय के लिए विभाग को पुनः पत्राचार करने का निदेश दिया गया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में जर्जर भवनों की मरम्मती के लिए विभाग को पुनः स्मार भेजे जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न टीका व दवाइयों की स्थिति, आवश्यक उपकरण की समीक्षा की गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किये जाने का निदेश दिया गया। आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मृत्यु आदि मामलों में कृत कार्रवाई पर चर्चा की गई व निदेश दिए गए। आपूर्ति विभाग अंतर्गत कम राशन व अन्य शिकायत के मामलों में त्वरित कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया।

### प्रखंड कमेटी भाकपा माले का किया गया गठन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड कमिटी भाकपा माले का गठन किया गया। जिसमें रामावतार साहू पार्टी का प्रखंड प्रभारी एवं गणसु महतो को अध्यक्ष चुने गये और अन्य 12सदस्यीय कमिटी निम्न प्रकार हैं 1, गणसू महतो 2, बिनोद उरांव 3, बासुदेव उरांव, 4, सोनामती देवी,5, सीता देवी 6, सहबीर उरांव 7, रोशन पन्ना 8 सांति ओरेन 9, मालती देवी 10 शोभा देवी 11 रूनी देवी 12 वीरेंद्र उरांव को सदस्य चुना गया। भाकपा माले के जिला सचिव गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में 7 टीम सुषमा देवी,सदस्यीय जिसमें महेंद्र जंक्शन उरांव, रामावतार साहू, दर्शन उरांव,देवलाल लोहरा, विद्यासागर खेस का तीन दिन का लगातार चैनपुर प्रखंड के बिभिन पंचायतों का दौरा के बाद बरडीह पंचायत के केरागनी गांव में खुला समेलन का आयोजन किया गया।

**उपायुक्त ने जिला मुख्यालय स्थित रॉक गार्डन का किया निरीक्षण, कहा**

# पर्यटकों के आकर्षण के लिए करें तकनीक का उपयोग

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों के निर्माण एवं मरमती का कार्य प्रारंभ करने हेतु योजना तैयार की जा रही हैं इसी क्रम में आज सोमवार को जिले के शहरी क्षेत्र में स्थित रॉक गार्डन को भी पर्यटन क्षेत्र एवं पर्यटकों के आकर्षण केंद्र के रूप में परिवर्तित करने हेतु उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक को रॉक गार्डन के मर्मती करने से संबंधित डीपीआर तैयार करने की बात कही। उक्त क्षेत्र में पर्यटकों के आकर्षण के लिए नए तकनीकों का उपयोग करते हुए पर्यटकों के लिए मनोरंजन के केंद्र



के रूप में निर्माण करने हेतु योजनाओं पर चर्चा हुई। रॉक गार्डन में डार्क रूम, थ्री डी रूम , वीआर जैसे कई तकनीकी मनोरंजक गतिविधियों को सुरुआत करने को लेकर भी योजनाएं बनाई गई। उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए भी झूले इत्यादि के निर्माण करने की बात कही। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोलर लाइट की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा इत्यादि लगाने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं एवं उक्त क्षेत्र के विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया जिसे राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने बिरसा मुंडा एग्रोटेक पार्क में भी आवश्यक मर्मत करवाने हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला खेल पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें ।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड मुख्यालय के नगड़ी ढलान के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत वह दो गंभीर रूप से घायल है घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल में दो युवक नशे में धूत तेज रफ्तार में घाघरा से बिशुनपुर की ओर जा रहे थे , वहीं विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर आ रहे थे , जिससे आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई , घटना के बाद एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई , वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। उक्त घायल में सिसई बरगांव पतिटोली निवासी लगभग 45 वर्षीय जगन्नाथ उरांव व एक अज्ञात युवक है दोनों को इलाज के बाद रेफर किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### शराब के नशे में चूर राजस्व कर्मचारी ने रैयत के साथ किया अभद्र व्यवहार

**सेन्हा-लोहरदगा।** अलौदी पंचायत क्षेत्र के आरा ग्राम का राजस्व कर्मचारी द्वारा रैयत के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी से संपर्क कर लिया गया जायजा राजस्व कर्मचारी के कार्य का अवहेलना करते हुए रैयत परेशान है. यह मामला सेन्हा अंचल का है.अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी प्रदीप नेल्सन टोप्पो के द्वारा रैयत के साथ अपशब्द का प्रयोग करते हुए आरा ग्राम के रैयत को कार्यालय से भागने का आरोप कहा गया है। विदित हो कि आरा निवासी स्वर्गीय हनीफ मृदाहा का पुत्र जबीर मृदाहा अपनी जमीन समस्या को लेकर अंचल कार्यालय सेन्हा आया हुआ था।जो राजस्व कर्मचारी को नही पहचानने पर अंचल क्षेत्र के डांडू निवासी मोहमद मोगले आजम से जबीर मृदाहा पूछा तो उसने राजस्व कर्मचारी के कार्यलय ले गया।और शिष्टचार स्वरूप प्रणाम करते हुए आरा के रैयत को बताया। इतने में राजस्व कर्मचारी प्रदीप लेन्सन टोप्पो ने अपशब्द और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर धक्का मार निकाल दिया। जिसको लेकर अंचल परिसर में शोर गुल होने लगा तभी पत्रकार पहुंचते है। तो सारी घटना को बताते हुए जबीर मृदहा ने कहा की रैयत के कार्य के लिए पदस्थापित राजस्व कर्मचारी का व्यवहार अच्छा नही है। बताया गया कि राजस्व कर्मचारी नित्य दिन शराब का सेवन कर कार्यालय आते है। इस तरह का व्यवहार अन्य लोगो के साथ करते है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से जायजा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रदीप लेन्सन टोप्पो का रैयत के साथ व्यवहार अच्छा नही रहता है। इसके व्यवहार से हम भी हारे हुए है। वहीं रैयत इसकी शिकायत उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण से करने की बात कही है।



### भंडरा में सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**भंडरा ।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के कुंदो गांव के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनो घायलों का इलाज की जा रही है। बताया जाता है कि बेड़ो थाना क्षेत्र के चनकोपी गांव निवासी विजय गोप चनकोपी से अपनी बाइक से लोहरदगा जा रहा था। इसी बीच कुंदो गांव के समीप साइकिल से सड़क पार कर रही जमगाई गांव निवासी पुष्पा लकड़ा को विजय ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार व साइकिल सवार दोनों पूरी तरह घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया । इस घटना में विजय को सर में गंभीर चोट लगी है जबकि पुष्पा लकड़ा नाक व चेहरे में काफी चोट लगी है। इधर भंडरा पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।



### सांपर्दश से बच्ची हुई गंभीर, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के गढ़गांव सेमर टोली में विषैला सांप के काटने से बच्ची की हालत गम्भीर हो गई। परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गाँव सेमरटोली निवासी लक्ष्मण उराँव का लगभग तीन वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी को विषैला सांप काट दिया। जिससे बच्ची की तबियत बिगड़ने लगा तो परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया।जहाँ बच्ची का इलाज चल रहा है। बच्ची का हालत में सुधार बताया जा रहा है। वही बच्ची के पिताजी लक्ष्मण उराँव ने बताया कि रविवार को हम लोग अरु बाजार गये थे। उसी दौरान मेरी बड़ी बच्ची कविता कुमारी के साथ छोटी बच्ची मनीषा कुमारी थी।



### सात वर्षीय बच्चें को सांप ने डसा

गुमला। गुमला सदर थाना स्थित फोरी आईन टोली निवासी सात वर्षीय रितेश कुमार जो लूरकुरिया स्कुल डेवीडीह छात्रवास में रहकर पढ़ाई कर रहा हैं और उक्त परिसर में खेल रहा था इसी क्रम में उसे एक जहरीले सांप ने डंस लिया, बाद में परिजनों ने रितेश कुमार को और उसे काटने वाले सांप को एक प्लास्टिक के जार में बंद कर इलाज के लिए कमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां, डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, डॉक्टर ने उसे खतरे से बाहर बताया है।

### सूखे पेड़ बड़े हादसे को दे रहे हैं आमंत्रण

**कूडू/लोहरदगा।** कुडू के कई घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में दर्जनों सूखे और पुराने पेड़ों से किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर बिजली खंभों में पेड़ की डाली गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित होती रहती है। ऐसा ही एक विशाल सूखा पेड़ कुडू चंदवा मुख्य पथ कूडू के टीको पुल स्थित पावर सब स्टेशन के सामने स्थित यादव ढाबा के मुख्य द्वार पर महीनों से सुख चुका पेड़ दुर्घटना को नेवता दे रहा है। एनएच 75 से होकर गुजरने वाले सैंकड़ो भारी वाहनों के चालक नाश्ता पानी और विश्राम करने के लिए सड़क के किनारे ढाबे और होटलों में रुकते हैं।

**जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा**

**आम सूचना**

केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित पेंशन (सर्वजन पेंशन योजना) योजनान्तर्गत भुगतान की गई विवरणी :-

गढ़वा जिले के सभी पेंशन प्राप्त करने वाले लाभुकों को सूचित किया जाता है कि

केन्द्र प्रायोजित पेंशन योजनाएँ
(1) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का भुगतान माह मार्च 2024 तक
(2) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का भुगतान माह अप्रैल 2024 तक
(3) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत भुगतान माह मई 2024 तक

राज्य संचालित पेंशन योजनाएँ (सर्वजन पेंशन योजना)
(1) मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना
(2) मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना
(3) मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना
(4) स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना
(5) HIV/ADIS व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना

सर्वजन पेंशन योजना का भुगतान माह अप्रैल-जून 2024 तक कर दिया गया है। सभी लाभुक अपने खाते को बैंक में जा कर पेंशन की राशि जॉच कर सकते है।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
गढ़वा

PR 328268 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

# अरगा नदी पर बन रहे ब्रिज के गिरने के मामले में सचिव ने दिया जांच का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह-जमुई को जोड़ने वाले भेलवाघाटी के अरगा नदी पुल टूटने के मामले में पथ निर्माण विभाग के सचिव ने ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार रंजन गुप्ता को आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया है। वहीं पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार को शो कॉज नोटिस जारी कर निमार्णाधीन पुल टूटने का कारण पूछा है। कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा की सचिव के निर्देश पर ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार से नुकसान की भरपाई किया जाना है। वैसे ठेकेदार पर कार्रवाई अभी होना बाकी है। सचिव के निर्देश का इतंजार है, निर्देश के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है तो सिक्योरिटी की राशि को सीज करने का भी निर्देश मिल सकता है. फिलहाल, बारिश के बाद नदी में आए तेज बहाव के कारण पुल का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बहने की घटना से करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान है। सचिव के निर्देश पर ठेकेदार ने गिरिडीह पथ प्रमंडल को सोमवार को एक अंडर टेकिंग लिख कर दिया है, जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई खुद ठेकेदार द्वारा किया जाना है। नुकसान का अतिरिक्त राशि खर्च करने का कोई दावा विभाग पर नही किया जाएगा। इस बीच कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सोमवार को दूसरी बार टूटे पुल का जायजा लेने पहुंचे. बताते चलें की पांच साल पुराना योजना का कार्य अधूरा था और बारिश में ठेकेदार रंजन गुप्ता ने जब सेंट्रिंग सेट किया, और ढलाई किया, तो नदी के तेज बहाव के पुल का एक स्पेन टूट कर गिर पड़ा और तेज बहाव में सब बह गया।

## विजन पब्लिक स्कूल ने प्रारंभ की पर्यावरण बचाने की अनोखी मुहिम

**चतरा/इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पिपराही में स्थित द विजन पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण बचाने के लिए एक अनोखी मुहिम की शुरूआत की है। इस मुहिम का नाम जितने बच्चे उतने पौधे दिया गया है। इस मुहिम की शुरूआत सोमवार को विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हा के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया गया। श्री सिन्हा ने कहा इस वर्ष गर्मी ने हम सब को इतना तड़पाया है कि मेरे जहन में यह ख्याल आया कि क्यों ना हम अपने-अपने स्तर से प्रकृति को बचाने की कोई नेक पहल करें और इसी कोशिश में एक मुहिम छेड़ी जिसका नाम दिया जितने बच्चे उतने पौधे। श्री सिन्हा ने आगे कहा हमारे विद्यालय में 1000 बच्चे नामांकित हैं और 1000 पेड़ लगाने जा रहे हैं।

## आजसू ने किया हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा/कान्हाचट्टी।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में आजसू कार्यकताओं ने सोमवार को पार्टी निर्देश पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह व संचालन किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उदय चौबे ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय सदस्य संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष शिवलाल दांगी, जिला सचिव अनिल सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पोखन दांगी उपस्थित थे। सभी ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर झारखंड सरकार होश में आओ,बजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा देना होगा के नारे लगाए। उसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में पार्टी के नागेंद्र ठाकुर, संजीत सिंह, अजय यादव, अधीर कुमार, मालती देवी, देवंती देवी, गीता देवी आदि महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

**गुमला।** गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने सभी न्यायिक पदाधिकारीयो से बैठक कर उन्हे योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित कोर्ट्स में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया इसी क्रम में आज प्रधान जिला जज के द्वारा मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया गया इसमें इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्ताओं ने भाग लिया । कल प्रधान जिला जज के द्वारा सभी बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं पदाधिकारी के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर चर्चा की जाएगी ।

पझरी पहाड़ में

## पझरी पहाड़ के समीप ग्रामीणें ने पकड़ा विशाल अजगर



**भंडरा ।** भंडरा के पझरी पहाड़ के पास एक विशाल अजगर ने गांव के एक बकरी को अपना निवाला बनाने के प्रयास में था। मौके पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई। जिस बाद काफी मशक्कत के बाद बकरी को अजगर के चंगुल से अलग किया गया। लेकिन अजगर का पकड़ इतना मजबूत था की बकरी की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की है। पहाड़ के पास लोग अपने बकरी का चरवाही कर रहे थे। इसी दौरान एक बड़ा अजगर एक बकरी को अपने चपेट में ले लिया। बकरी का आवाज सुन लोग आवाज की ओर दौड़े तो नजारा देख दंग रह गये। पहले तो लोगों ने बकरी को अजगर के चंगुल से छुड़वाया।

---


## समाहरणालय लोहरदगा
## (विकास शाखा)
### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण - सूचना

विधायक निधि अन्तर्गत लोहरदगा जिला के उर्सलाइन बी.एड एवं एम.एड कॉलेज लोहरदगा के पुस्तकालय हेतु माननीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा पुस्तक क्य हेतु 8,00,000/– (आठ लाख) रूपये का अनुशंसा किया गया है। प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 15.07.2024 को 2:00 बजे अपराहन तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/विक्रेता पुस्तकों की सूची एवं निविदा के अन्य शर्त्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
लोहरदगा।

PR.NO.328221 Lohardaga(24-25):D


---


## कार्यालय:–न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

सूचना संख्या :–01 दिनांक :– 28.06.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अन्तर्गत लंबित निम्नलिखित अधिहरण वादों की अंतिम सुनवाई की तिथि 16 जुलाई, 2024 को निर्धारित की गई है। संबंधित अधिहरण वाद से प्रभावित वादी/प्रतिवादी उक्त तिथि को स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा निर्धारित तिथि को न्यायालय द्वारा इन वादों में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्त वाहन की पंजीयन संख्या | अधिहरण वाद में अभियुक्तों का नाम एवं पता | जप्त वाहन का थाना कांड संख्या | जप्त वाहन का वन क्षेत्र पदाधिकारी का पत्रांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/2023 | पत्थर कोयला लगभग 18 टन | 12 चक्का ट्रक JH02A-8985 | मो0 रिजवान अंसारी पिता मो0 शाबीर अंसारी, सा0–कमता, थाना–टण्डवा, जिला–चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, सिमरिया वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 185 दिनांक 11.11.2022 |
| 2 | 18/2021 | पत्थर लगभग 100 Cft. | मोटर साइकिल संख्या– JH13F-5128 एवं टेलर बिना नम्बर का | श्री पिन्टु कुमार पिता चन्द्रा साव उर्फ रामचन्द्र साव, सा0– नावाडीह, पो0– बरैनी, थाना+जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 1106 दिनांक 06.12.2021 |
| 3 | 19/2021 | कोयला लगभग 3–3 टन | 1. ब्लू रंग का ट्रैक्टर, इंजन संख्या– E352921 एवं चेचिस संख्या– TO53470171KJ टेलर बिना नम्बर का 2. लाल रंग का ट्रैक्टर, इंजन संख्या– RKJ2DBN0312 एवं चेचिस संख्या– MBNABAEAPKRJ00132 | 1. श्री राजु राम पिता अज्ञात, सा0– मुरपा, थाना बालुमाथ, जिला लातेहार। 2. श्री रूपेश यादव पिता अज्ञात, सा0– सिरम, थाना बालुमाथ, जिला लातेहार। 3. श्री सुबोध यादव पिता अज्ञात, सा0– सिरम, थाना बालुमाथ, जिला लातेहार। | टण्डवा थाना का काण्ड संख्या–18/2021 दिनांक 07.02.2021 | – |
| 4 | 03/2019 | अवैध रूप से अफीम की खेती किये जाने। | मोटर साईकिल संख्या- JHA13E-4108 एवं एक डीजल पम्प 2 एच0पी0 | श्री सुरेन्द्र भारती पिता प्रभु भारती, सा0– टटरा, थाना– राजपुर, जिला– चतरा। | – | चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 227 दिनांक 12.03.2019 |
| 5 | 20/2018 | 15 पन्द्राह पीस सखुआ बोटा | पिकअप भेन Reg.- JH02AT/0409 | श्री राजेश कुमार, पिता अज्ञात, सा0– तिलिर जीहु, थाना– कटकमदाग, जिला– हजारीबाग (झारखण्ड)। | – | चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 347 दिनांक 20.11.2018 |
| 6 | 16/2018 | साल बोटा 4 पीस तथा एक टॉगी | साइकिल (बजाज का बॉक्सर) पुराना जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या- JH13A-1523 | श्री रघु साव पिता स्व0 टिकम साव, सा0– असढ़िया, थान+जिला– चतरा। | – | चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 386 दिनांक 23.10.2018 |
| 7 | 13/2021 | कोयला– 15 टन | 1. ट्रक नं0– JH02AJ-4771 2. अपाची मोटर साईकिल नं0 JH01DM-9066 3. होण्डा स्कुटी नं0–JH01CB-4827 | अज्ञात | पिपरवार थाना कांड संख्या–08/2021 दिनांक 12.02.2021 | – |
| 8 | 08/2022 | कोयला लगभग– 20 टन | 1. 12 चक्का ट्रक नं0– JH02T-6828 | मो0 इकबाल अंसारी पिता युनुश अंसारी, सा0+पंचायत+थाना– बगोदर, जिला– गिरीडीह। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 370 दिनांक 28.03.2022 |
| 9 | 24/2023 | कोयला लगभग 20 टन | 14 चक्का ट्रक संख्या– UP70GT-0381 | श्री हरिनारायण त्रिपाठी पिता भरत त्रिपाठी, सा0– नारी बारी, हिनौती, जिला प्रयागराज, (उत्तरप्रदेश)–122307 | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 526 दिनांक 08.08.2023 |
| 10 | 07/2023 | कोयला लगभग 50–60 टन | (1). CG04FC-3911 एवं (2) JH09AY-5010 | 1. श्री राजेन्द्र यादव पिता काला यादव, 2. श्री राजु राम पिता ........... सा0– मुरपा, थाना–बालुमाथ, जिला– चतरा। 3. बिरेन्द्र गंझु पिता ........... सा0– बगलता, थाना टण्डवा, जिला चतरा। | टण्डवा थाना का काण्ड संख्या–91/2022 दिनाक 13.04.2022 | – |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

PR 328270 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)


---


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, गढ़वा

संशोधित

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 04 जुलाई–2024**

### सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–04.07.2024 को पूर्वाहन–10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय गढ़वा के प्रांगण में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024" का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने हेतु सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Freedom Employability Academy, Delhi. | Facilitator | 60 | Graduate ( Any stream ) | - | - | 18-45 yr | 13000 /- ( Gross Salary) | Korba, Ambikapur,Bilaspur,Raipur,durg, |
| 02 | Reliance Trends, Garhwa | Customer Service Associate | 01 | 12th Pass | - | 0-2 Yr | 19-30yr | 9000 - 10000 | Garhwa |
| 03 | R.K.V.S Sansthan, Garhwa. | Assistant Professor | 12 | M.A and M.Ed | Net / Ph.D | - | 40yr | 22,500 | Garhwa, |
| 04 | B.S.K.D Public school Garhwa | PGT | 03 (SST-1 ENG-1 Computer-1) | Master's degree and a degree in Education is mandatory | - | 25 to 35 | Minimum three year experience | 8000-12000 | Garhwa |
| 05 | Spandana Sphoorty financial Ltd, Garhwa | Credit Assistant ( Loan Officer) | 20 | 12th, ITI/ Diploma | - | - | 18.5 - 27.6 Yr | 12000/- | Jharkhand |
| 06 | Life Insurance corporation Of India | Normal Agent/ Insurance advisor | 100 | 10th Pass | 12th Pass 750/- exam Fee | - | 18 yr | Commission Allowances, | Garhwa |
| 07 | Credit Access Grameen Ltd. | Trainee Kendra Manager | 30 | 10th, 12th, Diploma, | Graduation | - | 19-28 yr | 12250/- (CTC) | Japla, Nagar untari, Daltonganj and Chhatarpur |
| 08 | Gramin Siksha avam Prashikshan Fountation | CNC Quality | 250 | 10th, 12th Pass, ITI , | Diploma, Graduation | | 18-36 yr | 15000 – 18000/- | Ahmedabad |
| 09 | Ciel Hr Services Pvt. Ltd | Helper, Process Associate, Picker, Packer | 400 | 10th or below/ ITI /Diploma | - | Freshers | 18-35 yr | 12000-20000/- | Chennai, Bangalore, Maharashtra |
| 10 | Metalman Auto Pvt. Ltd | Machine Operator | 100 | ITI/ ( Any Trade ) | - | - | 18-35 yr | 18,232/- (12 hrs) | Hosur, Bengaluru |
| | | Associate | 100 | | 8th Pass | - | 18-35 yr | 17,960/- (12 hrs) | |
| 11 | Nettur Technical Training Foundation | On the job trainee (NCVET Program ) | 150 | 10th pass / 12th pass | ITI | - | 18-25yr | 14,100-14,300/- | Bangalore |
| 12 | Quess Corp Ltd., Bangalore | Training Operator | 200 | 12th Pass / ITI | - | - | 18-23 yr | 14500/- | Sanand (Gujrat) |
| 13 | Baazar Style Retail ltd., Garhwa | On Job Trainee | 2 | 12th pass | - | Fresher | 18 yr | 8000/- | Garhwa |
| 14 | Inodya preceptors Pvt Ltd. Bangalore | Machine Operator | 50 | 12th Pass | - | - | 18-32 yr | 18000-26000/- | Bangalore |
| | | Quality Inspector | 50 | 10th | ITI | - | 18-32 yr | 18000-26000/- | |
| | | Helper | 50 | 10th Pass | - | | 18-32 yr | 18000-26000/- | |
| 15 | Chaitanya India Finance Pvt. Ltd. | CRE | 100 | 10th Pass | - | - | 18-28 yr | 10,890 + Bonus and Fuel | Palamu Garhwa |
| 16 | V R Enterprises | Language Lab Coordinator | 28 | Graduation + 1 yr PGDCA/DCA, BCA.B.Sc.,IT. B.tech. | - | - | 22-35 yr | 10,000/- | Across Block Level, Garhwa |
| 17 | Bharat Finance Inclusion Limited | Loan Officer | 15 | 12th Pass | Graduation | - | 18-28 yr | 13,500/- | All over Jharkhand |
| 18 | SBI Life Insurance | Advisor | 100 | 10th Pass | - | - | 18-55 yr | As Per Commission | Garhwa |
| 19 | Tata Electronics Pvt. Ltd. | ITI Electronics and Fitter | 100 | ITI (Electronics & Fitter) | - | - | 18-40 yr | 14322/- | Ranchi |
| | | Supervisor | 10 | 12th | BA | - | 18-40 yr | 13220/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 25 | 12th | DCA | - | 18-40 yr | 17000/- | Garhwa |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा (02 कॉपी) तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के नियम एवं शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए किसी एक पदाधिकारी यथा– **अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी तथा उपायुक्त** के स्तर निर्गत किए गए **स्थानीय निवास प्रमाण पत्र** लाना अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के अधिकृत वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

**PR 328230 Labour Employment and Traning(24-25)#D**


---


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
### आवश्यक सूचना।
### चोरी गई वाहन
### (स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल, रंग–काला)

नगरउंटारी थाना कांड सं0–15/2024 दिनांक–19.04.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0– JH14F9758, इंजन नं0–HA10AGHHFB0697 एवं चेचिस नं0–MBLHAR083HHF13768 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 328263 Police(24-25)D


---


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
### समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0-9
ईमेल– jepcpalamau@rediffmail.com

### निविदा सूचना विज्ञप्ति

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक **GE/08/132/2019-20/2648** दिनांक 12.10.2022 एवं पत्रांक **GE/08/132/2019-20/3163** दिनांक 23.09.2019 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में संचालित 12–कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 08–झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में आवश्यक खाद्य एवं अखाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों के साथ मुहर बंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से प्राप्त किया जाना है।

इच्छुक निविदादाता **District Education Officer cum District Programme Officer, SamagraShiksha, Palamu, SBI, Main Branch Daltonganj** के नाम **Payable,** अप्रतिदेय **(Non Refundable)** रू0 1000+ 180 (18% GST सहित )=1180 रू0 (एक हजार एक सौ अस्सी रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट जो फर्म के द्वारा बनाया जाएगा। जमा करने के पश्चात् दिनांक 04.07.2024 से 25.07.2024 तक निविदा से संबंधित शर्ते, पैकेजवार अनुसूची, समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से अपराह्न 04 बजे तक प्राप्त कर सकते है, तथा अंतिम रूप से दिनांक 27.07.2024 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा जमा करेंगे। दिनांक 29.07.2024 को समग्र शिक्षा कार्यालय के वेश्म में अपराह्न 12.30 बजे से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में निविदा खोला जाएगा।

निविदा से संबंधित विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों तथा कय/आपूर्ति किये जानेवाले सामग्रियों की पैकेजवार सूची पलामू जिला के Website(palamau.nic.in) में देखा जा सकता हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR 328333 District (24-25)_D

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू


---


## सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू, संयुक्त श्रम भवन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू
E-Mail-bocpalamau@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित "झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" के अंतर्गत मनरेगा मजदूर एवं अन्य सभी निर्माण श्रमिकों का Online निबंधन किया जाना है। निबंधन के दौरान लगने वाली दस्तावेज की छायाप्रति जैसे:– आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक खाता संख्या, मनरेगा मजदूर प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर, एवं नोमिनी का आधार कार्ड, तथा बैंक खाता संख्या आवश्यक है।

उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार जिला अन्तर्गत प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में दिनांक–02.07.2024 से 08.07.2024 तक समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक शिविर कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिले के सभी श्रमिकों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा सख्या में शिविर में भाग ले और निबंधन करावें और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें।

**सभी निबंधित श्रमिकों को निबंधन के पश्चात मिलने वाली लाभ निम्नवत है :–**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत श्रमिकों को निबंधन की प्रक्रिया : अहर्ता :– आयु 18 वर्श से 59 वर्ष तक। आवेदक पूर्व में कार्य दिवस कम से कम 90 दिन किया हो। निबंधन शुल्क–10 रूपये अंशदान–100 रूपये प्रति वर्श (SBI A/C No-30613895935, IFSC Code : SBIN0004432, Nepal House, Doranda, Ranchi)A आवेदक के साथ 02 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता की छायाप्रति एवं नॉमिनी के आधार कार्ड एवं बैंक खाता संख्या की छायाप्रति एवं नियोजन प्रमाण–पत्र।

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य में संलग्न निम्नांकित श्रेणी के श्रमिक **पत्थर काटने, तोड़ने व पिसने वाला, राजमिस्त्री या ईंटो पर रद्दा करने वाले, बढ़ई, फिटर या बारवेंडर, सड़क के पाईप मरम्मत कार्य में लगे प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, मेकेनिक, कुंआ खोदने वाले, बेल्डिंग करने वाले, मुख्य मजदूर, मिक्सर मैन, लकड़ी या पत्थर पैक करने वाले, कुंए से तलछट हटाने वाले, हथौड़ा चलाने वाले छप्पड़ डालने वाले, मिस्त्री लोहार, लकड़ी चीरने वाले, कॉलकर, मिश्रण करने वाले, पम्प ऑपरेटर, मिक्सर चलाने वाले, रोलर चलाने वाले, बड़े यांत्रिक कार्य जैसे–मशीनरी, पुल का र्का आदि में लगे खलासी, चौकीदार, मोजाईक पॉलिस करने वाले, सुरग कर्मकार, संगमरमर/कडप्पा पत्थर कर्मकार, सड़क कर्मकार चट्टान तोड़ने वाले, सन्निर्माण कार्य में जुड़े मिट्टी कार्य करने वाले, चूना बनाने की प्रक्रिया में लगा कर्मकार, बाड़ नियोजन मे लगे कोई अन्य प्रवर्ण के कर्मकार, बांध, पुल, सड़क या किसी भवन सन्निमार्ण सक्रिया के नियोजन में लगे कोई अन्य प्रवर्ग के कर्मकार, पंडाल सन्निर्माण में लगे कर्मकार इत्यादि।**

| क्र. सं0 | योजना का नाम | पात्रता | देय राशि | क्र. सं0 | योजना का नाम | पात्रता | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सेफ्टी कीट योजना | निबंधित लाभुक | सेफ्टी कीट कय हेतु 1,000 रूपये खाता में हस्तांतरण | 8 | चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना | गंभीर बीमारी की स्थिति में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर अनुमोदित व्यय चयनित अस्पताल को भुगतान। | एक बीमारी हेतु लाभुको को एक ही बार योजना का लाभ। स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा समय–समय पर रोगो की सूची व्यय की अधिसीमा तथा सूची बद्ध स्पतालो की सूची में किये गये संशोधन योजना के परियोजनार्थी लागू माने जायेंगे। |
| 2 | श्रमिक औजार कीट सहायता योजना | निबंधित श्रमिक | औजार कीट कय हेतु 3,000 रूपये खाता में हस्तांतरण | 9 | मातृत्व प्रसुविधा योजना | प्रथम दो प्रसुति के लिए | 15,000 रूपये की सहायता |
| 3 | साईकिल सहायता योजना | 18 से 45 वर्ष की महिला। पुरूष 18 वर्ष से उपर निबंधन के एक वर्ष के बाद अगला अंशदान देने पर। | साईकिल कय हेतु 5,000 रूपये खाता में हस्तांतरण | 10 | अंत्येष्टि सहायता योजना | निबंधित लाभुक की मृत्यु होने पर वैध आश्रित को | निंबंधित लाभुक क मृत्यु होने पर वैध आश्रित को 10,000 रूपये सहायता |
| 4 | मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना निबंधित लाभुको के दो संतानो के लिए :– कक्षा 1 से 5वीं तक छोड़कर कोई भी परीक्षा में द्वितीय श्रेणी या 45% अंक प्राप्त किया हो या किसी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश किया हो। | (1) वर्ग 1 से 8वीं तक | 5,000 रूपये | 11 | नि:शक्ता पेंशन योजना | वैसे लाभुक जो पाक्षाघात, कुष्ट, यक्ष्मा, दुर्घटना के कारण स्थायी रूप से अशक्त हो गयाहो। | 1,000 रूपये प्रतिमाह एवं 10,000 रूपये एकमुश्त अनुदान राशि |
| | | (2) वर्ग 9वीं से 12वीं तक | 10,000 रूपये | 12 | पेंशन योजना | तीन वर्ष तक बोर्ड में अंशदान एवं 60 वर्ष की समाप्ति पर | 1,000 रूपये प्रतिमाह |
| | | (3) स्नातक एवं स्नातकोतर स्तरीय या समकक्ष पाठ्क्रम के लिए | 20,000 रूपये | 13 | पारिवारिक पेंशन योजना | लाभुक/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर | पेंशन का 50% या 500 रूपये अधिकतम का भुगतान प्रतिमाह |
| | | (4) स्नातक स्तर के मेडिकल तथा इंजीनियरिंग कोर्स में। | 50,000 रूपये | 14 | अनाथ पेंशन योजना | लाभुका पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर | पारिवारिक पेंशन की दर से देय होगा तथा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बीच समान रूप से विभाजित होगा। |
| 5 | समेकित आम आदमी बीमा योजना | निबंधित लाभुक | लाभुक के मृत्यु दुर्घटना एवं अन्य अकास्मिकताओं की स्थिति में 4,00,000 रूपये तक देय तथा "शिक्षा सहयोग योजना के तहत 09वीं से 12वीं कक्षा में अध्यनरत बच्चों के लिए छात्रवृति | 15 | विवाह सहायता योजना | तीन वर्षो तक लगातार अंशदान करने पर | दो संतानो महिला सदस्य के विवाह हेतु 30,000 रूपये की सहायता |
| 6 | झारखण्ड निर्माण कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना (सभी 18–60 वर्ष के निबंधित कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु) | (1) दुर्घटना में मृत्यु | 5,00,000 रूपये का अनुदान | अधिक जानकारी हेतु अंचल मे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं जिला श्रम अधीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन की प्रति अंचल में श्रमिक मिश्र, या संबंधित पदाधिकारी से प्राप्त करें अथवा Online निबंधन– shramadhan.jharkhand.gov.in साईट पर करें। | | | |
| | | (2) दुर्घटना में पूर्ण अपंगता | 3,00,000 रूपये का अनुदान | | | | |
| | | (3) दुर्घटना में आंशिक अपंगता | 2,00,000 रूपये का अनुदान | | | | |
| | | (4) सामान्य मृत्यु | 1,00,000 रूपये का अनुदान | | | | |
| 7 | चिकित्सा सहायता योजना | पाँच या उससे अधिक कार्य दिवसों तक अस्पताल में भर्ती रहने पर। | | | | | |

टॉल फ्री नं. 18003456526 — सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू।

श्रम अधीक्षक, पलामू।

PR.NO.328318 District(24-25):D

# डाक विभाग में सुधार की आवश्यकता है

**कभी** लिखित सूचना के सबसे बड़े नेटवर्क डाक व्यवस्था में कूरियर सेवा आने के बाद सुधार अपेक्षित था जो अब अप्रासंगिक होता जा रहा है। आजादी के 75 साल बाद भी भारत की डाक व्यवस्था में सुधार न होकर पतन ही हुआ। भारत में डाक विभाग 250 साल से पुराना है। आज गांव-गांव तक इसकी ब्रांच हैं। पूरे भारत में 155531 डाकघर हैं। इतना बडा नेटवर्क होने के बाद भी यह सरकारी विभाग प्राइवेट कोरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ती जा रही है। भारतीय डाक की सेवा में सुधार हो, इसमें न विभागीय अधिकारियों की रूचि है, न सरकार की। इसी का परिणाम है कि इसका अपने व्यवसाय से एकाधिकार टूटता जा रहा है। प्राइवेट कंपनी इसके व्यवसाय को कब्जाती जा रही हैं। भारत में डाक सेवाओं की स्थापना 1774 में हुई। पहली बार भारतीय डाकघर को राष्ट्रीय महत्व के एक अलग संगठन के रूप में स्वीकार किया गया और उसे एक अक्टूबर 1854 को डाकघर महानिदेशक के सीधे नियंत्रण में सौंप दिया गया। भारतीय डाक व्यवस्था कई व्यवस्थाओं को जोड़कर बनी हैं। 650 से ज्यादा रजवाड़ों की डाक प्रणालियों, जिला डाक प्रणाली और जमींदारी डाक व्यवस्था को प्रमुख ब्रिटिश डाक व्यवस्था में शामिल किया गया था। इन टुकड़ों को इतनी खूबसूरती से जोड़ा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक संपूर्ण अखंडित संगठन है। 1766 में लार्ड क्लाइव ने देश में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की थी। इसके बाद 1774 में वारेन हेसंटिग्ज ने इस व्यवस्था को और मजबूत किया। उन्होंने एक महा डाकपाल के अधीन कलकत्ता प्रधान डाकघर स्थापित किया। मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसी में क्रमशः 1786 और 1793 में डाक व्यवस्था शुरू की गई। 1837 में डाक अधिनियम लागू किया गया ताकि तीनों प्रेसीडेन्सी में सभी डाक संगठनों को आपस में मिलाकर देशस्तर पर एक अखिल भारतीय डाक सेवा बनाई जा सके। 1854 में डाकघर अधिनियम के जरिए एक अक्टूबर 1854 को मौजूदा प्रशासनिक आधार पर भारतीय डाक घर को पूरी तरह सुधारा गया। 1854 में डाक और तार दोनों ही विभाग अस्तित्व में आए। शुरू से ही दोनों विभाग जन कल्याण को ध्यान में रख कर चलाए गए। लाभ कमाना उद्देश्य नहीं था। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध्द में सरकार ने फैसला किया कि विभाग को अपने खर्चे निकाल लेने चाहिए। उतना ही काफी होगा। 20वीं सदी में भी यही क्रम बना रहा। डाकघर और तार विभाग के क्रियाकलापों में एक साथ विकास होता रहा। 1914 के प्रथम विश्व युध्द की शुरूआत में दोनों विभागों को मिला दिया गया। भारतीय राज्यों के वित्तीय और राजनीतिक एकीकरण के चलते यह आवश्यक और अपरिहार्य हो गया कि भारत सरकार भारतीय राज्यों की डाक व्यवस्था को एक विस्तृत डाक व्यवस्था के अधीन लाए। ऐसे कई राज्य थे जिनके अपने जिला और स्वतंत्र डाक संगठन थे और उनके अपने डाक टिकट चलते थे। इन राज्यों के लैटर बाक्स हरे रंग में रंगे जाते थे ताकि वे भारतीय डाकघरों के लाल लैटर बाक्सों से अलग नजर आएं। 1908 में भारत के 652 देशी राज्यों में से 635 राज्यों ने भारतीय डाक घर में शामिल होना स्वीकार किया। केवल 15 राज्य बाहर रहे, जिनमें हैदराबाद, ग्वालियर, जयपुर और ट्रावनकोर प्रमुख हैं।1925 में डाक और तार विभाग का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया गया। विभाग की वित्तीय स्थिति का जायजा लेने के लिए उसके खातों को दोबारा व्यवस्थित किया गया। उद्देश्य यह पता लगाना था कि विभाग करदाताओं पर कितना बोझ डाल रहा है या सरकार का राजस्व कितना बढा रहा है और इस दिशा में विभाग की चारों शाखाएं यानी डाक, तार, टेलीफोन और बेतार कितनी भूमिका निभा रहे हैं।

इन दिनों

# शेयर मार्केट में सकारात्मक परिवर्तन


शशांक भारद्वाज

**भारतीय** शेयर मार्केट मोदी सरकार की वापसी के पश्चात तो टकाटक भाग रहें हैं, नई ऐतिहासिक ऊंचाइयां बना रहें हैं। अधिक महत्वपूर्ण यह है कि अब नई ऊंचाइयों पर और भी खरीदारी आ रही है, जबकि पहले बिक्री आ रही थी। यह एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन है। यद्यपि सामान्य तथा उच्च संपत्ति वर्ग निवेशकों में 24000 निफ्टी बहुत ऊंचा हो गया, इस भाव के कारण क्रय में हिचक सा मनोभाव है परंतु यदि निफ्टी 24000 स्तर के ऊपर कुछ दिन बना रहता है तो फिर एक अभ्यस्तता सी हो जायेगी एवं मार्केट अच्छे आर्थिक कारकों, शेयर मार्केट में विदेशी तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों के धन प्रवाह के आधार पर, शेयर विशेष की आर्थिक शक्ति आदि पर तेजी की अगली चाल की ओर उन्मुख होगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अच्छा क्रय कर रहें हैं। जून माह में उन्होंने 26565 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए जबकि अप्रैल में 8671 करोड़ रुपए तथा मई में 25586 करोड़ रूपए के शेयर बेचे थे। यह उनके मनोभाव में एक बड़ा परिवर्तन है। जुलाई में भी यह क्रय बना रहता है तो विदेशी लिवाली भारतीय शेयर मार्केट को इन स्तरों से भी ऊंचा ले जा सकती है। भारी भरकम शेयर रिलायंस इंडस्ट्री, विप्रो, इंफोसिस ,आईसीआईसीआई बैंक इत्यादि वर्ष के उच्चतम स्तरों की ओर हैं। पहले यह होता था कि बड़े शेयर चलते थे तो छोटे, मध्यम शेयर ठहर जाते थे परंतु अब छोटे घरेलू निवेशकों की बड़ी सेना भारतीय शेयर मार्केट में पूरे उत्साह के साथ आ गई है, आ रही है,अतः इन शेयरों में भी तेजी बनी हुई है। लघु तथा माध्यम शेयर सूचकांक भी तेजी में ही हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह नगद संभाग में तो 4608 करोड़ रुपए का की क्रय किया परंतु स्टॉक फ्यूचर में उन्होंने सप्ताह के पांचों व्यापारिक सत्रों में अच्छा क्रय किया तथा कुल 24126 करोड़ रूपए की खरीद की। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह नकद संभाग में 7056 करोड़ रुपए का क्रय किया।जब एफआईआई तथा डीआईआई दोनो ने क्रय किया तो बिकवाली व्यक्तिगत निवेशकों ने की होगी जो संभवतः 24000 निफ्टी को बहुत ऊंचा स्तर मान रहें होंगे। चूंकि संस्थागत निवेशक अधिक शक्तिशाली तथा परिपक्व माने जाते हैं, अतः उनके हाथों में शेयर जाना मार्केट के स्थायित्व के लिए अच्छा होता है। इसलिए निफ्टी 24000 के बहुत ऊंचे स्तरों पर है, मात्र इससे बिक्री तथा बड़ी गिरावट की संभावना कम है। मार्केट में कोई बड़ी गिरवर कोई नकारात्मक राजनीतिक घटनाक्रम अथवा कोई बड़ा वैश्विक आर्थिक संकट ही ला सकता है अन्यथा इसके तेज बने रहने की ही संभावना है। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में तो अद्भुत अर्थव्यवस्था प्रबंधन किया। विश्व की सर्वाधिक तीव्र गति की अर्थव्यवस्था बनी, रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुआ, निर्धनता उन्मूलन में बड़ा कार्य हुआ,जीएसटी कर संग्रह में बड़ी वृद्धि हुई, आधारभूत संरचनाओं का बड़ा विकास हुआ आदि आदि। बैंको का शुद्ध एनपीए कुल अग्रिम की तुलना में मार्च 24 में घटकर .06 प्रतिशत आ गया। सकल एनपीए भी 12 वर्षों के न्यूनतम स्तर 2.5 प्रतिशत पर आ चुका है। यह एक बड़ी तथा उल्लेखनीय उपलब्धि है अन्यथा एक समय भारतीय बैंकिंग प्रणाली के ध्वस्त होने के कगार पर थी परंतु मोदी सरकार ने बचा लिया। भारतीय शेयर मार्केट तथा निवेशक परिपक्वता भी दर्शा रहें हैं। सोमवार को क्वांट म्यूचुअल फंड को ले कर कुछ आशंकाएं थी, निफ्टी 119 अंक नीचे खुला भी परंतु बंद 36 अंक ऊपर ही हुआ। क्वांट एमएफ पर सेबी की जांच ,उनके परिसर पर छापे की बात थी। 93000 करोड़ रूपए का म्यूचुअल फंड प्रबंधन क्वॉन्ट करती है। मार्केट में तो इस समाचार से एक बार बड़ी गिरावट, घबराहट फैल जानी चाहिए थी। पर ऐसा नहीं हुआ। मिड तथा स्मॉल कैप सूचकांक भी तेज ही बंद हुए। यह मार्केट की परिपक्वता का संकेत था क्योंकि जिस अनियमितता की बात कही जा रही थी ,वो 20 करोड़ रुपए का लाभ अनुचित प्रकार से बनाने की बात थी। 93000 करोड़ का कोष प्रबंधन, आरोप 20 करोड़ अनुचित लाभ कमाने का। मार्केट ने इसको समझा एवं कोई घबराहट पूर्ण बिकवाली नहीं आई। यह भारतीय शेयर मार्केट की परम परिपक्वता का एक बहुत ही अच्छा तथा महत्पूर्ण संकेत था ,बहुत शक्तिशाली होने का भी। भारत सरकार के बॉन्ड जेपी मॉर्गन बॉन्ड इंडेक्स में सम्मिलित हो रहें हैं। गोल्डमैन सच्स समूह के अनुसार इससे बॉन्ड में 3.4 लाख करोड़ का निवेश भारत आने की संभावना है। यह भारत के विदेशी रिजर्व में तो वृद्धि करेगा ही, रुपए को भी शक्तिशाली बना सकता। साथ ही किसी आकस्मिक घटनाक्रम में भी एक सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। किसी अर्थव्यवस्था के लिए बॉन्ड मार्केट की अच्छी साख बहुत महत्वपूर्ण होती है। घरेलू आईपीओ क्षेत्र ने पिछले 17 वर्षों का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया हैं एवं इस वर्ष की पहली छमाही में 32000 करोड़ रुपए जुटाएं हैं। यह भारतीय शेयर मार्केट में बढ़ता विश्वास तथा विस्तार का परिचायक है। [पी नोट्स से भी भारतीय शेयर मार्केट में निवेश मार्च 2022 के अंत के 88600 करोड़ की तुलना में मार्च 24 में बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत की अच्छी होती आर्थिक स्थिति का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि मार्च 24 की तिमाही में भारत का चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का आधिक्य रहा। विगत दो वर्षों में देश के 38 उद्योगों की 4418 कंपनियों ने 4.76 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह भी बढ़ती मांग तथा उद्योगों के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। एक दशक पूर्व रूपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्रा थी,अभी यह सबसे स्थिर मुद्रा हो गया है। राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 24 25 के प्रथम दो माह में मात्र 3 प्रतिशत रहा। निफ्टी मे विगत सप्ताह 501अंकों की वृद्धि रही तथा इसने पहली बार 24000 के ऊपर के साप्ताहिक बंदी दी। यदि ये 24000 के ऊपर बना रहता तो 24250 से 24500 हो सकता है। गिरावट पर 23700 से 23500 पर अच्छा समर्थन है। लोकसभा अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी की विजय अनुकूल राजनीतिक स्थिति का संकेत ही है। मोदी सरकार पुनः तीव्र गति से कार्य कर रही है। जीएसटी से ले कर स्पेक्ट्रम की नीलामी इसका परिचायक है। ब्रेंट क्रूड के बढ़े भाव भारत के लिए थोड़ी चिंता का विषय होता है परंतु भारत रूस से सस्ता क्रूड क्रय कर पा रहा है। 24000 निफ्टी में मन आपको शेयर बेचने को बोलेगा परंतु धैर्य के साथ शेयरों में निवेशित रहिए, यद्यपि बहुत बढ़ चुके शेयरों में लाभ के सकते हैं। भारतीय कॉरपोरेट जगत में एक उल्लेखनीय घटनाक्रम हुआ है ,कंपनियों के अधिग्रहण तथा विलय। इंडिया सीमेंट में अल्ट्राटेक सीमेंट ने 23 प्रतिशत शेयर एक दिन ने ही क्रय कर लिए वहीं जेएसडब्ल्यू इंफ्रा में नवकार कॉर्प का विलय हो रहा है। ये अन्य कंपनियों में भी एक वैल्यू तथा मूल्य ढूंढने की एक प्रक्रिया प्रारंभ कर सकती है। इससे भारतीय कम्पनी क्षेत्र को एक बड़ा तथा व्यापक स्तर पर लाभ हो सकता है। सावधानी तथा अच्छे चयन के साथ शेयरों में निवेश करते रहिए। भारतीय शेयर मार्केट के अच्छे दिन बने रहेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**




## आपकी बात

### देश में परीक्षाएँ कब पवित्र होंगी?


राकेश दुबे

**राष्ट्रीय** परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं को लेकर पूरे देश में बहस जारी है। वास्तव में परीक्षा की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटक गए हैं, ये बात यहीं तक सीमित नहीं हैं। एनटीए एक भ्रष्टाचारी और कदाचारी नेटवर्क की सांठगांठ का 'महाघोटाला' है। पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नीट परीक्षा से कुछ दिन पहले भी एनटीए की ऑनलाइन खिडकी खोली गई थी, ताकि वे परीक्षा के लिए अपने पंजीकरण करा सकें। उस दौर में 24,000 से अधिक पंजीकरण कराए गए। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि फरवरी और मार्च में एनटीए की खिडकी खोली गई थी, तब इन लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं कराया? नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? उम्र भी फिसल रही है, लिहाजा नौकरी की भी अनिवार्यता है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महाविशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। **(भोपाल)**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# देश की न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा एक जुलाई


कृष्णमोहन झा

**एक** जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नये आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है।**

## फेसबुक वॉल से

Anita Prakash
2 d
बच्चों को खुश रहना सिखाओ, name, fame, money तो वे कमा ही लेंगे.... See more



23 · 19 comments

## X - से

Babulal Marandi @yourBabulal · 54m
PGT परीक्षा में गड़बड़ी का मुद्दा संज्ञान में आया है। एक ही परीक्षा केंद्र से 500 अभ्यर्थियों का पास होना इस गड़बड़ी को प्रमाणित भी कर रहा है।

विगत 5 सालों में युवाओं की नौकरियां बेचकर झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने झारखंड में एक बहुत बड़े 'नियुक्ति घोटाला' को अंजाम दिया है। JSSC Show more




15 · 52 · 106 · 1.1K

# संस्कृत को सम्मान दें


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा 'संस्कृत' को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए आज जो कहा है वह प्रत्येक भारतवासी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। वास्तव में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसीलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, ''मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।'' वस्तुतः इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां यही समझाते दिखाई दे रहे हैं , ''साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक पार्क है- कब्बन पार्क ! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहाँ वाद- विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है - संस्कृत सप्ताहांत! इसकी शुरूआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।'' यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए। वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुई हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है। संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चार्चा की है। इतिहासकार विल डूरान्ट लिखते हैं, ''भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत कंप्यूटर की कोडिंग के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। भारत की अधिकांश साहित्यिक रचनाएं, ग्रंथ, उपनिषद, संस्कृति, इतिहास और परम्परा से संबन्धित बाते संस्कृत में लिखी गईं हैं। इन ग्रंथों का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है मगर इसकी मौलिकता और जीवंतता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। कालिदास की अद्भुत साहित्यिक कृतियां मेघदूतम, कुमारसंभव, बाणभट्ट की कादंबरी, पतंजलि के योग सूत्र, आध्यात्मिक ग्रंथ जैसे भगवद गीता, वेद, उपनिशद और बेशक दुनिया के महानतम महाकाव्य महाभारत और रामायण सभी मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

### घने जंगल के बीच स्थित है आस्था का केंद्र साईं धाम

**मगर** मंदिर की स्थापना के बाद से यहां लोगों को रोजगार मिल गया है। लोग फूल और प्रसाद के स्टाल के साथ खाने पीने की दूकान तक लगाये हुए हैं। इससे उन्हें कमाने के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। यहां के एक स्थानीय दुकानदार मेघराज बताते हैं कि पूरा गांव किसी न किसी प्रकार से मंदिर से जुड़ा हुआ है। भक्तों के आने से गांव के लोगों की अच्छी कमाई हो जाती है।

**कैसे पहुंचे मंदिर :** रांची-गुमला मुख्य पथ पर स्थित है साई धाम। यहां पहुंचने के लिए सबसे रांची से बेड़ो पहुंचना होगा। बेड़ो से जमटोली जाने वाले रास्ते पर 12 किमी अंदर जाने के बाद सरसा गांव के बाहर ही साई मंदिर का भव्य द्वार बना हुआ है। यहां से बाएं मुड़कर सीधे मंदिर पहुंच सकते हैं।



रांची से बेड़ो की दूरी लगभग 35 किमी है। मुख्यमार्ग पर होने के कारण भक्तों को यहां आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। वहीं जो लोग बेड़ो से बस से यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें साई मंदिर के लिए सीधे छोटी ऑटो और पब्लिक बस मिल जाती है।

**(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### जानें 1.5 टन ऐसी को पूरी रात चलाने पर कितना आ सकता है बिल?

वहीं, आप दिन में लगभग 8 घंटे एसी का इस्तेमाल करते हैं तो इस हिसाब से आपका एसी एक दिन में 6.4 यूनिट बिजली की खपत करेगा। हालांकि, आपके यहां बिजली की दर 7.50 रुपये प्रति यूनिट है तो इस हिसाब से एक दिन में 48 रुपये और एक महीने का लगभग 1500 रुपये बिल आएगा।

**1.5 टन का 3 स्टार रेटिंग एसी**

अगर आप 3 स्टार रेटिंग वाला एसी लगवाना चाहते हैं, तो आपको 1.5 टन का एसी 1104 वाट (**1.10 kWh**) बिजली की खपत एक घंटे में करेगा।



दरअसल, एक दिन में 67.5 रुपये और एक महीने में 2000 रुपये का बिल आएगा। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राहुल, प्रियंका, मायावती ने दी अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने अखिलेश यादव संग एक फोटो शेयर की है। अखिलेश यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई में 1 जुलाई 1973 को हुआ था। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अखिलेश यादव भाई! आप स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें और पीडीए की आवाज बुलंद करते रहें।" कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर लिखा, "समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।

### मनजिंदर सिंह ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभाली

**जयपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सोमवार एक जुलाई 2024 को प्रेरणा स्थल में एक समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित कर जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के छात्र रहे हैं। इन्होंने दिसम्बर 1986 में 19 मद्रास में कमीशन लिया। 37 साल के अपने प्रतिष्ठित और शानदार सैन्य करियर में, उन्हें जम्मू कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे पर कमांड और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त हुआ है। जनरल ऑफिसर ने जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में अपनी बटालियन की कमान संभाली, नियंत्रण रेखा पर इन्फैंट्री ब्रिगेड, डेजर्ट स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक इन्फैंट्री डिवीजन और जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में नियंत्रण रेखा पर तैनात कोर की कमान भी संभाली।






**विरोध प्रदर्शन**

भोपाल में विधानसभा के बाहर कथित नर्सिंग कॉलेज घोटाले और नीट यूजी पेपर लीक मुद्दे के खिलाफ कांग्रेस कार्यकताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

**बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा-**

## पेपर लीक का मामला बेहद गंभीर, इसके रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाया जाय : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक एवं सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित है, बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है। उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक है, जिसका शीघ्र और सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी है।

***मायावती ने अखिलेश को दी जन्मदिन की बधाई*** *: बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनके लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं और उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली*

## पीएमसीएच के 100 साल पूरे होने से पहले बनेगा वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल : मंगल पांडे

एजेंसी

**पटना।** डॉक्टर की हमारी जीवन में अहम भूमिका होती है। जब भी हम बीमार होते हैं तो धरती पर भगवान के नाम से जाने वाले चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इस अवसर पर आज देश के अलग-अलग हिस्सों में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सोमवार को पटना सिटी के नालंदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य के सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि चिकित्सकों के नेतृत्व में बिहार की जनता की स्वास्थ्य सेवा बेहतर ढंग से होगी। उन्होंने कहा, लोगों को स्वस्थ रखने के लिए डॉक्टरों की मदद से हम



कामयाब होंगे। पिछले दो सालों में चिकित्सा के क्षेत्र में जो कमियां आई हैं, हम उनको बेहतर करने की दिशा में प्रयत्नशील हैं। पहले की व्यवस्था को और बेहतर करने में लगे हुए हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एशिया का सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अगले साल 25 फरवरी को पीएमसीएच के 100 साल पूरे हो जाएंगे। मुझे उम्मीद है कि इससे पहले हम इस वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल के पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा करने में जरूर सफल होंगे।

बता दें 1 जुलाई 1882 को ही महान चिकित्सक डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय का जन्म हुआ था। वो मूलतः बिहार के पटना के रहने वाले थे। चिकित्सा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए हर साल इस दिन नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इसकी शुरूआत साल 1991 में हुई थी।

### डॉक्टर्स डे पर ममता ने बिधान चंद्र रॉय को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और विख्यात चिकित्सक डाक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि (डाक्टर्स डे) पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस दिन को पूरे देश में डॉक्टर्स डे के तौर पर मनाया जाता है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर मेरी श्रद्धांजलि। उन्होंने लिखा, बंगाल और देश के सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' के इस विशेष अवसर पर उनकी निस्वार्थ और समर्पित सेवाओं के लिए मेरा सादर नमन और शुभकामनाएं।

### मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का जारी किया अलर्ट



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### बिहार के शेखपुरा में बदमाशों ने बैंक लूटा 28 लाख लेकर चंपत

**शेखपुरा (बिहार)।** बिहार के शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने एक निजी बैंक को निशाना बनाया। बदमाश कर्मचारियों को बंधक बनाकर करीब 28 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बरबीघा थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ के समीप स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में करीब 11 बजे सात से 10 अपराधी घुस गए और बैंक कर्मचारियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद कैश काउंटर पर रखे पैसों को एक बैग में डालकर फरार हो गए। बताया जाता है कि सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर आए थे। उनमें अधिकांश मास्क पहने हुए थे। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां पहुंच गए हैं। शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने बताया कि बरबीघा थाना क्षेत्र में एक बैंक में लूट की घटना हुई है। लुटेरे वहां से करीब 28 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### उग्र विरोध के बाद सरकार ने नागपुर की दीक्षाभूमि पर पार्किंग परियोजना रोकी



**नागपुर।** हजारों दलितों ने सोमवार को नागपुर में प्रसिद्ध दीक्षाभूमि पर प्रस्तावित भूमिगत पार्किंग स्थल के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। यहां डॉ. बी.आर. अंबेडकर और उनके चार लाख से अधिक अनुयायियों ने 58 साल पहले बौद्ध धर्म अपनाया था। प्रदर्शनकारियों ने स्टील, कंक्रीट के खंभों व अस्थायी बाउंड्री को निशाना बनाया। उन्होंने वहां रखे लकड़ी के सामानों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। मौके पर पहुंची नागपुर पुलिस और दंगा नियंत्रण पुलिस ने लाउडस्पीकर से लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और उन्हें वहां हटने के लिए कहा। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। विपक्षी महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने सरकार की आलोचना की। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार दोपहर विधानसभा में पार्किंग परियोजना पर रोक लगाने की घोषणा की। फडणवीस ने कहा कि दीक्षाभूमि ट्रस्ट द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद राज्य सरकार ने इसके लिए आवश्यक धनराशि जारी की थी। लेकिन जनता की भावनाओं को देखते हुए फिलहाल परियोजना पर रोक लगा दी गई है।

### न्याय दिलाने में नए कानून होंगे ज्यादा कारगर : मंत्री नितिन नवीन



**पटना।** क्राइम से जुड़े देश में तीन नए कानून लागू कर दिए गए हैं। नए कानून लागू होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। बिहार सरकार के विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि नए कानून न्याय दिलाने में ज्यादा कारगर होंगे। नितिन नवीन ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो तीन नए कानून लागू किये हैं, वह लोगों को न्याय दिलाने में पहले के कानून से ज्यादा कारगर होंगे। इस कानून के माध्यम से समय सीमा के भीतर लोगों को न्याय मिलेगा। न्याय मिलने में देरी की शिकायत खत्म होगी। इन कानूनों के लागू होने के बाद न्याय प्रक्रिया में और पारदर्शिता आएगी। पटना मेट्रो को लेकर उन्होंने कहा कि मेट्रो का पहला फेज 2026 में शुरू हो, इसका लक्ष्य रखकर काम किया जा रहा है। लक्ष्य को 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले और दूसरे फेज के मेट्रो निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही मेट्रो विस्तार पर राज्य सरकार से विभाग की सहमति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि बरसात में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम नगर निकाय के पदाधिकारी 1 से 2 घंटे फील्ड में रोजाना निरीक्षण करें। सिस्टम को सुधारने के लिए पदाधिकारियों और अधिकारियों को खुद फील्ड में रहना बेहद जरूरी है।

### कर्नाटक में कांस्टेबल ने एसपी दफ्तर के बाहर पत्नी की हत्या की

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले से सोमवार को एक



चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एसपी कार्यालय परिसर में एक पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सिपाही (लोकनाथ) की तलाश शुरू कर दी है। वहीं मृतक महिला की पहचान ममता के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब ममता अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय आई थी। इससे गुस्साए लोकनाथ ने घात लगाकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिसकर्मियों के अलावा कई लोग भी मौजूद थे। हालांकि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ममता ने दम तोड़ दिया। बता दें कि घटना को अंजाम देकर आरोपी पुलिस कांस्टेबल मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकनाथ और ममता की शादी को 17 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। दंपति के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। चार दिन पहले ही दोनों के बीच बहस हुई थी। लोकनाथ शांतिग्राम में सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यालय में कार्यरत था। हसन सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीआरएसई बांग्लादेश के लिए समुद्री जहाज बनाएगा

**कोलकाता।** केंद्र सरकार की पीएसयू शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने सोमवार को पड़ोसी देश के लिए समुद्री जहाज बनाने के लिए बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान जारी कर जीआरएसई ने कहा कि समझौते पर जीआरएसई के निदेशक कमोडोर शांतनु बोस और बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद महानिदेशालय में खरीद निदेशक (नौसेना) कमोडोर ए.के. एम. मारुफ हसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जीआरएसई द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को दी गई जानकारी के अनुसार, अनुबंध के अनुसार लगभग 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का जहाज 24 महीने के भीतर बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा। यह जहाज लगभग 61 मीटर लंबा और 15.80 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी पूरी तरह से भरी होने पर अधिकतम गति कम से कम 13 नॉट होगी। जीआरएसई अधिकारी ने कहा कि इसकी प्राथमिक भूमिकाओं में समुद्र में जहाजों को खींचना, बर्थिंग और कास्टिंग के दौरान उनकी सहायता करना और धक्का देकर और खींच कर मोड़ने में सहायता करना शामिल होगा।

## आज का राशिफल

**मेष:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी।

**वृषभ:** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मिथुन:** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क:** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**सिंह:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या:** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**तुला:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**वृश्चिक:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**धनु:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मकर:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुम्भ:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन:** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल रहेगा।

## आरएसएस प्रमुख भागवत ने 'मेरे पापा परमवीर' पुस्तक का किया विमोचन

### वीर अब्दुल हमीद पर आधारित है किताब

एजेंसी

**गाजीपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर पहुंचे। गाजीपुर के धामुपुर गांव में उन्होंने डॉ रामचंद्रन श्रीनिवासन द्वारा लिखी गई ₹मेरे पापा परमवीर₹ पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद पर आधारित है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जानवर और इंसान में फर्क पर बात करते हुए कहा कि जानवर अपने लिए जीता है, लेकिन इंसान दूसरे के लिए जीता है। इसी तरह अब्दुल हमीद देश के लिए जिये और देश के लिए रण में शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि हाथी अगर साइकिल चलाने लगे तो वह विकास



नहीं है। लेकिन, हां अगर हाथी सूंड से अपने बच्चे की रक्षा करता है तो ये विकास है। बलिदान की भावना ही मनुष्य को अमर शहीद बनाती है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद भारतीय सेना में तैनात थे। 1965 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान 10 सितंबर को वह खेमकरन सेक्टर के अग्रिम मोर्चे पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान आरसी गन से पाकिस्तानी सेना के कई पैटर्न टैंकों को ध्वस्त कर शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए वो शहीद हो गए। शहादत के बाद मरणोपरांत उन्हें परमवीर चक्र से नवाजा गया था।

## बंगाल में महिला की पिटाई मामले पर भाजपा ने ममता पर साधा निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक दंपत्ति को सरेआम पीटने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कपल को पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा के नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमलावर हो गए हैं।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो जारी कर टीएमसी को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की इस दर्दनाक घटना का वीडियो देखकर हर कोई आहत है। तृणमूल पार्टी के नेता इस पर शर्मनाक बयान दे रहे हैं। वो महिला को ही चरित्रहीन बता रहे हैं। जबकि टीएमसी के एक नेता के आरोपी के करीबी होने की बात सामने आ रही है।

उन्होंने सीएम ममता बनर्जी पर



हमला बोलते हुए कहा कि वो इस मामले पर चुप क्यों हैं? जब मणिपुर में महिलाओं के साथ अभद्रता का मामला सामने आया था, तब तो वो मुखर होकर सरकार पर हमला बोल रहीं थी। लेकिन संदेशाली में महिलाओं के साथ शोषण जैसे अपराध सामने आते हैं तो वो चुप हो जाती हैं।

पूनावाला ने कहा, स्वाति मालीवाल मामले में अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। अब इस मामले में भी सीएम और उनकी पार्टी के नेताओं ने चुप्पी साध ली है।

## भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक, चंद सेकंड में तबाही

- *सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं विकसित तीन नए विस्फोटक*
- *नए विस्फोटक सेबेक्स-2 से भारत की हथियार क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने दुनिया के सबसे ताकतवर और खतरनाक तीन विस्फोटक विकसित किये हैं, जो चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचाकर सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक इस विस्फोटक को सेबेक्स-2 नाम दिया गया है। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करके रक्षा उत्पादन में पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति




आने की उम्मीद है।

उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक जैसे डेनटेक्स और टारपेक्स का इस्तेमाल पारंपरिक वारहेड, हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद बनाने में किया जाता है। इस नए विस्फोटक से तबाही मचाने वाले हथियारों की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मच सकती है। नए विस्फोटक का परीक्षण भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत किया जा चुका है।

### तीन विस्फोटक फॉर्मूलेशन तैयार

नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने 'मेक इन इंडिया' के तहत तीन नए विस्फोटक फॉर्मूर्लेशन विकसित किए हैं। सोलर इंडस्ट्रीज के अधिकारी का कहना है कि यह तीन नए विस्फोटक फॉमूलेशन सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं, क्योंकि इनमें फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में बहुत वृद्धि हुई है। सेबेक्स-2 एक नया विस्फोटक फॉमूर्लेशन है, जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली विस्फोट प्रभाव प्रदान करता है। किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन ट्राई नाइट्रोटॉल्विन समतुल्यता के संदर्भ में मापा जाता है। नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक है।

कंपनी का दावा है कि आने वाले समय इस विस्फोटक को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।

कंपनी की ओर से बताया गया है कि एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल (0.9560229 किलो कैलोरी) के बराबर होती है। इस उच्च प्रदर्शन वाले विस्फोटक का उद्देश्य वजन बढ़ाए बिना विनाशकारी शक्ति को बढ़ाकर बम, तोपखाने के गोले और वारहेड्स में क्रांति लाना है। भारत ने अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया है, जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है। सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है, जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

## एक नजर

### रोहित शर्मा ने पीएम मोदी से कही दिल छू लेने वाली बात

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया एक बार फिर टी20 विश्व चैम्पियन बन गई है। पूरा देश जश्न में डूबा हुआ है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। रोहित की कप्तानी और भारत की जीत से पीएम मोदी काफी खुश हैं, अब पीएम के पोस्ट पर रोहित ने उनका धन्यवाद देते हुए एक दिल छूने वाला जवाब दिया। टीम इंडिया क्रिकेट इतिहास में चौथी बार कोई विश्व कप (वनडे, टी20) खिताब जीती। इस जीत के साथ भारत ने आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल का इंतजार खत्म किया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के कोने-कोने में जश्न मनाया गया। भारतीय क्रिकेट फैंस 'आंखों में खुशी, लबों पर हंसी' लिए दीपावली की तरह इस जीत का जश्न मना रहे थे। इस मौके पर पीएम मोदी ने पूरी टीम को बधाई दी, और फोन पर बात करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना भी की।

### रोहित और विराट के एक साथ संन्यास लेने से स्तब्ध था : शमी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इन दिग्गजों के एक साथ संन्यास लेने के फैसले से न सिर्फ क्रिकेट फैंस बल्कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी स्तब्ध हैं। ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की जीत के साथ भारत ने अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीता। इसके बाद विराट कोहली को उनकी 59 गेंदों में 76 रन की पारी के लिए प्लेयर-ऑफ-द-मैच पुरस्कार दिया गया। फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए विराट ने कहा कि यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी टी20 था। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का अंत भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में किया।

# बेरिल तूफान की वजह से बारबाडोस में फंसी टीम इंडिया



**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**
भारतीय टीम तूफान बेरिल के कारण टी20 विश्व कप 2024 की जीत के बाद भी बारबाडोस में ही फंसी हुई है।

टीम को सोमवार को यानी आज न्यूयॉर्क और फिर भारत के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ है। टीम का शेड्यूल पहले न्यूयॉर्क के लिए फ्लाइट, उसके बाद दुबई के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट और अंत में भारत के लिए वापसी शामिल थी। विश्व कप विजेता टीम, जिसे पहले सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे) बारबाडोस से रवाना होना था, उसे बेरिल तूफान के कारण बदलाव करना पड़ा।

- तूफान एक अत्यंत खतरनाक श्रेणी में तब्दील हो गया है
- तूफान के कारण एयरपोर्ट पर ऑपरेशन रुके हुए हैं

यह श्रेणी 3 तूफान है जो अब एक अत्यंत खतरनाक श्रेणी 4 में तब्दील हो गया है। हालांकि, वर्तमान में यह तय नहीं है कि टीम इंडिया कब उड़ान भरेगी। तूफान के कारण वहां के एयरपोर्ट पर अभी ऑपरेशन रुके हुए हैं। स्थिति यह है कि एयरपोर्ट को एक दिन के लिए बंद करना पड़ सकता है। बारबाडोस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन द्वीप, ग्रेनेडा और टोबैगो के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी। नेशनल हरिकेन सेंटर के अनुसार, सोमवार सुबह (स्थानीय समय) विंडवार्ड द्वीप पर पहुंचने पर बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है। सोमवार तक बारबाडोस और विंडवार्ड द्वीप में 3 से 6 इंच बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने कहा है कि बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है क्योंकि इसका केंद्र विंडवार्ड द्वीप से होते हुए पूर्व कैरिबियन की ओर बढ़ रहा है।



## रोहित ने ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को बारबाडोस के एक समुद्र तट पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप का 2024 का खिताब जीता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह समुद्र तट पर प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आए। बीसीसीआई ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एक अरब सपने, एक अरब भावनाएं और एक अरब मुस्कुराहटें! मिशन पूरा हुआ। विश्व कप जीत लिया। हम विश्व चैंपियन हैं। कैप्टन! आपने कर दिखाया।

**• जल्द होगा राहुल द्रविड़ के उत्तराधिकारी की घोषणा •**

# जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस होंगे कोच : बीसीसीआई

**एजेंसी। ब्रिजटाउन**
टी20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया बदलाव के दौर से गुजरेगी। बीसीसीआई ने बताया है कि भारतीय टीम का नया कोच और टी20 में नया कप्तान कौन होगा, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है। बता दें, टी20 विश्व कप 2024 खत्म होने के साथ ही टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का भी कार्यकाल खत्म हो चुका है। मेगा-इवेंट के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए एक नए मुख्य कोच का स्वागत करने के लिए तैयार है।

पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन इस भूमिका के लिए प्रबल दावेदार हैं। शाह इस समय कैरेबियाई देशों में भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मना रहे हैं और टीम के साथ बारबाडोस में तूफान के कारण फंसे हुए हैं। जय शाह ने बताया कि नया कोच 27 जुलाई से टीम के साथ श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से अपने कार्यकाल की शुरूआत करेगा। वहीं जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण टीम के कोच होंगे। टी20 विश्व कप में भारत की जीत ने आईसीसी खिताबों के 11 साल के सूखे को समाप्त कर दिया, एक ऐसी उपलब्धि जिसका श्रेय रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव और समर्पण को जाता है। दोनों दिग्गजों ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के साथ विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा की। शाह ने कहा, पिछले साल और यहां बारबाडोस में भी हमारे पास वही कप्तान थे। हमने इस बार खिताब जीतने के लिए कड़ी मेहनत की और बेहतर खेला। विश्व कप में अनुभव का बहुत महत्व होता है और हमारे सीनियर खिलाड़ियों ने तब बेहतरीन प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।



■ पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन मुख्य कोच के लिए प्रबल दावेदार हैं

रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास के साथ, भारत एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। शाह बदलाव को लेकर आश्वस्त हैं, उन्होंने भारत की बेंच की ताकत और गहराई पर बात की। उन्होंने कहा, तीन महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने के साथ बदलाव पहले ही हो चुका है। हमारे पास सबसे बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है। इस टीम के केवल तीन खिलाड़ी जिम्बाब्वे जा रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम तीन टीमें उतार सकते हैं। शाह ने भारत की भविष्य की संभावनाओं के बारे में भी आशा व्यक्त की, और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य बनाने की अपील की।

**एशियाई खेल कार्यक्रम में योग शामिल**

## पीटी उषा ने ओसीए को धन्यवाद दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने आज एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को एशियाई खेल कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्राचीन भारतीय विद्या योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर तुरंत सहमति देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने आईओए द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि ओसीए अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने उन्हें इस निर्णय के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहज रूप से सहमति व्यक्त की है जिसका वह हकदार है। प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा।



आईओए अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम है, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और पहल के कारण दुनिया ने इसे अपनाया है। उन्होंने कहा, इसकी सार्वभौमिक अपील है और दुनिया भर के लोगों ने योग को अपनाया है और इसके लाभ उठाए हैं। उन्होंने ओसीए बैठक से पहले युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

### बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार हूं : पी.वी. सिंधु

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु, जो अगले महीने पेरिस ओलंपिक में अपने तीसरे पदक की उम्मीद कर रही हैं, ने कहा कि वह पदक का रंग बदलने के लिए कृतसंकल्पित हैं। 28 वर्षीय सिंधु ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहयोग से आयोजित मीडिया से बातचीत कार्यक्रम के दौरान कहा, आपको होशियार होने और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि मैं वहाँ पहुँच रही हूँ। मैं अति आत्मविश्वासी नहीं हूँ, लेकिन निश्चित रूप से समझदार और अधिक चतुर हूँ और एक और पदक जीतने की उम्मीद कर रही हूं।

## रांची में 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता पांच से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता रांची में आयोजित होगी। झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रांची जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से पांच से सात जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलादली में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें 46 प्लेयर्स गोल्ड मेडल के लिए आपस में फाइट करेंगे। चैंपियनशिप में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्वांडो संघ के मिथलेश कुमार सिंह होंगे। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से सब जूनियर, जूनियर गर्ल्स ब्वॉयज कोच, मैनेजर समेत लगभग 600 लोग भाग लेंगे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपये तक हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** जुलाई अपने साथ कई बदलाव लेकर आई है। महीने के पहले दिन महंगाई के मोर्चे से राहत देने वाली खुशखबरी है। 19 किलो ग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने इसकी कीमत में 31 रुपये तक की कटौती की है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 30 रुपये घटकर 1646 रुपये हो गई है, जो पहले 1676 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसकी कीमत घटकर 1756 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

### सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** जुलाई के पहले दिन आज घरेलू सराफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये से लेकर 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,840 रुपये से लेकर 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने की वजह से आज भी दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### 3 और 4 जुलाई को 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' का आयोजन

# भारत जीपीएआई प्रमुख अध्यक्ष के रूप में देशों और विशेषज्ञों की करेगा मेजबानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार विकास, तैनाती और उसे अपनाने के प्रति भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 3 और 4 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' का आयोजन कर रहा है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए एआई प्रौद्योगिकियों के नैतिक और समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देना है।



**ग्लोबल इंडियाएआई शिखर सम्मेलन 2024**

यह शिखर सम्मेलन विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षा जगत के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों को एआई के प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों के बारे में परिज्ञान साझा करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएगा। यह आयोजन एआई की जिम्मेदार उन्नति, वैश्विक एआई हितधारकों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रति भारत सरकार के समर्पण पर जोर देता है।


### इंडियाएआई मिशन के बारे में जानकारी

इंडियाएआई मिशन का उद्देश्य एक ऐसे व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण करना है जो कंप्यूटिंग एक्सेस के प्रजातंत्रीकरण, डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाकर, स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करके, शीर्ष एआई प्रतिभाओं को आकर्षित करके, उद्योग सहयोग को सक्षम करके, स्टार्टअप जोखिम पूंजी उपलब्ध कराकर, सामाजिक रूप से प्रभावशाली एआई परियोजनाओं को सुनिश्चित करके और नैतिक एआई को बढ़ावा देकर एआई नवाचार को बढ़ावा देता हो।

# शेयर बाजार में जारी तेजी का ट्रेंड सेंसेक्स 79,500 के करीब हुआ बंद

**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार अपने उच्चतम स्तरों के करीब आकर बंद हुआ है। सेंसेक्स 443 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476 और निफ्टी 131 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,141 पर बंद हुआ।

छोटे और मझोले शेयरों में लार्जकैप की अपेक्षा ज्यादा तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 555 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 56,292 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 275 अंक या 1.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,593 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों ने दिन के दौरान बाजार को लीड किया।




सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। एनटीपीसी, एसबीआई, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में महंगाई कम होने के कारण निवेशकों को उम्मीद है कि फेड ब्याज दरें घटा सकती है। इसके कारण बाजार में तेजी का ट्रेंड देखने को मिला। खर्च में बढ़ोतरी होने की उम्मीद के कारण आईटी शेयरों ने भी तेज दौड़ लगाई।

आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें अमेरिका के जॉब डेटा और फेड स्पीच पर होंगी, जिससे बाजार की दिशा तय होगी। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, मीडिया और बैंकिंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए हैं। रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सोमवार को बाजार की शुरूआत सपाट हुई थी। सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 79,000 के ऊपर कारोबार कर रहा था। निफ्टी भी 24,000 के आसपास था।

# मारुति सुजुकी की बिक्री जून में 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**
देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में एमएसआई की थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री तीन फीसदी बढ़कर 1,37,160 इकाई रही है, जबकि जून, 2023 में यह 1,33,027 इकाई रही थी। कंपनी के मुताबिक ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री जून में घटकर 9,395 इकाई रह गई है। यह जून 2023 में 14,054 इकाइयों रही थी। कंपनी ने बताया कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में ये 64,471 इकाई थी। इसी तरह ब्रेजा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जून में 52,373 इकाई रही, जबकि जून 2023 में यह 43,404 इकाई थी। एमएसआई के मुताबिक ईको की बिक्री पिछले महीने 10,771 इकाई रही, जबकि पिछले साल जून में यह 9,354 इकाई थी। इसके अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री जून में 2,758 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,992 इकाई रही थी।



### जीएसटी अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को बनाया लचीला

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। वित्त मंत्रालय ने सातवें जीएसटी दिवस का थीम सशक्त व्यापार समग्र विकास रखा है। इसको लोगो के द्वारा सटीक रूप से दशार्या गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। जीएसटी ने 7 साल में अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को सुधार से लचीलेपन में बदल दिया। इसके साथ ही इसने करदाताओं, अन्य हितधारकों और आम जनता को लाभान्वित भी किया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को देशभर में लागू किया गया था।

# अब इन 4 आसियान देशों में यूपीआई से भेज सकेंगे पैसे, आरबीआई ने किया करार

**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने चार आसियान देशों के साथ प्रोजेक्ट नेक्सस ज्वाइन किया है। इसके तहत क्रॉस-बॉर्डर रिटेल पेमेंट के इंस्टेंट सेटलमेंट के लिए प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के इनोवेशन हब द्वारा परिकल्पित नेक्सस का उद्देश्य भारत के यूपीआई को आसियान सदस्यों - मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की तेज भुगतान प्रणालियों से जोड़ना है। केंद्रीय बैंक ने अपने बयान में आगे कहा कि बीआईएस और इन चार देशों के केंद्रीय बैंक - - बैंक नेगारा मलेशिया, बैंक ऑफ थाईलैंड, बैंगको सेंट्रल एनजी पिलिपिनास, मौद्रिक प्राधिकरण सिंगापुर, और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 30 जून, 2024 को स्विट्जरलैंड के बेसल में एग्रीमेंट साइन किया गया। इंडोनेशिया, जो कि शुरूआती चरण से जुड़ा हुआ है, स्पेशल ऑब्जर्वर के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि आने वाले समय में इस प्लेटफार्म को कई और देशों तक बढ़ाया जा सकता है। इसे 2026 तक लाइव किया जाएगा।



## एक नजर

### निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** रांची के बरियातू मौजा के सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख आठ जुलाई निर्धारित की है।

# झाखंड में नियुक्ति के नाम पर बड़ा घोटाला, सीबीआई जांच हो : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने झारखंड में नियुक्ति परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए हैं। सोमवार को झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नौकरियों के लिए आयोजित परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, नियमों के विरुद्ध अभ्यर्थियों का चयन किया गया और बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। उन्होंने इन मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग की।



*भाजपा नेता ने कहा कि एक तो राज्य में लाखों पद रिक्त पड़े हैं*

बाउरी ने कहा कि पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति परीक्षा में 24 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से सिर्फ दो परीक्षा केंद्रों से 750 से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। यह आंकड़ा बताता है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया ही फिक्स थी और इसके जरिए नौकरियां बेची गई हैं। अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ियों के सबूत लगातार दे रहे हैं, लेकिन सरकार में कोई उनकी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लैब असिस्टेंट की परीक्षा में 130 नंबर लाने वाले अभ्यर्थी की बहाली नहीं हुई, जबकि मात्र 80 नंबर वाले अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया और नियम विरुद्ध गृह जिले में पोस्टिंग दे दी गई। जूनियर इंजीनियरों की बहाली के लिए हुई परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। इसी तरह जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इन मामलों के मास्टरमाइंड और किंगपिन आज तक पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसे बचाया जा रहा है? भाजपा नेता ने कहा कि एक तो राज्य में लाखों पद रिक्त पड़े हैं। साढ़े चार साल तक सरकार बहालियां टलती रही। कुछेक पदों पर नियुक्ति की परीक्षाएं शुरू हुईं तो उनमें जमकर धांधली हुई है। राज्य के छात्र-युवा गुस्से में हैं। अगर सरकार ने गड़बड़ियों की जांच नहीं कराई तो राज्य में हालात बदतर हो सकते हैं।

### सीएम ने स्थित ब्रहमानन्दम अस्पताल का किया उद्घाटन, कहा

# बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे

- *अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा*
- *लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी, तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी।




मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू ), महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरि, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों ने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में हासिल किया सफलता का शानदार पड़ाव : आदित्य रंजन

- *ईको क्लब के जरिए दो जून से अबतक एक लाख पौधे लगे*
- *5,153 नए आदर्श किचन गार्डन का स्कूलों में हुआ निर्माण*



**वर्षा जल का संरक्षण, ईको क्लब के माध्यम से होगी ट्रैकिंग**

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में बारिश के दौरान वर्षा जल संरक्षण के ठोस उपायों को अमल करने का निर्देश दिया गया है। मॉनसून के साथ ही वर्षा जल संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। विद्यालयों को वर्षा जल से संगृहीत जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए ईको क्लब के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है। भविष्य में इस ट्रैकिंग तंत्र के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि कितना वर्षा जल संरक्षित किया गया या संरक्षित वर्षा जल का उपयोग कहां किया जा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मिशन लाइफ के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक राज्य के सभी स्कूलों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास जारी रखते हुए विद्यालयों के कैंपस को हरा भरा बनाने के लिए अबतक एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। इस मिशन के तहत विद्यालयों में 5,153 आदर्श किचेन गार्डेन बनाये गए हैं। राज्य के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग होने वाले पोषक सब्जियों, मौसमी या औषधीय पौधों को यहां पौधरोपित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों को विद्यालय समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का भी योगदान मिल रहा है। दो जून से शुरू हुए इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य होगा।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी स्कूलों को विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ राशि उपलब्ध कराई गयी थी। अबतक प्राप्त आंकड़े संतोषजनक हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी योजना है।

### दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने 11 साल पुराना मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले के दोषी सुकेन उरांव को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इससे पूर्व 19 जून को अदालत ने इसे दोषी करार दिया था। यह मामला 20 जून, 2013 का बेड़ो थाना क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन की ओर से 15 गवाह पेश किए गए।

## पृष्ठ एक का शेष

**राहुल के भगवान शिव का चित्र...**

विपक्ष इतने बड़े वाक्य को छिपा नहीं सकता है। राहुल ने कहा कि अपने को हिन्दू कहने वाले हिंसा करते हैं। देश के करोड़ों लोग गर्व से खुद को हिन्दू कहते हैं। हिंसा को धर्म की भावना से जोड़ना गलत है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी अभय की बात करते हैं। आपातकाल में क्या हुआ, दिल्ली में हजारों सिखों का कत्लेआम हुआ। इसपर राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। बीजेपी पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये बीजेपी का ठेका नहीं है।

**लातेहार में चार नक्सली गिरफ्तार...**

को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना में पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर आ रहे थे। नक्सलियों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन लोगों के द्वारा इससे पूर्व भी कई बार धमकी देकर रंगदारी वसूली गई है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों को जेल भेज दिया गया है जबकि फरार नक्सली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, रितेश कुमार राव, सच्चिदानंद सिंह और अनंत सिंह आदि शामिल रहे।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

**आम सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 458/जि0प0, दिनांक 25.06.2024 के माध्यम से प्रकाशित अतिअल्पकालीन ई निविदा संख्या–**DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 (Retender 2nd Call)** जिसका PR No.- 327682 District(24-25)D को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

ह0/–उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.328277 District(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत् ई–निविदा संख्या– 09/RIII/2024-25/RWD/CHATRA, दिनांक–21.06.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.07.2024 है तथा **P.R. No. 327597 RURAL WORK DEPARTMENT (24-25)D** है,उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. ई–निविदा के क्रम सं॰–02 में **पारामातु करमतर से टेढ़ी महुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.900 कि॰मी॰)** को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।
2. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

PR 328265 Rural Work Department(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR (WRD)

**2nd Call**

**Very Short Notice Re inviting e-quotation**

**Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar- QNIT No.-02/2024-25 Date-01.07.2024**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction works from Quarry Owners/Crusher owners/Reputed Manufacturer/authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of Materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Governemtn of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhand tenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 04.07.2024 at 03:00 PM. to 10.07.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 12.07.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar

PR.NO.328343 District(24-25):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR (WRD)

**2nd Call**

**Very Short Notice Re- inviting e-quotation**

**Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar- QNIT No.-01/2024-25 Date-01.07.2024**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/ Lessee for respective items. The Hire charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of plant and Machineries online from 04.07.2024 At 03:00 PM to 10.07.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 12.07.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire charges of plant and machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar

PR 328342 Water Resource(24-25)D


### दहेज प्रताड़ना में दोषी को तीन साल की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने सोमवार को दहेज प्रताड़ना से जुड़े दस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए हिन्दपीढ़ी निवासी मो. अफरोज को दोषी करार कर तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने मो. अफरोज पर 27 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

प्रपत्र VI 'क'

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अर्जन निदेशालय),या, समाहर्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

ज्ञापांक– 689/भू0अ0 | दिनांक– 25.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**गाड़ीलौंग** थाना–**टण्डवा**, थाना सं0–**59**, अंचल–**टण्डवा**,जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**टण्डवा (MDR-072) सोपारम–बारियातु (N.H- 99) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** अपेक्षित है।प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**गाड़ीलौंग**, थाना–**टण्डवा**,थाना नं0–**59**,अंचल–**टण्डवा**,जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.14450**एकड़ यानि **0.4631**हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 151 | 161 | 765 | रैयती | कृषि | 0.001100 | हीरा मोदी पिता– स्व0 रामदेव मोदी ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रामोतार प्रजापति | संतोष राणा |
| 152 | 161 | 765 | रैयती | कृषि | 0.004200 | फलीन्द्र प्रजापति, पिता–स्व0 बोधन प्रजापति ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | तिलेश्वर साव | हीरा मोदी |
| 153 | 106 | 955 | रैयती | कृषि | 0.00400 | सुरेश सिंह पिता– स्व0 विशेश्वर सिंह ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कारू साव | विनोद प्रजापति |
| 154 | 106 | 955 | रैयती | कृषि | 0.00500 | कारू साव, बद्री साव पिता–कुसर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सीताराम साव | सुरेश साव |
| 155 | 106 | 952 | रैयती | कृषि | 0.00200 | जीतनी देवी पति–सीताराम साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कविता देवी | कारू साव |
| 156 | 118 | 1085 | रैयती | कृषि | 0.01500 | छेदी साव पिता– स्व0 विपत साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | – | रास्ता |
| 157 | 46 | 1086 | रैयती | कृषि | 0.00500 | नाम पता नहीं है। अस्पष्ट | रास्ता | नीज | | छेदी साव |
| 158 | 73 | 1101 | रैयती | कृषि | 0.00200 | दीना साव पिता–स्व0 महादेव साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | लोकन साव | बिरजू गुप्ता |
| 159 | 73 | 1101 | रैयती | कृषि | 0.00200 | दयाल साव पिता–स्व0 जागेश्वर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | दीना साव | बजरंग बली मंदिर |
| 160 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00400 | सरोज नायक, तापेश्वर नायक, जयचन्द नायक पिता– स्व0 रामवृक्ष नायक ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रास्ता | सहादेव साव |
| 161 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00200 | राजू साव पिता–चमारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सरोज साव | कुंवर साव |
| 162 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00300 | सरोज प्रसाद गुप्ता पिता–चमारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | राजु साव | मसो ममता |
| 163 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00200 | मसो ममता देवी पति– स्व0 मुन्ना सावग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सरोज गुप्ता | बिरजु गुप्ता |
| 164 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00200 | बिरजु गुप्ता पिता– स्व0 चमारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | बिरजु गुप्ता | जनकी साव |
| 165 | 13 | 976 | रैयती | कृषि | 0.00400 | मिथिलेश गुप्ता पिता– जानकी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | बिरजु गुप्ता | सहादेव साव |
| 166 | 20 | 971 | रैयती | कृषि | 0.00200 | सहदेव साहू पिता– स्व0 रामलाल साहू ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | मिथिलेश गुप्ता | कुंवर साव |
| 167 | 20 | 971 | रैयती | कृषि | 0.00100 | कुंवर साव पिता–सोमर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सहदेव साव | – |
| 168 | 20 | 971 | रैयती | कृषि | 0.00100 | सोहराई साव पिता– स्व0 बढ़न साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कुंवर साव | – |
| | | | | कुल रकवा | 1.14450 | | | | | |

**संरचना का विवरण**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 169 | 53 | 216 | रैयती भूमि पर | चार दिवारी 27'×5''×6' | अशेश्वर साव पिता– चुरामन साव ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | प्रकाश साव | रामलाल महतो |
| 170 | 53 | 216 | रैयती भूमि पर | चार दिवारी 3'×10''×4' | प्रकाश साव पिता– स्व0 चुटारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | फुलेश्वर साव | अशेश्वर साव |
| 171 | 53 | 217 | रैयती भूमि पर | चार दिवारी 23'×10''×5' | फुलेश्वर साव पिता– खेदन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | कान्दू साव | प्रकाश साव |
| 172 | 53 | 218 | रैयती भूमि पर | मकान कॉरकेट शीट 18'×10''×10' | कुलदीप साव पिता– लालपत साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | कान्दू साव | फुलेश्वर साव |
| 173 | 53 | 220 | रैयती भूमि पर | चार दिवारी 25 1/2'×10''×5' | गणेश साव पिता– सुखलाल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | नागेश्वर बरई | फुनू साव |
| 174 | 23 | 202 | रैयती भूमि पर | मकान 16'×10''×8' | मसो0 सविता देवी पति–स्व0 नरेश यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | लूरक यादव | रास्ता |
| 175 | 23 | 202 | रैयती भूमि पर | मकान 16'×10''×3' | लूरक यादव पिता–स्व0 रोहन यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | ज्ञानी यादव | नरेश यादव |
| 176 | 67 | 322 | रैयती भूमि पर | पक्का मकान 7 1/2'×3 3/4'×8' चहारदीवारी | लालो महतो पिता–स्व0 लोकी महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | अर्जुन यादव | |
| 177 | 67 | 321 | रैयती भूमि पर | पक्का छज्जा 19'×2' | अर्जुन यादव पिता–स्व0 अन्हच्छ महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कारू यादव | नीज |
| 178 | 67 | 321 | रैयती भूमि पर | ईट प्लास्टर बाउण्ड्री 45'×10''×6' पी0सी0सी0 ढलाई आंगन 32'×3' | कारू यादव पिता–स्व0 अन्हच्छ महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | झालो देवी | अर्जुन यादव |
| 179 | 97 | 320 | रैयती भूमि पर | चहार दीवारी 16'×10''×5' | मालती देवी पति– रामवृक्ष यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | दशरथ यादव | कृष्णा यादव |
| 180 | 97 | 320 | रैयती भूमि पर | सीढ़ी 5'×2' | प्रसाद यादव पिता–स्व0 दशरथ यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | विरजू यादव | रामवृक्ष यादव |
| 181 | 71 | 201 | रैयती भूमि पर | पक्का मंदिर 12'×12'×10' | बालेश्वर साव, लालदेव साव वगै0 पिता–स्व0 मोगल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | गणेश यादव | रामेश्वर राणा |
| 182 | 71 | 201 | रैयती भूमि पर | ईंट चहार दिवारी 7 1/2'×10''×5' बजरंग बली मंदिर 12'×11'×20' | रामेश्वर राणा पिता– स्व0 छेदी राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मोगल साव | कृष्णा राणा |
| 183 | 114 | 200 | रैयती भूमि पर | सीढ़ी 10'×6' | गणेश यादव पिता– स्व0 पूरन यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | विपिन यादव | भोगल यादव |
| 184 | 4 | 199 | रैयती भूमि पर | चहार दीवारी 34'×10''×9' | विपीन यादव, महेन्द्र यादव, दोनो के पिता स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | महेन्द्र यादव | गणेश यादव |
| 185 | 7 | 198 | रैयती भूमि पर | पीसीसी आंगन ढलाई 24'×6' | महेन्द्र यादव पिता–स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | नीज | विपिन यादव |
| 186 | 108 | 197 | रैयती भूमि पर | चहार दीवारी 8'×10''×10' | महेन्द्र यादव पिता– स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | श्रवण यादव | नीज |
| 187 | 108 | 197 | रैयती भूमि पर | चहारदीवारी 10'×10''×6' | श्रवण यादव, भागवत यादव दोनो के पिता स्व0 देवा यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | दुबराज यादव | महेन्द्र यादव |
| 188 | 108 | 197 | रैयती भूमि पर | मिट्टी घर 33'×3'×20' | दूबराज यादव पिता– स्व0 प्रभु यादवग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | रिंकु यादव | श्रवण यादव |
| 189 | 35 | 196 | रैयती भूमि पर | मिट्टी घर 16'×3'×20' | मसो0 विसनी देवी पति– स्व0 खिरोधर यादव, फूलमतिया देवी पति– स्व0 दीलू यादव | नीज | रास्ता | फुलमतिया देवी | दुबराज यादव |
| 190 | 35 | 196 | रैयती भूमि पर | मिट्टी घर 16'×3'×20' | मसो0 फुलवा देवी पति–स्व0 करमा भुईयां ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | करम भुईयां | विसनी देवी |
| 191 | 53 | 191 | रैयती भूमि पर | पक्का मकान 12'×3'×10' दुर्गा महारानी मंडप 15'×5'×10' | काली साव पिता– स्व0 रामचरण साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | चुरामन साव | रामलाल साव |
| 192 | 67 | 189 | रैयती भूमि पर | चहार दिवारी 20'×10''×4' दुर्गा महारानी मण्डप 15'×5''×10' | घनश्याम साव पिता– स्व0 चुरामन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | महावीर साव | काली साव |
| 193 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | चहार दिवारी 140'×10''×6' | सुभाष प्र0 चौरसिया, शम्भू बरई, गौतम चौरसिया, उत्तम चौरसिया, मनोज कुमार कान्त पांचो के पिता स्व0 लाल बिहारी बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सुनिल चौरसिया | नीज |
| 194 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | चहार दिवारी 15'×10''×10' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | सुभाष चौरसिया |
| 195 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | खपरैल घर 30'×15'×10' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 196 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | चहार दिवारी 17'×15''×10' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 197 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | ईट मकान पक्का ढलाई 30'×08'×15' लोहा गेट 7'×3 1/2' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 198 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | ईट खपरैल घर 8'×6'×7' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 199 | 18 | 288 | रैयती भूमि पर | चहार दीवारी 16'×5'×8' लोहा गेट 6'×5' | मसो0 जानकी देवी पति– स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सुभाष बरई | नीज |
| 200 | 97 | 184 | रैयती भूमि पर | चहार दीवारी 37'×10''×7' आंगन पीसीसी ढलाई 37'×8' | जितेन्द्र महतो पिता–स्व0 प्रभु महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मुकेश यादव | रविन्द्र यादव |
| 201 | 30 | 286 | रैयती भूमि पर | लोहा एस्बेस्टस शीट बरामदा 25'×2'×8' | शिवशंकर बरई पिता– स्व0 डढ़न बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | अनंत बरई | किशोरी चौरसिया |

(क्रम सं0–151 से 201 तक)

लगातार प्रकाशित ..........................

उपायुक्त, चतरा

PR 328324 Land Reforms(24-25)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रिफ न्यूज

### भारत ने पाक से भारतीय कैदियों की रिहाई में तेजी लाने को कहा



**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तान की हिरासत से मछुआरों और उनकी नावों सहित नागरिक कैदियों व लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया। दोनों देशों ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की हिरासत में नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से 185 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने को कहा गया है। इन लोगों की सजा पूरी हो गई है। भारत ने अपनी हिरासत में पाकिस्तान के 366 नागरिक कैदियों और 86 मछुआरों के नाम शेयर किए। इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में भारत के 43 नागरिक कैदियों और 211 मछुआरों के नाम बताए।

### हमास ने जारी किया विस्फोटक तैयार करते सदस्यों का वीडियो

**गाजा।** इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उसके सदस्य गाजा पट्टी के शहरों में घुसने वाले इजरायली सैन्य वाहनों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए विस्फोटक डिवाइस तैयार करते दिख रहे हैं। चालीस सेकंड के इस वीडियो में समूह के सदस्य डिवाइस को पेंट करते और उन्हें पोर्टेबल बैग में रखते हुए दिख रहे हैं। ये बैग काले कपड़े से ढके हुए हैं जिस पर लिखा हैः “जो मेरी मौत चाहता है, वह मृगतृष्णा ... और (ऑपरेशन) अल-अक्सा फ्लड का पीछा कर रहा है”। अल-क़स्साम ने पिछले अक्टूबर से गाजा में इजरायली सेना के साथ चल रहे युद्ध के दौरान पहली बार “फिदायीन ऑपरेशन” डिवाइस के इस्तेमाल की घोषणा की है।

### उत्तर कोरिया ने द. कोरिया में दागे दो बैलिस्टिक मिसाइल



**सोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को पूर्व की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि दक्षिण ह्वांगहे प्रांत के जंगयोन क्षेत्र से सोमवार सुबह करीब 5:05 बजे उत्तर-पूर्वी दिशा में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इसके तुरंत बाद सुबह करीब 5:15 बजे एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। पहली मिसाइल छोटी दूरी क्र थी।

# हिंदू समाज को हिंसक बताने पर भड़के शाह, राहुल मांगें माफी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत की बातें करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि करोड़ों लोग अपने आपको गर्व से हिंदू कहते हैं।

हिंसा की भावना को धर्म के साथ जोड़ना गलत है और राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के भाषण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन पर अग्निवीर योजना को लेकर और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एमएसपी को लेकर सदन में गलत बयानी का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान बीच-बीच में कई बार खड़े होकर सदन में झूठ और गलत बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है। अमित शाह ने राहुल गांधी से सदन, अग्निवीरों, हिंदू समाज और देश से माफी मांगने की मांग की। राहुल गांधी के भाषण के दौरान सदन में कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक भी देखने को मिली। राहुल गांधी के भाषण के समाप्त होने के बाद एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खड़े होकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से यह मांग की कि वह नियमों के मुताबिक राहुल गांधी से अपने भाषण को सत्यापित करने को कहें क्योंकि कई मंत्रियों ने कहा है कि राहुल गांधी के भाषण में सही तथ्य नहीं हैं। स्पीकर ने राहुल गांधी को अपने भाषण को सत्यापित करने का निर्देश भी दिया।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान बीच-बीच में कई बार खड़े होकर सदन में झूठ और गलत बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है।*

### हिंदुओं के देश में इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य : महंत राजू दास



**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से ‘हिंदू’ को लेकर दिये गए बयान के बाद संत समाज ने बड़ा हमला बोला है। अयोध्या हनुमान गढ़ी के पुजारी महंत राजू दास ने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक कहा, हम उसकी निंदा और घोर विरोध करते हैं। उनका बयान दुखद और हिंदू समाज को आहत करने वाला है। राहुल गांधी अगर हिंदू समाज के लोगों के साथ उठते, बैठते और संवाद करते तो वो सनातन धर्म के बारे में जानते। लेकिन वो तो उनके साथ नहीं बैठते, तभी तो वो हिंदू समाज को हिंसक कह रहे हैं। राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हिंदू नेताओं से निवेदन करता हूं कि अगर वो अपने आप को हिंदू मानते हैं तो राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करें। विपक्ष के हिंदू सांसद सदन से मांग करें कि जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांग लेते, तब तक उन्हें बोलने की अनुमति न दी जाए। लोकतंत्र के मंदिर में हिंदुओं और बहुसंख्यकों के देश में इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। वहीं काशी के संतों ने राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान का विरोध किया है।

### राहुल के बयान पर प्रियंका वाड्रा बचाव में आईं



**नई दिल्ली।** संसद में हिन्दुओं पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनका बचाव करते नजर आईं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मेरा भाई हिन्दुओं का अपमान नहीं कर सकते। यह बात उन्होंने भाजपा और उसके नेताओं के बारे में साफ तौर पर कही है।

## संघ पर खरगे की टिप्पणी नड्डा, सभापति ने जताई आपत्ति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा में आरएसएस के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं, जिस पर सभापति जगदीप धनखड़ और सदन के नेता जेपी नड्डा ने आपत्ति जताई। कांग्रेस नेता ने अग्निपथ योजना समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि किसान का बेटा फौज में भर्ती होता है। इसके जवाब में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज किसान का बेटा वैज्ञानिक है, उद्योगपति है, उद्यमी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार कैसी होगी, इसका पिछले एक महीने से अंदाजा लग रहा है। नीट पेपर लीक, यूजीसी नेट पेपर लीक, नीट पीजी परीक्षा रद्द, सीएसआईआर नेट रद्द, भीषण रेल दुर्घटना, जम्मू-कश्मीर में तीन बड़े आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी लीक, देश में तीन हवाई अड्डों की छत टूटी, बिहार में पांच पुल टूटे, टोल टैक्स में बढ़ोतरी, रुपए में ऐतिहासिक गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो बच्चे आगे पढ़ाई नहीं करेंगे।

देश में सात साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। यदि डिग्री को इज्जत देनी है तो ऐसे घपले-घोटाले बंद होने चाहिए। नहीं तो पूरी दुनिया में हमारी शिक्षा प्रणाली खतरे में पड़ जाएगी। लोग हर एक डिग्री को संदेह की नजर से देखेंगे। उन्होंने शिक्षण प्रणाली में आरएसएस के लोगों के ऊंचे पदों पर होने का मुद्दा उठाया जिसे सभापति ने सदन की कार्यवाही से हटा दिया। सभापति ने कहा, क्या किसी संस्था का हिस्सा होना अपराध है? आप कह रहे हैं कि एक संस्था ने कब्जा कर लिया, जो बिल्कुल गलत है। आरएसएस को लेकर सभापति ने कहा कि यह एक संस्था है, राष्ट्र का कार्य कर रही है, राष्ट्रीय हित में कार्य कर रही है। देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके लोग इसके लिए योगदान दे रहे हैं।



**70 पेपर लीक हुए हैं देश में सात साल में, यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। यदि डिग्री को इज्जत देनी है तो ऐसे घपले-घोटाले बंद होने चाहिए।**

### लोकसभा में विपक्ष पर बरसी बांसुरी स्वराज

## इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस व पानी संकट पर ‘आप’ को घेरा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अपनी बातें रखी। यह लोकसभा में उनका पहला भाषण था। इस दौरान बांसुरी स्वराज ने इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। वहीं, जल संकट को लेकर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी निशाना साधा। बांसुरी स्वराज के भाषण में अपनी मां सुषमा स्वराज की झलक देखने को मिली। उन्होंने सदन में सुषमा स्वराज की तरह ही दमदार अंदाज में अपनी बात रखी। बांसुरी स्वराज ने कहा कि एक दशक में यह पहली सरकार है जिसकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है।

### नए कानूनों को न दें राजनीतिक रंग : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के इन आरोपों को कि तीनों नए आपराधिक कानून बिना चर्चा के पारित कर दिए गये, इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि इन्हें राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है। संसदीय शोध में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने आज नए आपराधिक कानूनों पर पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि करीब चार साल के विमर्श के बाद कानून लाया गया है और संसद की गृह मामलों की समिति में इस पर विस्तार से विचार किया गया।

## चंद्रबाबू ने शुरू किया एनटीआर भरोसा सामाजिक सुरक्षा पेंशन

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को एनटीआर भरोसा पेंशन योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नायडू ने सोमवार सुबह आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के मंगलगिरी निर्वाचन क्षेत्र के पेनुमाका गांव में कुछ घरों का दौरा किया और लाभार्थियों को अपने हाथों से पेंशन सौंपी। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना।

गौरतलब है कि टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने अपने चुनावी घोषणापत्र के तहत अपने चुनाव अभियान के दौरान वृद्धावस्था पेंशन को मौजूदा 3000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये करने का वादा किया था। अपने घोषणापत्र के वादे का सम्मान करते हुए, चंद्रबाबू नायडू ने वृद्ध लोगों के लिए पेंशन को 3000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए 3000 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए 5000 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये कर दिया है।

**लाभार्थियों को सौंपा चेक**



## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** कॉस्मेटोलॉजी एक रोचक पढ़ाई का क्षेत्र है, जो सौंदर्य, फैशन के शौकीन व्यक्तियों के लिए करियर के व्यापक अवसर देता है. एक कॉस्मेटोलॉजिस्ट के रूप में, आप विभिन्न क्षेत्रों जैसे हेयरस्टाइलिंग, त्वचा की देखभाल, मेकअप, नाखून की देखभाल और बहुत कुछ में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। ब्यूटिशियन सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, कॉस्मेटोलॉजी उद्योग तेजी से विकास हो रहा है. जिसमें इच्छुक पेशेवरों के लिए एक बेहतर कैरियर दे रहा है. कॉस्मेटोलॉजी में करियर बनाने के लिए, आप कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा, डिग्री प्रोग्राम करके किसी ब्यूटी स्कूल या कॉलेज में नामांकन ले सकते हैं. कॉस्मेटोलॉजी आपको अपनी रचनात्मकता करने और अपनी कलात्मक दृष्टि को जीवन में ला सकते है. चाहे वह एक शानदार हेयर स्टाइल बनाना हो, एक सुंदर नेल आर्ट डिज़ाइन करना हो. कॉस्मेटोलॉजी उद्योग सैलून और स्पा में काम करने से लेकर फ्रीलांसिंग, शिक्षण या यहां तक कि अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने तक विभिन्न कैरियर का रास्ता देताह...

# कॉस्मेटोलॉजी में बना सकते है अपना करियर



### करियर
- सैलून या स्पा मैनेजर
- वेडिंग और इवेंट स्टाइलिस्ट
- हेयर स्टाइलिस्ट
- ब्यूटीशियन
- नेल टेक्निशियन
- मेकअप आर्टिस्ट
- एस्थेटिशियन
- कोस्टमे

### कॉस्मेटोलॉजी में होती होने वाले कोर्स



- **सर्टिफिकेट प्रोग्रामः** सर्टिफिकेट प्रोग्राम मुख्य रूप से ट्रेनिंग और अनुभव के बारे में हैं. इनकी अवधि 2 से 6 महीने होती है.
- **डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स :** डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स में छात्रों को कॉस्मेटोलॉजी के विभिन्न महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट्स सिखाते हैं. इसकी अवधि 1-2 साल होती है
- **बैचलर्स कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेजः** ये विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के सभी महत्वपूर्ण टूल्स और तकनीक के बारे में जानना चाहते हैं। इन कॉस्मेटोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है।
- **मास्टर कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज :** ये उन छात्रों के लिए हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के एडवांस कंसेप्ट्स में महारत हासिल करना चाहते हैं। इन कोर्स की अवधि 3 वर्ष है।

### कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज के लिए संस्थान
- राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय
- दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च
- मद्रास विश्वविद्यालय
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- लंदन स्कूल ऑफ ट्रेंड्स
- आईएसएएस इंटरनेशनल ब्यूटी स्कूल
- कमला नेहरू महाविद्यालय
- संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय
- ओरेन ब्यूटी इंस्टीट्यूट
- हेज़ल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड वेलनेस
- इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एस्थेटिक्स एंड स्पा
- पंजाब विश्वविद्यालय
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
- मद्रास विश्वविद्यालय
- हेजल इटरनेशनेल इंस्टिट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड वेलनेस
- संदीप विश्वविद्यालय
- पर्ल एकेडमी
- जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी एकेडमी
- एलटीए स्कूल ऑफ ब्यूटी

### कौन होता है कॉस्मेटोलॉजीस्ट
- पेशेवर मेकअप
- हेयर स्टाइलिंग, कलरिंग, स्ट्रेटनिंग और कटिंग
- त्वचा की देखभाल
- इत्र और अरोमाथेरेपी
- आयुर्वेदिक कॉस्मेटोलॉजी
- सौंदर्य संस्कृति
- बालों को हटाना (लेजर और अन्य तरीके)
- मैनीक्योर पेडीक्योर
- हेयर ट्रांसप्लांट
- सौन्दर्य उपचार

